3 **बस्तर संभाग**
नक्सलगढ़ की आड़ पर सिंचाई के नाम पर करोड़ों की...

6 **अभिमत**
पुतिन के लिए सिरदर्द बनी चीन से दोस्ती

10 **संस्कारधानी**
28 सौ मीट्रिक टन डीएपी की खेप आई, सोसाइटियों में...

11 **खेल**
हॉकी और बैडमिंटन में भारत की जीत लवलीना पहुंची...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 28 जुलाई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 337 मूल्य 3.00 ₹

# आखिर सिंहदेव का सब्र टूट ही गया, भावुक होकर कहा जब तक शासन की ओर से स्पष्ट जबाब नहीं आ जाता, मैं इस पवित्र सदन में रहना उचित नहीं समझता

■ **रुंधे गले से अपना वक्तव्य रखकर सिंहदेव ने छोड़ा सदन, दिन भर चला राजनीतिक ड्रामा**

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




मंगलवार को जैसे ही छत्तीसगढ़ विधानसभा का प्रश्नकाल समाप्त हुआ। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बृहस्पति सिंह मामले को लेकर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को शासन का पक्ष रखने कहा, गृहमंत्री के वक्तव्य से विपक्ष असंतुष्ट होकर दोनों पक्षों टीएस सिंहदेव तथा बृहस्पति सिंह को सुनने तथा विधानसभा समिति से मामले की जांच कराने की मांग पर अड़ा रहा। मामले को लेकर खूब शोर-शराबा होते रहा। घटना दिन के बाद से लगातार खामोश बैठे टीएस सिंहदेव के सब्र का बांध अचानक टूट पड़ा, वे अपने सीट से उठ खड़े हुए, उन्होंने कहा बस अब बहुत हो गया मैं भी इन्सान हूं। रुंधे गले से सिंहदेव ने भरी सभा में कहा मेरे चरित्र के बारे में सभी जानते हैं मेरे माता-पिता ने क्या काम किया सब ये भी जानते हैं। उन्होनें कहा मैं नहीं समझता जब तक शासन की ओर से इस विषय पर स्पष्ट जबाब न आ जाए मैं इस पवित्र सदन में रहना उचित नहीं समझता। इतना कहकर सिंहदेव विधानसभा की कार्यवाही छोड़कर बाहर निकल पड़े। सिंहदेव के बाहर निकलते ही मीडिया ने उन्हें घेर लिया, पत्रकार लगातार सवाल करते रहे लेकिन सिंहदेव खड़े रहे उन्होनें वाकया के बारे में एक लब्ज तक नहीं कहा, सिंहदेव के बाहर निकलते ही स्कूल शिक्षा मंत्री टेकाम ने उन्हें मनाने की कोशिश की लेकिन सिंहदेव की नाराजगी अब सार्वजनिक हो चुकी है। वे किसी भी हाल में इस मामले को लेकर समझौते के मूड में नहीं दिख रहे। सिंहदेव सीधा अपने वाहन पर बैठे और चले गये। विधानसभा से उनके साथ एकमात्र विधायक शैलेष पाण्डे कार में दिखे।

## क्या है मामला

पिछले दिनों रामानुजगंज से कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह ने मीडिया को इकठ्ठा कर अपने ही पार्टी के कद्दावर नेता प्रदेश के स्वास्थ्य एवं पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव पर कई गंभीर अरोप लगाये। बृहस्पति सिंह ने मीडिया को बुलाकार कैमरे के सामने सिंहदेव पर आरोप लगाते हुए कहा- महाराजा टीएस सिंहदेव उनकी हत्या कराकर मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। यदि उनकी हत्या कराकर वे मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो उन्हे ये पद मुबारक हो। मीडिया में सार्वजनिक तौर पर आरोप लगने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया।

## गृहमंत्री सोये रहते हैं : कौशिक



नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा गृहमंत्री सोये रहते हैं और दूसरे दिन उठकर आकर सदन में वक्त व्य देते हैं। इस विधानसभा में इससे ओछी हरकत दूसरी नहीं हो सकती कि विधायक मंत्री पर हत्या का आरोप लगा दे। गृहमंत्री के वक्त व्य पर यदि आसंदी सहमत है तो हमें कोई प्रतिक्रिया नहीं देनी है।

## सदन नोटीफाई हो चुका है एक विधायक एक मंत्री पर सार्वजनिक तौर पर हत्या का आरोप लगा रहे है, मामला बेहद गम्भीर : चंद्राकर





पूर्व मंत्री कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर ने कहा सरगुजा के किसी चौक में घटी घटना की बात हम नहीं कर रहे थे। सदन नोटिफाई हो चुका है और एक विधायक एक मंत्री पर हत्या किये जाने का आरोप लगा रहे हैं ये गम्भीर है। ये कांसिपीरेंसी सामने आनी चाहिये। तो वही भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा बृहस्पति सिंह यदि सही कह रहे हैं तो मंत्री सिंहदेव पर कार्रवाई होनी चाहिये, यदि मंत्री सिंहदेव सही कह रहे हैं तो बृहस्पति सिंह पर कार्रवाई होनी चाहिये।

## गृहमंत्री सिर्फ पीएसओ के झगड़े का जिक्र अपने वक्तव्य में कर रहे, लेकिन बृहस्पति सिंह ने कहा मुख्यमंत्री बनने के लिये सिंहदेव हत्या कराना चाहते है : धरमजीत सिंह



छजकां के वरिष्ठ विधायक धरमजीत सिंह ने कहा बृहस्पति सिंह ने अपने बयान में कहा है कि मुख्यमंत्री बनने के लिए सिंहदेव हत्या कराना चाहते हैं। उन्होनें अपनी बात मीडिया के समक्ष सार्वजनिक तौर पर कही है, ये यक्ष प्रश्न है जो अभी भी खड़ा हुआ है। गृहमंत्री सिर्फ पीएसओ के झगड़े का जिक्र अपने वक्त व्य में कर रहे हैं। हत्या किये जाने के बृहस्पति सिंह के आरोप पर सदन में जवाब आना चाहिए।

## कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया के छत्तीसगढ़ आगमन के दौरान ही क्यों बढती है राजनीतिक हलचल?



इस घटना के दौरान पीएल पुनिया समेत एआईसीसी के तीन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ में मौजूद रहे उसके बाद भी इतनी बड़ी राजनीतिक घटना कैसे हो गई इस पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। बृहस्पति सिंह जब मीडिया में सार्वजनिक तौर पर मंत्री टीएस सिंहदेव पर गंभीर आरोप लगा रहे थे तब उनके साथ कांग्रेस के दर्जनों विधायक मौजूद थे। लेकिन घटना की खबर सभी को मीडिया के माध्यम से मिली यह बड़ा आश्चर्य का विषय है। विधायकों की जुटने की खबर न तो संगठन के बड़े नेताओं को मिली न ही प्रभारी पीएल पुनिया को। वहीं सोमवार को इस मामले को सुलझाने पीएल पुनिया विधानसभा पहुंचे वहां काफी देर तक नेताओं से उन्होंने चर्चा की। निकलते समय मीडिया के समक्ष उन्होनें कहा कि विवाद सुलझ गया है। लेकिन आज के घटनाक्रम ने पूर मामले को ही पलट कर रख दिया है।

### तकरीबन एक से दो घंटे बाद सिंहदेव फिर लौटे विधानसभा



विधानसभा सत्र के दौरान सदन छोड़कर चले जाने के बाद तकरीबन एक से दो घंटे बाद टीएस सिंहदेव फिर विधानसभा लौटे। परिसर स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में सीएम भूपेश तथा सभी मंत्रियों के साथ घंटों चर्चा चली। लेकिन निकलने के बाद टीएस सिंहदेव ने मीडिया के सवाल पर कहा मामला अभी भविष्य के गर्भ में है। जो भी जवाब देना होगा मुख्यमंत्री जी देंगे। इससे कयास लगाए जा रहे है कि टीएस सिंहदेव की नाराजगी अभी भी दूर नहीं हुई है। घटना की जानकारी आलाकमान तक पहुंचने की खबर है।



### बृहस्पति सिंह को शोकाज नोटिस जारी

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया ने कहा कि कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह को कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा उनसे जवाब मांगा जाएगा। पुनिया ने एक बार फिर दावा किया है कि कल तक इस मामले का समाधान हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने बुलाई मंत्री परिषद की बैठक

फिलहाल विवाद का मामला थमते नजर नहीं आ रहा है। बृहस्पति सिंह तथा सिंहदेव विवाद को लेकर सियासी दंगल चालू है। संहदेव की नाराजगी अब सार्वजनिक होने पर बैठकों का दौर लगातार चालू है। विधानसभा के बाद एक बार फिर मुख्यमंत्री निवास पर बैठक पर चर्चा की जा रही है।

# विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



पेगासस जासूसी मामला, महँगाई और किसानों के मुद्दों पर विपक्षी दलों के हँगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही आज पूरे दिन बाधित रही और नौ बार के स्थगन के बाद अंततः कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। कम से कम हाल के कुछ वर्षों में एक ही दिन में सदन की कार्यवाही इतनी बार स्थगित नहीं हुई थी। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, वामदल, आम आदमी पार्टी, शिरोमणी अकाली दल, राष्ट्वादी कांग्रेस पार्टी समेत कई विपक्षी दल पेगासस जासूसी, किसानों और पिछले साल संसद से पारित कृषि कानूनों तथा महँगाई को लेकर मानसून सत्र के पहले दिन से ही सदन में हँगामा कर रहे हैं। नौ बार के स्थगन के बाद शाम 4.30 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य एक बार फिर हँगामा करने लगे। वे अपनी माँगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुये, हाथों में तख्तियाँ लिये अध्यक्ष के आसान के समीप आ गये। पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने शोर-शराबे के बीच ही जनता दल यूनाइटेड की कविता सिंह और तेलुगुदेशम् पार्टी के जयदेव गल्ला को नियम 377 के तहत उनकी बात रखने का मौका दिया। श्री अग्रवाल ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से उनकी सीटों पर वापस जाने की अपील की और कहा कि वे दूसरे सदस्यों को उनकी बात कहने दें। उन्होंने विपक्षी सदस्यों को बार-बार समझाने की कोशिश की, लेकिन उनकी अपील का जब कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। मानसून सत्र के दौरान विपक्षी सदस्यों के लगातार हँगामे के कारण अब तक एक दिन भी सदन में सही से कामकाज नहीं हो सका है।

## राज्यसभा में हंगामा, कार्यवाही स्थगित

विपक्षी दलों के सदस्यों का पेगासस जासूसी मामला, किसान आंदोलन और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर मंगलवार को भी राज्यसभा में जोरदार हंगामा जारी रहा जिसके कारण सदन की कार्यवाही चार स्थगन के बाद दिनभर के लिये स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले भी विपक्षी कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों के शोर शराबे के कारण सदन की कार्यवाही पहले बारह बजे तक, दो बजे तक, तीन बजे तक और चार बजे तक स्थगित करनी पड़ी थी। इसके कारण शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो सका। हालांकि भारी हंगामें के बीच सदन ने नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता विधेयक 2021 ध्वनि मत से पारित किया और किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन विधेयक , 2021 पेश हुआ। पीठासीन अधिकारी सुमित पात्रा ने 4:00 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू करने का प्रयास किया तो विपक्ष के सदस्य नारे लगाते हुए आसन के समक्ष आ गए। श्री पात्रा ने महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी को किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन विधेयक , 2021 पेश करने को कहा।

# पेगासस मामले की जांच के लिए पत्रकारों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पत्रकार एन राम और शशि कुमार ने पेगासस जासूसी कांड की स्वतंत्र जांच कराने की उच्चतम न्यायालय से गुहार लगायी है। श्री राम, श्री कुमार और कुछ अन्य पत्रकारों ने न्यायालय से पेगासस मामले की वर्तमान न्यायाधीश या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि विपक्ष के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं,पत्रकारों और न्यायाधीश सहित बड़ी संख्या में प्रमुख हस्तियों की जासूसी की गयी है। इस संबंध में दायर याचिका में कहा गया है कि एमनेस्टी इंटरनेशनल की सुरक्षा प्रयोगशाला में पीड़ितों के अनेक मोबाइल फोन के फोरेंसिक विश्लेषण में पेगासस की ओर से जासूसी किये जाने की पुष्टि की गयी है। इस मामले की जांच के लिए यह तीसरी याचिका दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि सैन्य-ग्रेड के स्पाईवेयर के माध्यम से की गयी इस जासूसी से स्वतंत्र संस्थाओं पर हमला किया गया है। यह हमारी महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक बुनियाद को अस्थिर करने का प्रयास है। इससे अनेक मौलिक अधिकारों को बौना किया गया है। याचिका में मांग की गयी है कि वह केन्द्र सरकार को निर्देश दे कि वह यह खुलासा करें कि क्या सरकार या उसकी कोई अन्य एजेंसी ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पेगासस से लाइसेंस लिया था और इसके स्पाईवेयर का जासूसी का किसी भी तरीके से इस्तेमाल किया गया है। याचिका में कहा गया है जासूसी या फोन टेपिंग सिर्फ जनता की सुरक्षा और जन हित से जुड़े मसलों को लेकर आपात स्थिति में ही न्यायोचित ठहरायी जा सकती है। वर्तमान जासूसी मामले में इस तरह की कोई अनिवार्य स्थिति की जानकारी नहीं है। इस तरह की जासूसी पूरी तरह से गैर कानूनी है।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन को 3-0 से हराया





एजेंसी ‹ टोक्यो
www.dailypioneer.com

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों शर्मनाक हार के बाद यहां मंगलवार को ग्रुप ए मैच में स्पेन को 3-0 से हराकर अपनी जीत का फॉर्म फिर से हासिल किया। भारत की तरफ से रुपिंदर पाल सिंह ने 15वें और 51वें, जबकि सिमरनजीत सिंह ने 14वें मिनट में गोल किया। इनमें से एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक से आया। वहीं अनुभवी भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भारत के ओलंपिक अभियान को पटरी पर लाने के लिए अच्छा बचाव किया और एक भी मौके को गोल में बदलने नहीं दिया। उल्लेखनीय है कि पूल ए में भारत की तीन मैचों में यह दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से 1-7 से हारने से पहले शनिवार को न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था। भारत अब छह टीमों के समूह में दूसरे स्थान पर है। समूह की शीर्ष चार टीमें नॉकआउट चरण में जाएंगी। इस मैच में अमित रोहिदास ने अपने 100 अंतर्राष्टीय मैच और उपकप्तान बीरेंद्र लाकड़ा ने अपने 200 अंतर्राष्टीय मैच पूरे किये जिसके लिए हॉकी इंडिया ने दोनों खिलाड़ियों को अपनी बधाई दी है।

**कश्मीर विश्वविद्यालय (केयू) के 19वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए राष्ट्रपति**

# कश्मीरियत ने सहिष्णुता को प्रोत्साहित किया: राष्ट्रपति कोविंद

एजेंसी ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



राष्टपति राम नाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर की भूमि पर आने वाले लगभग सभी धर्मों ने कश्मीरियत की एक अनूठी विशेषता को अपनाया जिसने रुढ़िवाद को त्याग दिया और समुदायों के बीच सहिष्णुता तथा आपसी स्वीकृति को प्रोत्साहित किया। श्री कोविंद ने यहां कश्मीर विश्वविद्यालय (केयू) के 19वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मैं इस सपने को साकार करने के लिए जम्मू-कश्मीर की युवा पीढ़ी पर पूरी तरह से भरोसा कर रहा हूं, मुझे यकीन है कि ये जल्द से जल्द पूरा होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जम्मू-कश्मीर भारत के ताज के गौरव के रूप में अपना सही स्थान हासिल करने के लिए तैयार है। राष्टपति ने कहा कि कश्मीर के योगदान का उल्लेख किए बिना भारतीय दर्शन का इतिहास लिखना असंभव है। ऋग्वेद की सबसे पुरानी पांडुलिपियों में से एक कश्मीर में लिखी गई थी। यह दर्शन शास्त्र के समृद्ध होने के लिए सबसे अनुकूल क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि मैं इस अवसर पर कश्मीर की युवा पीढ़ी से उनकी समृद्ध विरासत से सीखने का आग्रह करता हूं। उनके पास यह जानने का हर कारण है कि कश्मीर हमेशा शेष भारत के लिए आशा की किरण रहा है। इसका आध्यात्मिक और सांस्कृतिक प्रभाव पूरे भारत पर था। श्री कोविंद ने कहा कि यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की इस उत्कृष्ट परंपरा को तोड़ दिया गया। हिंसा, जो कभी 'कश्मीरियत' का हिस्सा नहीं थी, एक दैनिक वास्तविकता बन गई। यह कश्मीरी संस्कृति के लिए अलग है, और इसे केवल एक विचलन कहा जा सकता है। एक अस्थायी एक, बहुत कुछ एक वायरस की तरह जो शरीर पर हमला करता है और इसे शुद्ध करने की आवश्यकता होती है। अब इस भूमि की खोई हुई महिमा को वापस पाने के लिए एक नयी शुरुआत और दृढ़ प्रयास किया जा रहा है।


## आजादी के अमृत महोत्सव में सबकी भागीदारी हो : मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों का आह्वान किया कि वे देश की आज़ादी के अमृत महोत्सव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करें तथा अगले 25 साल में देश में विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रतिमान स्थापित करने के लिए जनता की राय जानें। संसद के मानसून सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह आह्वान किया। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बैठक की जानकारी देते बताया कि श्री मोदी ने अगले वर्ष 15 अगस्त को आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर अमृत महोत्सव में सांसदों की भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि लोगों ने हमें एक मौका दिया है कि हम जनसेवा के माध्यम से देशसेवा का अनुभव ले सकें। सांसदों को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर व्यक्ति इससे जुड़े और कोई छूटे नहीं। श्री मेघवाल के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में हमारा देश आज़ादी के सौ वर्ष पूर्ण करेगा। हमें सभी लोगों के ऐसे विचारों को संकलित करना होगा कि हम किस प्रकार से विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रतिमान स्थापित करें और 25 साल की कार्ययोजना तैयार करें। बाद में सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने संसद में विपक्ष द्वारा किये जा रहे हंगामे पर रोष जाहिर किया और सांसदों का आह्वान किया कि विपक्ष की इस मानसिकता को जनता के सामने उजागर करना जरूरी है कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष सदन का चलने नहीं दे रहा है।

# केंद्र सरकार की दो टूक- नहीं छिपाया कोरोना से होने वाली मौत का आंकड़ा, पारदर्शी तरीका अपनाया

एजेंसी ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार ने मंगलवार को एक रिपोर्ट का जवाब दिया, जिसमें दावा किया गया था कि भारत में अब तक कोरोनो वायरस बीमारी (कोविड -19) के कारण कम से कम 27 से 33 लाख लोगों की मौत हुई है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार अपने दृष्टिकोण में पारदर्शी रही है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, यह स्पष्ट किया जाता है कि केंद्र सरकार कोविड -19 डेटा प्रबंधन के अपने दृष्टिकोण में पारदर्शी रही है और कोविड -19 संबंधित सभी मौतों को रिकॉर्ड करने की एक मजबूत प्रणाली पहले से मौजूद है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निरंतर आधार पर डेटा अपडेट करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार ने उस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया जिसमें सात से आठ गुना अधिक मौतों का दावा किया गया था। बयान में आगे कहा गया है कि क़ानून आधारित नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) की मजबूती देश में सभी जन्म और मृत्यु को पंजीकृत करना सुनिश्चित करती है। सीआरएस डेटा संग्रह, डेटा का मिलान और संख्याओं को प्रकाशित करने की प्रक्रिया का अनुसरण करता है। हालांकि यह एक लंबी प्रक्रिया है, जो कि यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी मौत न छूटे। आपको बता दें कि जन्म और मौत से संबंधित संख्याएं आमतौर पर अगले वर्ष प्रकाशित की जाती हैं। विज्ञप्ति में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के भारत में कोविड -19 से संबंधित मौतों की उचित रिकॉर्डिंग के लिए मार्गदर्शन का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें कहा गया है कि पिछले मई में जारी किए गए घातक घटनाओं की संख्या में किसी भी भ्रम या असंगति से बचने के लिए जारी किया गया था। सरकार ने समझाया कि कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर के चरम के दौरान, अप्रैल और मई में, कोविड -19 मौतों की रिकॉर्डिंग में देरी संभव है, क्योंकि स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता वाले मामलों पर केंद्रित किया गया था। हालांकि, बाद में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा इनका समाधान किया गया।

# कांग्रेस विधायक पर हमला दुर्भाग्यपूर्ण लेकिन सिंहदेव का पक्ष लिए बिना किसी भी धारणा को स्थापित करना उचित नहीं : सुनिल सोनी

**सांसद सोनी ने मंत्री सिंहदेव के प्रदेश सरकार के वक्तव्य को नाकाफी बताते हुए सदन छोड़कर जाने को लोकतांत्रिक और संसदीय परंपरा के लिहाज़ से गंभीर माना**

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के संसद सदस्य सुनील सोनी ने मंगलवार को विधानसभा में कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह के आरोपों के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश सरकार के वक्तव्य को नाकाफ़ी बताते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के सदन छोड़कर जाने की घटना को संसदीय परंपरा और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिहाज़ से गंभीर विचारणीय विषय बताया है। सोनी ने कहा कि मंत्री सिंहदेव के कथन और सदन छोड़कर जाने पर प्रदेश सरकार गंभीर हो और मंत्री सिंहदेव पर विधायक सिंह के आरोपों पर सारी स्थिति स्पष्ट कर इस प्रकरण की सूक्ष्मता से जाँच कराए ताकि प्रदेश इस प्रकरण के तमाम पहलुओं से अवगत हो। मंगलवार को विधानसभा में प्रदेश सरकार के वक्तव्य पर मंत्री सिंहदेव का यह कथन अनदेखा-अनसुना नहीं किया जा सकता कि अब भी बहुत कुछ छिपाया जा रहा है।

भाजपा सांसद सोनी ने कहा कि भारतीय राजनीति का यह संभवतः पहला ऐसा प्रकरण होगा कि एक विधायक ने अपनी ही सरकार के मंत्री पर हत्या कराने का आरोप लगाया हो। इससे प्रदेश का सौहार्द्रपूर्ण लोकतांत्रिक राजनीतिक वातावरण पर प्रतिकूल असर होगा। प्रदेश कांग्रेस में सत्ता-संघर्ष से उपजे गैंगवार के हालात प्रदेश के राजनीतिक इतिहास का काला अध्याय है। प्रदेश की जनता कांग्रेस की अंतर्कलह में बेवज़ह पिस रही है। सोनी ने सवाल किया कि क्या अपनी सरकार की विफ्लताओं से लोगों का ध्यान भटकाने, विभिन्न मोर्चों पर आदिवासियों की नाराज़गी से बचने और ढाई-ढाई साल के फ़ार्मूले से पीछा छुड़ाने के लिए यह साजिश रची गई है? सोनी ने इस समूचे प्रकरण को खूनी सत्ता संघर्ष और सियासी साजिशों का कॉकटेल



बताते हुए कहा कि इस मामले का इस्तेमाल करके राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते राजनीतिक छवि को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश करके वर्षों पुराने रामअवतार जग्गी हत्याकांड की याद दिलाकर 'बहुत-से संदेश और संकेत' देने की कोशिश की जा रही है। प्रदेश सरकार को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या कांग्रेस विधायक सिंह का कथन ही इस घटना का पूरा सच है? या फिर, कथित तौर पर विधायक के काफ़िले को ओवरटेक करने को लेकर हुए विवाद का अपने प्रतिद्वंद्वी खेमे की छवि नेस्त-ओ-नाबूद करने के लिए साजिशान राजनीतिक इस्तेमाल किया जा रहा है?

भाजपा सांसद सोनी ने कहा कि कांग्रेस विधायक पर हमला होना दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक तो है ही, लेकिन इस मामले में मंत्री सिंहदेव का पक्ष लिए बिना किसी भी धारणा को स्थापित करना लोकतंत्र और संसदीय परंपरा के लिहाज़ से उचित नहीं है। यह भी देखा जाना ज़रूरी है कि प्रदेश में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया की मौजूदगी में इस विवाद को हवा देकर खूनी संघर्ष के तौर पर प्रचारित करने कोई और निहितार्थ तो नहीं हैं? घटना के तुरंत बाद आनन-फानन 18-20 विधायकों का बैठक करना और इस मसूचे मामले में विधायक सिंह द्वारा बार-बार प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव पर अपनी (स्वयं विधायक सिंह की) हत्या के प्रयास के आरोप को दुहराए जाने, इसे लेकर कांग्रेस आलाकमान तक जाने और मुख्यमंत्री बघेल द्वारा विधायक सिंह को कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व तक जाने के लिए परोक्ष तौर पर सहमति देने से यह आशंका भी बलवती होती है कि कहीं यह मुख्यमंत्री बघेल द्वारा प्रायोजित अभियान तो नहीं है? सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार में यह सत्ता-संघर्ष तो इस सरकार के सत्तारूढ़ होते ही चल रहा है। तो क्या कांग्रेस में ढाई-ढाई साल के फ़ार्मूले के जिन्न के जब-तब बोतल से बाहर आकर प्रदेश में नेतृत्व-परिवर्तन की चर्चाओं को हवा देने से विचलित प्रदेश सरकार और कांग्रेस का एक खेमा इस घटना की आड़ लेकर प्रतिद्वंद्वी खेमे को मात देने में लगा है?सोनी ने इस समूचे प्रकरण के तथ्य और सत्य को सामने रखने पर ज़ोर देकर कहा कि प्रदेश सरकार में मची खींचतान ने प्रदेश के राजनीतिक वातावरण को खूनी संघर्ष और साजिशों का पर्याय बना दिया है।

# क्वान्टीफायबल डाटा आयोग का कार्यालय सागौन बंगला परिसर रायपुर में प्रारंभ




■ इच्छुक व्यक्ति कार्यालयीन समय में अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या संबंधी जानकारी कार्यालय में दे सकते हैं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य की जनसंख्या में अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की गणना हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ क्वान्टीफायबल डाटा आयोग का गठन किया गया है। जिसका कार्यालय पी.डब्ल्यू.डी. चौक, सागौन बंगला परिसर, कटोरा तालाब, रायपुर में प्रारंभ हो चुका है। अन्य पिछड़े वर्ग की संख्या से संबंधित यदि कोई जानकारी देना चाहते हैं, तो कार्यालयीन समय में इस परिसर में आकर जानकारी प्रस्तुत कर सकते हैं।

डाटा आयोग के निर्देश पर चिप्स द्वारा वेब पोर्टल के माध्यम से डाटा एकत्रिकरण का कार्य किया जावेगा। इस हेतु अनुसूचित क्षेत्रों में दो पंचायत पर एक तथा मैदानी क्षेत्रों में चार पंचायत पर एक सुपरवाईजर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में चिप्स द्वारा सुपरवाईजरों के लिए प्रशिक्षण आज 27 जुलाई 2021 से प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण ऑनलाईन किया गया है। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ आयोग के अध्यक्ष सी.एल. पटेल, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश के द्वारा वर्चुअल रूप से किया गया। इस अवसर पर आयोग के सचिव बी.सी. साहू द्वारा आयोग के गठन एवं कार्यों की पृष्ठभूमि के संबंध में प्रशिक्षणार्थियों को संक्षिप्त रूप से बताया गया। प्रशिक्षणार्थियों को वेब पोर्टल का तकनीकी मार्गदर्शन चिप्स की कन्सलटेंट दिव्या किरण एवं उनके सहयोग साथियों के द्वारा दिया गया।

# छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में नवनियुक्त सदस्यों के आने से प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी : डॉ. नायक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के लिए 5 सदस्यों की नियुक्ति की गई थी, जिसमे से आयोग कार्यालय में 3 सदस्यों नीता विश्वकर्मा (सरगुजा), शशिकांता राठौर (जांजगीर-चांपा), अर्चना उपाध्याय (कोरबा) ने अपनी उपस्थिति दी।

इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए तीनों सदस्यों को आयोग कार्यालय के सदस्य के पद का कार्यभार सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री, भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिला आयोग में बहुत ही सशक्त



महिलाओं को सदस्य की जिम्मेदारी दी गयी है।आज के दिन आयोग में हमारी तीन नवनियुक्त सदस्यों ने अपना पदभार ग्रहण किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी मुख्यमंत्री जी के सपने के अनुरूप इस पूरे छत्तीसगढ़ में महिलाओं को न्याय देने, सशक्त करने तथा जागरूकता बढ़ाने की दिशा में मिलकर एक टीम की तरह कार्य करेंगे।

इस अवसर पर नवनियुक्त सदस्य शशिकांता राठौर ने सरकार के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के समक्ष पदभार ग्रहण की हूँ। महिला आयोग, महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के लिए बना हुआ है। पीड़ित महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए हम अध्यक्ष के दिशा निर्देश के अनुरूप सतत् कार्यरत रहेंगे।

नीता विश्वकर्मा ने इस अवसर पर सरकार द्वारा महिला आयोग की सदस्य नियुक्त करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।आज महिला आयोग के सदस्य के रूप में अध्यक्ष के समक्ष पदभार ग्रहण की हूँ, मैं अध्यक्ष के साथ मिलकर, उनका सहयोग कर मैं राज्य की महिलाओं के हित में न्याय दिलाने में निरंतर प्रयासरत रहूँगी।

# प्रत्येक भूखंड का विकास स्थानीय निवासियों के आवश्कता अनुरूप ही होगा : विकास उपाध्याय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

चौबे कालोनी स्थित, स्वामी रामानंद सरोवर (कर्बला तालाब) के सौंदर्यीकरण के लिए सुबह 8:10 बजे बैठक हुई। चौबे कॉलोनी के रहवासियों के साथ विधायक विकास उपाध्याय नेता विकास अग्रवाल वार्ड के पार्षद अमर बंसल भी रहे। इनकी उपस्थिति में कोलोनी के नागरिकों के साथ महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इन चर्चा के दौरान वार्ड पार्षद अमर बंसल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि निर्माणाधीन मॉल तालाब के बाजू तथा तालाब बीच में एक बड़ा धन भूखंड का भूखंड है। जिसका नक्शे के अनुसार निर्धारण होने पर जो सरकारी जमीन है। जिससे वहां स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, जिम की स्थापना की जा सकेगी।

विकास उपाध्याय जी ने भी अपनी बात कही इसी प्रकार रखते हुए विस्तारपूर्वक कुछ तथ्यों को सरलता से और सहजता से रखा ।



उपस्थित नागरिकों को विश्वास रखने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह किसी भी तरह की गलतफहमी ना रहे। इस संदर्भ में विधायक ने यह महत्वपूर्ण ढंग से अपनी बात रखते हुए आगे कहा कि किसी संस्थान को कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी की राशि डोनेट करने के कारण निर्माणाधीन मॉल को 1 इंच भी जमीन भी नहीं दी जाएगी।

## केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रायपुर के छात्र अनिमेष सिंह ठाकुर ने स्टेट लेवल वेटलिफ्टिंग में लाया रजत पदक

**रायपुर ।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रायपुर के छात्र अनिमेष सिंह ठाकुर ने 18वीं सीनियर छत्तीसगढ़ स्टेट वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2021 में भाग लेकर रजत पदक प्राप्त किया इस उपलब्धि पर केंद्रीय विद्यालय संगठन की उपायुक्त चंदना मंडल द्वारा स्पोर्ट्स किट एवं केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रायपुर की प्राचार्य प्रभा मिंज द्वारा मेडल तथा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर विद्यालय के खेल प्रशिक्षक संजय बिसेन व अन्य शिक्षकों सहित विद्यार्थियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।



## लोकवाणी में इस बार आदिवासी अंचलों की अपेक्षाएं और विकास पर होगी बात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी में इस बार आदिवासी अंचलों की अपेक्षाएं और विकास विषय पर बातचीत करेंगे। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 28, 29 एवं 30 जुलाई को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकॉर्ड करा सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 20वीं कड़ी का प्रसारण 8 अगस्त 2021 को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों, एफ एम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा ।

## नौ दिव्यांग जोड़ों को सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए दिए गए 6 लाख रूपए

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

दिव्यांग व्यक्तियों के विवाह प्रोत्साहन और उनके सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत मुंगेली जिले में विभाग ने नौ दिव्यांग दम्पतियों को 6 लाख रूपये की राशि प्रदान की गई। यह राशि दिव्यांग दम्पत्तियों को ऑनलाईन ट्रांसफर के माध्यम से प्रदान की गई है। योजना के तहत 40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्तता वाले दिव्यांग को विवाह के पश्चात प्रोत्साहन राशि दी जाती है। राज्य सरकार ने निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत निःशक्तजनों को विवाह पश्चात दी जाने वाली आर्थिक सहायता में वृद्धि कर दिव्यांग जोड़ों में दोनों के दिव्यांग होने पर उन्हें एकमुश्त एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया है। विवाहित जोड़े में से एक व्यक्ति के निःशक्त होने पर 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राज्य सरकार देती है।

इसके तहत मुंगेली जिले के तहसील लोरमी के ग्राम सरईपतेरा के अस्थि-बाधित अनिल कुमार साहू एवं रजनी साहू, ग्राम कोदवा मंहत के अस्थि-बाधित दुर्गेश कुमार एवं सुषमा जायसवाल और ग्राम केस्तरपुर के अस्थि-बाधित चन्द्रशेखर जांगडे एवं गंगा डहरिया को क्रमशः एक-एक लाख रूपये की राशि प्रदान की गई।

## राजधानी में एक दोस्त ने दूसरे दोस्त की गला दबाकर की हत्या

**रायपुर।** राजधानी के सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के कोटा मस्जिद रोड के पास हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई है। दोस्त ने दोस्त की गला दबाकर हत्या कर दी है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक का नाम मोनू था जो मैकेनिक का काम करता था।जानकारी के मुताबिक मृतक मोनू सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के कोटा के एक मकान में किराए पर रहता था। रात में मोनू के घर पर आरोपी अभय आया था। दोनों ने इस दौरान जमकर शराब भी पी थी, तभी दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि अभय ने मोनू की गला दबाकर हत्या कर दी।

# जीके जेसीबी ने जेसीबी के सीईवी-4 के कंपलीट रेंज का किया एक साथ 5 जगहों पर लांच

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्राहकों की सेवा में सदैव समर्पित रहने वाले जेसीबी के विश्वसनीय संस्थान जीके जेसीबी ने आज अपने 19 संस्थानों में से 5 संस्थान रायपुर, नागपुर, भिलाई, चंद्रपुर, जगदलपुर पर एक साथ जेसीबी सीईवी-4 कंपलीट रेंज का लांचिंग किया। जेसीबी का यह नया मशीन उन्नत तकनीक से परिपूर्ण है। यह वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए और समय की बचत के साथ भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपडेट कर बनाया गया है। जेसीबी का यह अपडेटेड मॉडल है जो सीईवी-3 से अधिक आधुनिक



व उन्नत है। इसमें ईंधन की बचत होगी साथ ही पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा। इसका ईको मैक्स 4.4 लीटर की कैपिसिटी का है और 400 एनएम टॉर्क के साथ बेस्ट परफॉर्मेंस देता है जो एडवांस टेक्नोलॉजी है। इसकी इंजन की आवाज बाकी जेसीबी के इंजन की आवाज से कम देता है। अन्य जेसीबी की अपेक्षा इसमें 7% मोर फ्यूल एफीसेंट ज्यादा है जिससे जेसीबी मालिकों को प्रतिवर्ष 58 हजार की बचत होती है। जीके जेसीबी अप्रैल 2017 से जेसीबी मशीन के सेल्स एवं सर्विस के क्षेत्र में कार्य करते हुए एक नई पहचान स्थापित कर चुका है।

## चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय का अधिग्रहण संबंधी विधेयक विधानसभा में होगा पेश

**रायपुर।** चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग का अधिग्रहण संबंधी विधेयक छत्तीसगढ़ विधानसभा में पेश किया जाएगा। विगत 20 जुलाई को आयोजित राज्य कैबिनेट की बैठक में इस चिकित्सा महाविद्यालय के अधिग्रहण विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की पूरी जनता और छात्रों के हित में तथा प्रदेश में तेजी से चिकित्सा शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग के अधिग्रहण का निर्णय लिया गया है। इससे चिकित्सा महाविद्यालय के रूप में एक तैयार अधोसंरचना का अधिग्रहण किया जा सकेगा।

**भाजपा विधायकों ने किया वाकआउट**

# कोरोना काल में शराब पर लगाए गए विशेष शुल्क की राशि स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित न करने पर हंगामा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

विधानसभा के मानसून सत्र में शराब पर सेस का मामला बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने उठाया। उन्होंने पूछा कि विशेष कोरोना शुल्क से मिली राशि स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित क्यूं नहीं दिया गया? इसके जवाब में मंत्री मो। अकबर ने कहा, राशि की जब ज़रूरत होगी तब हस्तांतरित की जाएगी। अजय चंद्राकर ने कहा- स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी स्कूल के लिए 36 करोड़ रुपये कहां से दिए गये? मंत्री मो। अकबर का जवाब : स्कूल के किए ये राशि दी गई है शेष राशि जमा है। अजय चंद्राकर ने कहा- सदन में दो उत्तर आ रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पूरी राशि जमा है और अब कह रहे हैं स्कूल के लिए राशि दी गई। चंद्राकर ने पूछा- कोरोना के लिए जब राशि ली जा रही है तो क्या उसे दूसरे मदों में खर्च किया जा सकता है? मो. अकबर ने कहा- विशेष आबकारी शुल्क मद से स्कूल को राशि दी गई। अजय चंद्राकर ने कहा- कोरोना के लिए यदि देशी-मदिरा में सेस लिया गया है तो उसका खर्च तय मद में ही होगा। चंद्राकर ने की मांग- सदन की कमेटी बनाकर इस मामले की जांच कराई जाए।

बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने पूछा- कोरोना को लेकर की गई विशेष शुल्क को दूसरे मद में खर्च नहीं किया जा सकता? यदि किया गया तो किस नियम से? बीजेपी सदस्यों ने सरकार पर सदन में गलत जानकारी देने का आरोप लगाया। ये दुर्भभाग्यपूर्ण है।




मंत्री मो. अकबर ने सदन में कहा- मैं पूरी ज़िम्मेदारी से कह रहा हूँ दूसरे मदों में राशि खर्च नहीं हुई। अजय चंद्राकर ने राजपत्र की कॉपी सदन के पटल पर रखी। संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने कहा- स्वामी आत्मानंद स्कूल से दिक्कत क्या है आप लोगों को? मंत्री की टिप्पणी पर विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया, सत्तापक्ष के जवाब से असंतुष्ट बीजेपी विधायकों ने फिर वाकआउट किया।

### कितना लिया गया है सेस

देशी मदिरा बोतल, अद्धी व पाव पर प्रति नगर 10 रुपए की दर से विशेष आबकारी शुल्क (अधोसंचरना उन्नयन) लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2020-21वर्ष 30 जून तक कुल 320। 61 करोड़ की राशि जमा है। वहीं विशेष कोरोना शुल्क, विदेशी मदिरा (स्प्रिट/माल्ट) के फुटकर विक्रय दर पर 10 प्रतिशत की दर से शुल्क लिया गया, जो कुल 245।24 करोड़ हुई है।

## शराब बंदी के मुद्दे को विपक्ष ने उठाया, नेता प्रतिपक्ष ने कहा- इन कमेटियों को भंग कर दिया जाना चाहिए

प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी करने की मांग एक बार फिर विधानसभा के मानसून सत्र में गूंजी। शराबबंदी के किए गठित कमेटी का मामला सदन में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक उठाया। उन्होंने पूछा कि सामाजिक कमेटी का गठन कब हुआ और बैठकें कब हुई? इसके जवाब में मंत्री कवासी लखमा ने जवाब दिया कि





पूर्ण शराबबंदी लागू करने 2019 में तीन कमेटियों का गठन किया गया है। राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक कमेटियों का गठन हुआ है। कोरोना काल की वजह से बैठकें प्रभावित हुई हैं। मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि 21 समाजों के प्रतिनिधि शामिल है। इसकी अधिसूचना में लिखा है कि सामाजिक संगठनों के अध्यक्ष या सदस्य कमेटी में लिए जाएंगे। धरमलाल कौशिक ने कहाः 2019 में समिति का गठन हुआ, लेकिन इसकी गम्भीरता देखिए सरकार के जवाब में ये नहीं बताया गया कि किस समाज के अध्यक्ष को कमेटी में लिया गया। ढाई सालों में कमेटी की एक भी बैठक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यदि बैठकें नहीं हो पा रही हैं तो इन कमेटियों को भंग कर दिया जाना चाहिये। बता दें कि 21 समाजों के प्रतिनिधियों को कमेटी में लिया गया है। अमितेश शुक्ला ने कहाः हमारी सरकार गम्भीर है। मेरे कहने पर मुख्यमंत्री ने राजीव लोचन मंदिर परिसर में 15 दिन के लिए बंद किया दिया था। सरकार शराब बंदी की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# नक्सलगढ़ की आड़ पर सिंचाई के नाम पर करोड़ों की अनियमितता : आशुतोष पांडेय

## सूचना के अधिकार के तहत भी नहीं दी जा रही जानकारी निर्माण कार्यों की अंदरूनी क्षेत्रों की : आप नेता

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जुलाई को आप पार्टी के प्रदेश सहसंयोजक आशुतोष ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर जिला प्रशासन पर गम्भीर आरोप लगाते अंदरूनी नक्सल क्षेत्रों में विकास के नाम पर केवल भ्रष्टाचार करने की बात कही है। आप नेता ने कहा कि विशेष कर नक्सल क्षेत्र की आड़ में विकास के नाम पर लूट को अंजाम दिया गया है। आप नेता आशुतोष ने कहा कि पूर्व कलेक्टर के कार्यकाल में करोड़ो की लूट विकास के नाम पे की गई , कहीं रातो रात पुल बांध दिया तो कहीं कागज़ों पर सड़के दिखा पैसे आहरित हो गए।

अति संवेदनशील क्षेत्र कुएनमारी जो बॉक्साइड की खदान के लिए भी जाना जाता है उस क्षेत्र में सैकड़ों कुंए खोदे गए सिंचाई और पेयजल के नाम पर लेकिन केवल काग़जी आंकड़ों व धरातल पर जमीन आसमान का अंतर है।अद्भुत यह की कुओं के नाम पर गड्ढे खोद कर जनता के मद की लूट की गई वही आसुतोष ने कहा कि वर्ष 2019-20 खुद को आदिवासियों का मसीहा बताने वाले पूर्व कलेक्टर को यह दिखाई नहीं पड़ा की कुओं के नाम पर केवल गड्ढे खोदे गए व करोड़ो रूपए की लूट की गई अब इस लूट में सहभागिता किन किन अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की थी यह जांच का विषय है व जांच के बाद ही वास्तविकता सामने आ सकेगा।

वहीं आप नेता ने कहा कि कुएमारी क्षेत्र लोगों के आमंत्रण पर जब आप पार्टी की टीम मौके पे पहुंची तब इन कुओं के नाम पर किये गड्ढों की जानकारी सामने आई मौके पर पहुंच से ग्रामवासियों से पता चला कि लगभग सभी खेतों में यह गड्ढे खोदे गए और इन गड्ढों को खोदने की जिम्मेदारी भी ग्राम वासियों को दी गई थी मनरेगा के माध्यम से गड्ढों को खुदवा कर रोजगार भी दिया और इस लूट का अवॉर्ड भी लिया।

आप नेता ने कहा कि ग्रामीणों के कहे अनुसार आज तक इन गड्ढों को खोदने की मजदूरी भी नहीं मिली है ग्रामीण मजदूरों को जिसके विरुद्ध कुछ दिन पूर्व ही कुएमारी के ग्रामवासियों ने वर्तमान जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा है मामले पर।

### नही मिला आप नेता को सूचना के अधिकार के तहत जानकरी, केवल पत्र हस्तान्तरित का दिखाया शिगूफा

आप नेता आसुतोष ने कहा कुएमारी में अनियमितता की जानकारी मिलने पर हमने इस योजना की पूरी जानकारी लेने जिला पंचायत को सूचना के अधिकार से जानकारी मांगी परन्तु विभाग में आज तक कोई जानकारी नहीं प्रदान की केवल पत्रहस्तांतरित का सिगुफा दिखाया गया। अतः पार्टी ने तय किया की प्रेस के माध्यम से जनता और सरकार दोनो को कुए मारी के कुओं या गड्ढों के दर्शन करवाए जाए और विकास के नाम पे पूर्व कलेक्टर और उनकी टीम की लूट की कहानी सबके सामने आए ।

सबसे बड़ी बात की एक ओर कोंडागांव जिला प्रशासन व जिला पंचायत के पदेन जनप्रतिनिधि संवेदशीलता ग्रामवासियों के दुख-दर्द बांटने अक्सर कुए मारी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों तक पहुंचता है परन्तु उन्हें कभी ये कुओं के नाम पे गड्ढे नहीं दिखाई देते या उक्त कुओं के नाम के गढ्ढो में उनका भी बराबर का सहयोग रहा हो इनकार नही किया जा सकता।

# एएमएनएस सीएसआर के मद से किरंदुल पटेलपारा में सामुदायिक भवन का किया गया निर्माण

## नपा उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद ने किया भवन का उद्घाटन



पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com

किरंदुल क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 18 पटेल पारा में सामाजिक कार्यकर्मों एवं विभिन्न बैठकों के आयोजन हेतु कोई जगह न होने के कारण वार्ड वासियों को परेशानी हो रही थी।जिसे ध्यान में रखकर पार्षद राजू कुंजाम द्वारा किरंदुल स्थित आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कम्पनी से सामुदायिक भवन निर्माण हेतु मांग की थी।बता दें इस भवन निर्माण के लिए लक्मे मण्डावी ने स्वेच्छा से अपना भूमि दान किया था एवं एएमएनएस कंपनी सीएसआर के मद से 14.84 लाख की लागत से भवन निर्माण कार्य पूरा किया गया और आज नगरपालिका उपाध्यक्ष बाल सिंह कश्यप,पार्षद राजू कुंजाम एवं एएमएनएस महाप्रबंधक जी राघवेलु ने इस भवन का उद्घाटन किया।मौके पर नपा सीएमओ एच आर गोन्दे, सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश,सतीश,श्रीनिवास राव,के गोविंदराजू,सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी,दिनेश प्रसाद,राम किशोर,विजय सोढ़ी एवं वार्डवासी मौजूद थे।




# पी एल पुनिया, मोहन मरकाम, डॉ चंदन यादव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जनजाति संगठन बैठक लिया

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जनजाति संगठन का बैठक लिया जिससे आगामी विधानसभा 2023 को ध्यान में रखते हुए। अनुसूचित जनजाति वर्ग के चालाये जा रहे योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक योजनाओं को पहुंचाने की बात कही चहे वन अधिकार अधिनियम पट्टा वितरण, पद्दोनति में आरक्षण की बात हो पेशा कानून लागू करने की बात हो वनवासियों द्वारा अनेक योजनाएं के उसके बारे में चर्चा किया गया।

घोषणा पत्र में जो कहा गया था उसको भी अमल करने की बात कही। सभी जिला अध्यक्ष अपने अपने सुक्षाव रखें।दो हजार तेविस में कांग्रेस की सरकार बनने की अपील की पुनः इसकी तैयारी में अभी से लग जाने की बात कही। वहीं मोहन मरकाम ने कहा भूपेश बघेल की सरकार ने बहुत कुछ किया। बस उसको आम जनता तक बताने की जरूरत है। संगठन, सत्ता की ताल मेल बनाते हुए।काम करने की आवश्यकता है। और छुटे हुए। हमारे आदिवासी भाईयों को जोड़ने की आवश्यकता है। आने वाले समय में बूथ स्तर सेक्टर, ज़ोन स्तर ब्लाक, जिला स्तरीय बैठक करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से विजय ठाकुर प्रदेश कांग्रेस सचिव, नरोतम पडोटी जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कांकेर, बृजबति मरकाम अध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर सुनाराम तेता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, मनोहर,राठौर, विनोद शोरी, रमेश गावड़े, सुमति नेताम, कमलेश पद्माकर सरपंच, दीपक नेताम, सरपंच, अजय कोर्राम, नागेश कोमरा, उपेन्द्र नरेटी,भुनेश नाग, आदि उपस्थित थे।

# वर्षा ऋतु के मद्देनज़र किरंदुल के अलग अलग वार्डों में किया जा रहा है ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में वर्षा ऋतु के दौरान नालियों के पास मच्छर पनपने लगते हैं जिससे कई तरह के जलजनित रोग होने की संभावना बढ़ जाती है जिससे बचाव के लिए मंगलवार को किरंदुल नगरपालिका द्वारा बंगाली कैम्प, राय कैम्प चिकन शॉप के नालियों तथा हैंड पम्पों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। किरंदुल नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने बताया नगर में सैनेटाइजर के साथ ही वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाया जा रहा है।

# त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021 के लिए प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2021 में बस्तर जिले में एक जनपद पंचायत सदस्य, 6 सरपंच और 48 पंचों का निर्वाचन किया जाएगा। इसके लिए 22 जुलाई से प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके तहत् रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण की अधिकारियों की नियुक्त हो चुकी है। छत्तीगढ़ राज्य आयोग द्वारा इस कार्य को संपादित करने के लिए समय-अनुसूचि निर्धारित किया गया है। जिसके तहत् सोमवार 26 जुलाई तक प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण और गुरूवार 29 जुलाई तक भारत निर्वाचन आयोग की 1 जनवरी 2021 की स्थिति में तैयार विधानसभावार अद्यतन निर्वाचक नामावली की दो प्रतिया जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर जनपद पंचायतवार भागों में बाटने की जिम्मेदारी दी गई है। सोमवार 2 अगस्त तक जनपद पंचायतवार निर्वाचक नामावली रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा।

शनिवार 7 अगस्त तक प्रत्येक ग्राम पंचायत की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित वार्डों का मौके मिलान और आधार पत्र तैयार करने के साथ सूची में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। सोमवार 16 अगस्त तक प्रारंभिक निर्वाचक नामावली के आधार पत्रक अनुसार पीडीएफतैयार कर मुद्रित करने और जांच का कार्य किया जाएगा। बुधवार 18 अगस्त तक जांच में पाई गई त्रुटियों का सुधार कर पीडीएफतैयार करते हुए दो प्रतियों मुद्रित किया जाएगा। इन मुद्रित प्रतियों में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर उपरांत जिला निर्वाचन अधिकरी को उपलब्ध कराया जाएगा। शनिवार 21 अगस्त तक जिला कार्यालय द्वारा जनपद पंचायतवार प्रारंभिक निर्वाचक नामावली अनुबंधित मुद्रणालयों को मुद्रण हेतु सौंपा जाएगा। मंगलवार 24 अगस्त तक जनपद पंचायतवार मुद्रित निर्वाचक नामावलील प्राप्त कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा। बुधवार 25 अगस्त तक निर्वाचक नामावली प्रकाशन के संबंध में सूचना प्रकाशित की जाएगी। शनिवार 28 अगस्त तक निर्वाचक नामावली के संबंध में सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन और दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करने की शुरुआत होगी। बुधवार 8 सितम्बर को दोपहर 3 बजे तक दावा-आपत्ति स्वीकार किए जाएंगे। गुरुवार 16 सितम्बर तक प्राप्त दावों और आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। इसी दिन प्रारुप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। पांच दिन के भीतर दावा-आपत्तियों के निराकरण के विरुद्ध अपील की जा सकेगी। शुक्रवार एक अक्टूबर तक ग्राम पंचायतवार अनुपूरक सूचियों का पीडीएफ तैयार करते हुए मुद्रण के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय को सौंपा जाएगा। शुक्रवार 8 अक्टूबर तक अनुपूरक सूचियां मूल सूचियों के साथ जोड़ी जाएगी। 12 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

# कोरोना की तीसरी लहर को रोकने सामाजिक कार्यकर्ता चला रहे रोको अऊ टोको अभियान

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन, यूनिसेफ , एमसीसीआर ,मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स, के संयुक्त तत्वाधान में 28 मई 2021 से लगातार नारायणपुर शहर में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय में रोको अऊ टोको की टीम द्वारा लगभग 35000 लोगों तक जन जागरूकता संदेश पहुंचाया नारायणपुर के 15 वार्डों में पहुंच कर लोगों को कोरोना के व्यक्ति लगवाने प्रेरित किया साथ साथ शहर के प्रमुख चौक चौराहों निचली बस्ती घनी आबादी वाले क्षेत्र पर अपना संघन प्रचार प्रसार किया गया इस अभियान को सामाजिक धार्मिक और शासन प्रशासन, और आम जनता का भी सहयोग मिल रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीआर पुजारी, नगर पालिका सीएमओ मोबिन अली, जिला व्यापारी संघ अध्यक्ष पंकज जैन, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, पार्षद विजय सलाम, पार्षद वागेश्वरी पटेल, पार्षद रोशन गोलछा, पार्षद प्रमिला प्रधान, पार्षद जोशी लाल पात्र, पार्षद राखी राणा, आम जनता को वैक्सीन लगाने मास्क पहनाने सैनिटाइजर का उपयोग करने भीड़ से अलग रह कर शारीरिक दूरी बनाकर रहने वह सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइडलाइन का पालन करने के लिए अपील किया गया। साथ ही निरंतर सेवा दे रहे सामाजिक कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया। इस टीम में करुणा फाउंडेशन , साथी समाज सेवी संस्था, और चाइल्ड लाइन के सामाजिक संगठन द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है।

# खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को दिया जायेगा कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण, चयन के लिए की जा रही काउंसिलिंग

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कलेक्टर श्री चन्दन कुमार के निदेर्शानुसर खनिज विभाग के अधिकारियों एवं लाईवलीहुड कॉलेज गोविंदपुर कांकेर के प्राचार्य एवं सहायक परियोजना अधिकारी सुनील नेताम द्वारा खनन प्रभावित क्षेत्रों के गांवों में जाकर लोडर ऑपरेटर एवं सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं के चयन हेतु काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

लाईवलीहुड कॉलेज गोविंदपुर के प्राचार्य सुनील नेताम, खनिज निरीक्षक भरत बंजारे, कैटलिस्ट फाउंडेशन के डारेक्टर पुष्पराज पाण्डे, ग्राम पचायत भैसाकन्हार (क) के सरपंच एवं ग्राम पंचायत कच्चे के उप सरपंच और ग्राम पंचायत सचिवों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत भैंसकन्हार में कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण के लिए इच्छुक युवाओं के चयन हेतु काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत भैसाकन्हार (क), कच्चे एवं परेकीड़ो के 125 प्रतिभागी काउंसिलिंग में शामिल हुए, इसके पहले ग्राम पंचायत चारगांव, हाहालद्दी एवं परेकीड़ो में भी काउंसिलिंग आयोजित किया गया था, जिसमें कौशल उन्नयन के लिए 120 युवाओं का चिन्हांकन किया गया था।

# अनियंत्रित होकर कार पुलिया से नीचे गिरी



**नारायणपुर।** नारायणपुर से कोंडागांव मुख्य मार्ग में मारुति कार क्रमांक सीजी 04 एम ई 2701 ग्राम टिमनार पुलिया पर अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे वाहन में सवार हरेश कुमार निहचलानी की वाहन में दबकर मौके पर ही मौत हो गई तथा वाहन चालक गंभीर चोटे आई। चलक को वाहन से बाहर निकलवा कर यातायात पुलिस द्वारा 108 की टीम की मदद से उपचार हेतु तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। बताते दे मृतक रायपुर का निवासी है जो व्यापार की सिलसिले में नारायणपुर आ रहा था।

## सड़को में बने ग ो का किया नामकरण कोई विधायक डबरा तो और पालिका अध्यक्ष डबरा

# नगर की खस्ताहाल सड़कों पर भाजयुमो ने किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com





नगर पालिका क्षेत्र में खराब सड़को से वार्डवासियों सहित आमजन को हो रही भारी परेशानियों को देखते हुए आज युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जैकी कश्यप के नेतृत्व में नगर पालिका के मुख्य सड़कों में बने गड्ढों में वृक्षारोपण कर जनता को सुविधा देने में नाकाम शासन को चेताया छोटे से नगर पालिका में बने सड़को की मरम्मत करने में यह सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है कश्यप ने कहा कि नगर पालिका के बने सड़को में गड्ढों से आये दिन दुर्घटना घट रही है आम जन को नुकसान हो रहा है इसको लेकर शासन प्रशासन को कोई चिंता नही भविष्य में किसी तरह की अप्रिय घटना न हो और आम जन को मिलने वाली सुविधा मिल सके इसको लेकर युवा मोर्चा सड़क की लड़ाई लड़ने उतरी है जिसका वार्डवासियों द्वारा पूरा साथ दिया जा रहा है अगर जल्द सड़क नाली निर्माण नही की गई तो उग्र आंदोलन होगी जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी आज के कार्यक्रम में प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य अभिषेक बेनर्जी जिला महामंत्री पंकज जैन उपाध्यक्ष हेमंत सोनवानी, मयंक जैन,सनी ठाकुर,कमल कोर्राम,विक्की,उदय उइके,निहाल,पंडिराम,जयसिंग,रमेश मानिकपुरी,रोहन तिवारी,ऋषभ जैन,विनोद उसेंडी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सूचना

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल, मोवा, रायपुर में **एक्सरे-टेक्निशियन** कोर्स करने हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं जल्द से जल्द संपर्क करें। चयनित छात्र के फीस का 50% प्रतिशत स्कॉलरशिप श्री बालाजी मेडीकल फाउंडेशन द्वारा वहन किया जावेगा। **स्थान सीमित है।**

संपर्क 7471130598

# सावन में लगी बारिश की झड़ी, दिनभर बरसी फुहारे

## फसलों के लिए मिला अमृत, छोटे-छोटे नदी नाले उफान पर

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

सावन के महीने में सावन की झड़ी लगी है कल से ही बारिश फुहारनुमा होती आ रही है शहर सहित क्षेत्र में कभी तेज तो कभी धीमी बारिश हो रही है असार माह खत्म होते ही इंद्रदेव मानो प्रसन्न हो गए और सावन की झड़ी लगा दी सोमवार को दिनभर फुहार बरसती रही।

पिछले कुछ दिनों से चल रहा बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा इस दौरान रुक-रुक कर हुई बारिश से शहर सहित क्षेत्र में नदी नाले उफान पर आ गए वहीं शहर की तालाबों शंकर मुडा भी लबालब हो गए हैं। तालाब के ओवरफ्लो पानी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े पानी के तेज बहाव को देखने के लिए लोग घंटो तक तालाब को निहारते रहे। बीती रात से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार तक जारी रहा जिससे पूरा शहर पानी से तरबतर हो गया कई स्थानों से निकले नदी नाले भी उफान पर आ गए धीमी धीमी बारिश होने से कच्चे मकानों को नुकसान का अंदेशा बना रहता है धीमी बारिश कच्चे मकानों की मिट्टी धसकती है जिसके कारण कई बार मकान बारिश में धराशायी हो जाते हैं।



### फसलों को मिला अमृत

सावन माह की बारिश से फसलों को मनो अमृत मिल गया है 4 माह में बोवनी होने के बाद पानी न के बराबर ही गिरा जिस कारण फसलें मुरझा गई थी और कई खेतों के बीच खराब हो गए थे लेकिन सावन की झड़ी की फसलों को अमृत बन कर जीवित कर दिया। इस बारिश से सुबह मक्का अरहर उड़द आदि फसलों को काफी फायदा हो रहा है।

# अवैध शराब बिक्री करने वालो के खिलाफ थाना सरसीवा पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी

पायनियर संवाददाता < सरसींवा
www.dailypioneer.com



थाना सरसींवा द्वारा अवैध कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है । महुवा शराब बनाकर बेचने वाले तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 71.5 बल्क लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जप्त किया गया है जिसका जुमला किमती 14300 है ।यह सब कार्यवाही पुलिस अधीक्षक आई.के. एलिसेला बलौदाबाजार द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कड़े निर्देश दिये गये थे जिस पर श्रीमति निवेदिता पाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, संजय तिवारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिलाईगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरसींवा राजेश साहू के कुशल नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री करने वाले अलग अलग मामले में 03 आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया ।

थाना के शासकीय वाहन में पेट्रोलिंग पर जैतपुर तरफरवाना हुआ था पेट्रोलिंग करते ग्राम जैतपुर पहुंचने पर सूचना मिला की संपत चौहान नामक व्यक्ति ग्राम जैतपुर में अपने घर के पीछे बाड़ी में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के नियत से छुपा कर रखा है कि सूचना तस्दीक कर घेराबंदी कर हमराह स्टाफ एवं गवाह के रेड कार्यवाही किया जहां आरोपी संपत चौहान पिता सुधाराम चौहान उम्र 41 वर्ष ग्राम जैतपुर थाना सरसींवां के कब्जे से सफेद रंग की प्लास्टिक डिब्बा में कुल 35 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती 7000 रूपये को समक्ष गवाह के जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध कायम कर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । इसीतरह विनोद नारंग नामक व्यक्ति ग्राम जैतपुर में अपने घर के बाजु खेत में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के नियत से छुपा कर रखा है कि सूचना तस्दीक कर घेराबंदी कर हमराह स्टाफ एवं गवाह के रेड कार्यवाही किया जहां आरोपी विनोद नारंग पिता कुमार नारंग उम्र 40 वर्ष ग्राम जैतपुर थाना सरसींवां के कब्जे से सफेद रंग के प्लास्टिक डिब्बा एवं जरिकेन में कुल 33 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती 6600 रूपये को समक्ष गवाह के जप्त किया गया।

# विजय केशरवानी बने प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अनिल बघेल बने किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




सच्चिदानंद उपासने महासचिव प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान, मुकेश सोनकर प्रदेश अध्यक्ष ,आलोक श्रीवास्तव संगठन मंत्री, लक्ष्मी बघेल (पूर्व विधायक) जिला अध्यक्ष बलौदा बाजार - भाटापारा के अनुशंसा पर अनित कौशिक राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा विजय केसरवानी को प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान के छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अनिल बघेल को प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बलौदा बाजार प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान के पदाधिकारी एव कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हेमंत टिकरिहा बलौदा बाजार जिला महामंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस नियुक्ति से बलौदाबाजार जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन को मजबूती मिलेगी और विशेष रूप से श्री केसरवानी जी एवं श्री बघेल जी बलौदा बाजार जिला के स्थानीय निवासी होने का लाभ बलौदा बाजार जिला को मिलेगा जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी साथ ही रामशरण वर्मा जिला संरक्षक, रंजना मारकंडे जिला महामंत्री, पुरुषोत्तम सोनी जिला कोषाध्यक्ष, संजय पंजवानी जिला मीडिया प्रभारी, दुर्गा पटेल जिला उपाध्यक्ष ,गोपाल प्रसाद साहू जिला उपाध्यक्ष , चुन्नीलाल उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष , चित्रलेखा साहू जिला उपाध्यक्ष , भूपेंद्र पाण्डेय जिला मंत्री, थानेश्वर , वर्मा जिला मंत्री , सेवक राम साहू जिला मंत्री , सोहन लाल साहू जिला मंत्री, ताजेन्द्र कन्नौजे जिला मंत्री, एवं पारस तामरकार विधानसभा अध्यक्ष कसडोल सहित कार्यकताओं ने हार्दिक बधाई दी।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में शुरू हुई बच्चों की चहल-पहल

## चार माह बाद खुले लगभग 2 हजार आंगनबाड़ी, बच्चों और गर्भवती माताओं को मिला गरम भोजन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छ.ग. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर 26 जुलाई 2021 से जिले की आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और माताओं की चहल-पहल शुरू हो गई है। जिले के 1 हजार 955 आंगनबाड़ी केन्द्र कोविड-19 के कारण पिछले चार माह से बंद थे। स्थानीय जनप्रतिनिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं द्वारा बच्चों का टीका बंदन किया गया। कुछ केन्द्रों में बच्चे खिलौने से खेलकर आनंदित हुए तथा दोपहर का गरम भोजन सामूहिक रूप से भोजन कर बच्चे तृप्त हुए। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा 7 से 16 जुलाई के बीच वजन त्यौहार का आयोजन किया गया एवं 26 जुलाई से आंगनबाड़ी केन्द्रों को खोलने का निर्देश दिया गया जिसमें आं.बा. केन्द्रों के दो सेवाओं को जिसमें दोपहर का गरम भोजन एवं स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस शामिल है। कुपोषण कम करने हेतु गर्भवती माताओं को भी कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए गरम भोजन खिलाया गया। जिले में 3 से 06 वर्ष के 53331 बच्चे एवं 11021 गर्भवती माताएं गरम भोजन से लाभांवित हो रहे है। आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा 23 जुलाई को सभी परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों इत्यादि की वर्चुअल बैठक लिया गया एवं 24 जुलाई को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पर्यवेक्षकों द्वारा सेक्टर बैठक लेकर आं.बा. केन्द्रों को सेनेटाईज करने, पालकों की सहमति इत्यादि की जानकारी आं.बा. कार्यकताओं को दी गई थी।



**सरायपाली।** रायपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष पंकज शर्मा को बनाए जाने पर कांग्रेस के युवा नेता दीपक मखीजा ने उनके कक्ष में पहुंचकर सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ सौंप कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन

**बलौदाबाजार।** नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए भटगांव के कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में निर्मित परीक्षा केन्द्र को बदल दिया गया है। इस केन्द्र में आवंटित बच्चों के लिए नया परीक्षा केन्द्र शासकीय हाई स्कूल जमगहन बनाया गया है। भटगांव का परीक्षा केन्द्र कोविड कन्टेनमेंट जोन की परिधि में आने के कारण यह बदलाव किया गया है। गौरतलब है कि नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 11 अगस्त को चयन परीक्षा आयोजित की गई है। इसके लिए पूरे जिले में 76 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड जिला संघ कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट्स एवं गाइड छ.ग. जिला संघ बलौदाबाजार कार्यकारिणी की बैठक 23 जुलाई को जिला ग्रंथालय बलौदाबाजार में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला मुख्य आयुक्त डॉ.अजय राव, जिला आयुक्त स्काउट (जिला शिक्षा अधिकारी) सी.एस.ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष नरीज बाजपेयी, हेमन्त साहू, प्रवीण अग्रवाल एवं विभा केशरवानी, पीयुष मिश्रा, विजय केशरवानी, जिला सचिव बी.सिंह, सहायक राज्य संगठन आयुक्त खोड़स राम कश्यप (एल.टी.), जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकर लाल साहू (एल.टी.), जिला संगठन आयुक्त बालक दास राउत, जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रामकुमार सेन एवं सभी विकासखण्ड के सचिव, ए.एल.टी स्काउटर, गाइडर, एच.डब्लू.बी. स्काउटर गाइडर, विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक की शुरूवात स्काउट, गाइड की प्रार्थना से शुरू हुई तत्पश्चात् पूर्व से निर्धारित ऐजेन्डेवार चर्चा हुई। बैठक में शंकर लाल साहू द्वारा वार्षिक कार्य योजना का माह वार होने वाला प्रस्तावित कार्यक्रमों का पठन किया गया। पूनम साहू एलएटी द्वारा ओ.वाय.एम.एस. ऑनलाईन पंजीयन हेतु आवश्यक जानकारी दी गई और सभी सचिव खण्ड स्तरीय बैठक लेकर संकुल प्रभारी एवं संकुल समन्वयक के माध्यम से 15 अगस्त के पूर्व दल पंजीयन की कार्यवाही आनलाईन पूर्ण करने हेतु निर्णय लिया गया। बी.सिंह जिला सचिव द्वारा 2020-21 का आय व्यय की जानकारी दी गई तथा 2021-22 हेतु अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया। डीओसी बालक दास राउत द्वारा राज्य पुरस्कार हेतु तृतीय सोपान पूर्ण कर जिला कार्यालय में आवेदन जमा करने हेतु जानकारी दी गई। कोविड-19 प्रभाव को देखते हुए ईनूराम वर्मा और आर.के.वर्मा द्वारा तृतीय सोपान की जांच शिविर विकासखण्ड व संकुल स्तर पर आयोजित करने हेतु प्रस्ताव रखा गया। जिससे सभी सदस्यों के द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकार कर लिया गया। जिला स्तर पर बेसिक प्रशिक्षण सभी ग्रूप का करने हेतु प्रस्ताव रखा गया। कोविड के संक्रमण को देखते हुए जिले में प्रशिक्षण मण्डल के पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुए और बिगनर्स कोर्स में 2000 से अधिक शिक्षकों के भाग लेने के कारण सभी वर्ग के बेसिक प्रशिक्षण अधिकृत 32 की संख्या में 15 अगस्त के बाद कराये जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल ने जिला स्काउटिंग गतिविधियों को ठीक ढंग से संचालित करने के लिए पदाधिकारियों में आंशिक संशोधन का प्रस्ताव रखा गया और सभी की सहमति से जिला कार्यकारिणी में निम्नानुसार संशोधन की घोषणा किया गया। खोड़स राम कश्यप (एलटी) को जिला सचिव, बी.सिंह को मुख्यालय आयुक्त, वीणा साहू को संयुक्त जिला सचिव एवं वंदना तिवारी को जिला आयुक्त (गाइड) का दायित्व सौंपा गया।

### कौशल विकास योजना में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए जिले के युवाओं से 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक युवाओं की उम्र 18 से 45 वष्र्ज तक के बीच होने चाहिये। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि इच्छुक युवा अपनी पसंद के अनुसार ट्रेड जैसे इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर, इलेक्ट्रानिक्स, डोमेस्टिक डेटा एन्ट्री ऑपरेटर,वेल्डर आदि पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण के इच्छुक आवेदक का संयुक्त जिला कायाजलय के कक्ष क्रमांक 70 में 10 अगस्त को शाम 5 बजे तक आवेदन करना होगा। प्रशिक्षण संबंधी और विस्तृत जानकारी के लिए कायाजलय के मोबाईल फ़ेन नम्बर 78790-47558 पर सम्पकज़् कर सकते हैं।

## पूरे प्रदेश में भाजपा का धरना

# पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश चंदेल बोले किसानों का खाद बेचकर सरकार भ्रष्टाचार कर रही

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के हर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने धरना दिया। इसी कड़ी में भाटापारा विधानसभा में पूर्व बेमेतरा अवधेश चंदेल पहुंचे। किशन मोर्चा के नेतृत्व में भाटापारा विधानसभा के जिले, मंडल व भारतीय जनता पार्टी के विपक्ष के नेताओं ने सड़क पर सरकार को किसानों के मुद्दों पर घेरा। दूसरी तरफ भाजपा के विधायकों ने विधानसभा में किसानों के मुद्दे पर हंगामा किया। भाटापारा पहुचे मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिल रही है और कांग्रेस सरकार ऑनलाइन पोर्टल में गलत जानकारी देकर किसानों के नाम से खाद बेचकर भ्रष्टाचार कर रही है। अब होगा न्याय का नारा लगाने वाले,किसानों के साथ अन्याय कर रहें हैं।



आज छत्तीसगढ़ का प्रत्येक किसान शासन की कुनीति से परेशान है,अपने अधिकार के लिए सड़कों पर प्रदर्शन कर रहें है लेकिन उनकी चीख-पुकार सरकार तक नहीं पहुँच रही। अवधेश चंदेल ने कहा कि कांग्रेस के ढाई साल के कार्यकाल में पूर्ण रूप से विफ्ल है, न ही किसानों का पूर्ण रूप से कर्जा माफहुआ है और न ही किसानों का धान खरीदी का एक मुश्त 2500 रू. प्रति क्विंटल का भुगतान किया गया है और बिजली हाफकरने की बात कहे तो बल्कि प्रदेश में पूरी तरह बिजली साफहो गई है। किसानों को न पर्याप्त खाद मिल रहा है और न ही खाद्य का भण्डारण है। जब से कांग्रेस की सरकार आयी है तब से किसान अपने अधिकार के लिए आंदोलन, धरना प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस की सरकार को जगाने का काम कर रही है। आज भाटापारा में इतनी बड़ी संख्या में अगर आप पूरे भाटापारा विधानसभा के किसान आये है तो ये साफ जाहिर हो रहा है कि कैसे आप इस कांग्रेस सरकार से प्रताड़ित है. आप ने अपने मत का सही प्रयोग किया है इसलिए आप के क्षेत्र से आपने भाजपा को विजय श्री दिला कर ऐसे दबंग विधायक शिवरतन शर्मा को भाटापारा से चुन कर भेज है जो आज आपकी आवाज को विधानसभा में पूरे दम के साथ पहुचा रहे है और आपकी लड़ाई वो वहा सदन में लड़ रहे है। उक्त कार्यक्रम में जिला महामंत्री राकेश तिवारी, वरिष्ठ नेता अनिल पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो द्वय अश्वनी शर्मा, आनंद यादव, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, जिला मंत्री महाबल बघेल, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हेमसिंह चौहान, आशिष जायसवाल वि. प्रतिनिधि, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोविंद पटेल, मोहन बांधे, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष पूनम मार्कण्डेय, उमा शंकर वर्मा, परस देवांगन, डब्लू ठाकुर, केजू राम बघेल, सूर्यकांत ताम्रकार, गोपाल देवांगन, योगेश अंनत, धनी राम साहू,देवक साहू, मथुरा यदु, मालिक राम साहू, पवन वर्मा, आशिष पुरोहित, गोलू देवांगन, आशिष टोडर, सतीश सोनी, नीरा साहू, सूर्यकाती योगी, चंद्रकला सहाय, राहुल ठाकुर, आरिफ खान, सलीम खान, प्यारे रजक, राम साहू, चंद्र प्रकाश साहू, सुरेश मिश्रा, नारायण साहू, हारून, गोवर्धन डहरिया, धन्नू यादव, गोपी ध्रुव, पिंटू लहरे, अविनाश शर्मा, शुभम राजपूत, छोटू यादव, टैबू देवांगन, अजित निषाद, नंदकिशोर अग्रवाल, राजा कामनानी, धनेश मंधान, प्रकाश दुलानी, टिकी वर्मा, विजय वर्मा, लम्भीकांत टंडन, सतीश साहू, रवि वर्मा, मनीष मिश्रा, संजय ठाकुर,विजय यादव, देवेन्द्र साहू, गोलू अवस्थी, धीरज जैन, हर्ष तिवारी, रितेश श्रीवास्तव, गोविंद वर्मा, आत्मानन्द साहू, युगल साहू, पवन साहू सहित बड़ी संख्या में पूरे विधानसभा के चारो मंडल से कार्यकर्ता पदाधिकारी व किसान जन उपस्थित थे पूरे कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष मनिदर सिंह गुम्बर ने किया।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ योजना से 65 हजार से अधिक मरीजों का किया गया इलाज

■ **कोरोना के दौर में भी मरीजो का नही टूटा भरोसा, घर तक पहुंचा अस्पताल**

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण के दौर में जब अधिकांश अस्पतालो में सामान्य मरीजों का इलाज बंद पड़ा था, ऐसी कठिन परिस्थिति मे मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ योजना के तहत मेडिकल मोबाईल युनिट शहर के झुग्गी बाहुल्य गलियो, मोहल्लो में जाकर सामान्य बिमारियों के मरीजो को उपचार उपलब्ध करा रहा था। इस दौरान राज्य में सर्वाधिक मरीजो को इलाज बिलासपुर शहर में सुलभ हुआ। हजारो मरीजो को चिकित्सा मुहैया करा कर उनकी जीवन रक्षा में मदद की गई। योजना के तहत नौ माह में 65 हजार से अधिक मरीजो को लाभान्वित किया गया है। इसके अतिरिक्त कोरोना का टीका भी मोबाईल युनिट के जरिए लगाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ योजना के तहत मेडिकल मोबाईल युनिट की उपलब्धता के आधार पर बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में पूरे प्रदेश मे सबसे अधिक गरीबो का मुफ्त इलाज किया गया है। योजना के तहत मेडिकल मोबाईल युनिट के जरिए माह नंवम्बर 2020 से अब तक 65 हजार 88 मरीजों का इलाज किया गया तथा 61076 मरीजों को निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शहरी क्षेत्र के स्लम एरिया के निवासियो को बेहतर स्वास्थ सुविधा मुहैया कराने के उद्धेश्य से इस योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। योजना के तहत अब तक 220 शिविर आयोजित किये जा चुके है।



### दाई-दीदी क्लीनिक में 15 हजार से अधिक महिलाओं का किया गया उपचार



मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के पहल पर महिलाओं के लिए विशेष तौर पर दाई-दीदी क्लीनिक प्रारंभ किया गया है। बिलासपुर शहर में नौ माह के भीतर 198 शिविर के जरिए 15 हजार से अधिक महिला मरीजों का उपचार किया गया है। इसके अलावा 2657 महिलाओं की निःशुल्क जांच तथा 14 हजार से अधिक महिलाओं को निःशुल्क दवा वितरित की गई है।

### निःशुल्क उपचार के साथ जांच के लिए लैब की सुविधा

मेडिकल मोबाईल युनिट में गंभीर बिमारियों को छोड़कर सभी प्रकार की सामान्य बिमारियों का इलाज किया जाता है। इसमे लैब की सुविधा भी उपलब्ध है जिसमे आवश्यकता अनुसार ब्लड, यूरिन जांच, सीबीसी, मलेरिया, जैसे रोगों का निःशुल्क जांच किया जाता है। युनिट में ईसीजी, ब्लड प्रेशर, पल्स ऑक्सीमीटर जैसे स्वास्थ उपकरण उपलब्ध है। माह नंवम्बर से अब तक 9 हजार से अधिक लोगों का निःशुल्क जांच किया जा चुका है।

# कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया से सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ने की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



रायपुर नया सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ सरकार के मार्गदर्शक एवं छग प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी पीएल पुनिया से गरियाबंद सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ध्रुव ने सौजन्य मुलाक़ात कर गुलदस्ता भेंट किया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी व छत्तीसगढ़ सरकार के मार्गदर्शक पीएल पुनिया दो दिन के दौरे में रायपुर प्रवास पर आए हुए हैं जिससे सौजन्य मुलाकात करने गरियाबंद सरपंच संघ अध्यक्ष मनीष ध्रुव नया सर्किट हाउस रायपुर में मुलाकात किया और विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को गरियाबंद में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में प्रभारी को सम्मिलित होने का न्योता दिया साथ ही प्रभारी को मनीष ध्रुव ने चर्चा करते हुए बताया कि गरियाबंद जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है जहां गरियाबंद जिले में किसी भी विभाग की रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में स्थानीय युवाओं को अवसर के साथ साथ आदिवासी के लिए आरक्षण के आधार पर सीट रिजर्व हों इस बात को प्रमुखता से रखा एवं आदिवासियों को वन अधिकार पट्टा जल्द से जल्द मिले, हमारे गरियाबंद जिले में पूरे भारत में एकमात्र गरियाबंद जिले में बहुमूल्य हीरे का खदान है जिसका तस्करों द्वारा तस्करी कर लिया जा रहा है अध्यक्ष ने प्रभारी को यह भी बताया कि कल गरियाबंद में इसी हीरे के एक तस्कर को 204 नग हीरे के साथ गिरफ्तार किया गया है बहुमूल्य हीरे की संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अध्यक्ष मनीष ध्रुव ने बारीकी से चर्चा किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी माननीय पुनिया ने हीरे की खदान को संज्ञान में लेते हुए जल्द से जल्द हीरा तस्करों पर लगाम कस कार्यवाही करने की बात कही गई।

## मौसमी बीमारियों से बचने सतर्कता बरतें-कलेक्टर विलास भोसकर

बेमेतरा। वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही जल जनित बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। अगर थोड़ी सी स्वच्छता व सतर्कता बरती जाय तो इस मौसम में होने वाली घातक बीमारियों से बचा जा सकता है। कलेक्टर श्री विलास भोसकर संदीपान ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि पेयजल की गुणवत्ता बनाये रखें। थोड़ी सी सावधानी बरतकर इनसे बचा जा सकता है। कलेक्टर ने ए.एन.एम., मितानिन, कोटवार एवं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को निर्देश दिए है कि यदि किसी गांव में आंत्रशोथ की शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल इसकी सूचना विकासखण्ड एवं जिलास्तर के अधिकारियों को देंवे। जिलाधीश श्री भोसकर ने कहा है कि नदी, तालाब, झरिया, नालों का पानी पीने के रूप में उपयोग न किया जावे। पेयजल के बर्तनों को अच्छी तरह ढंककर रखना चाहिए तथा पानी निकालने के लिए डंडीयुक्त (चम्पू) बर्तन का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्थापित समस्त हैंडपंपों को कीटाणुरहित रखने के लिए जल शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए हैं।

## महामंत्री बनाए गए जयप्रकाश अग्रवाल तो कोषाध्यक्ष बने विष्णु अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच मुंगेली जिले के अध्यक्ष निलेश अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के प्रदेश संरक्षक कन्हैया अग्रवाल रायपुर, हरीवल्लभ अग्रवाल रायपुर, प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया गोयल शक्ति, प्रदेश महामंत्री नितेश अग्रवाल रायपुर की स्वीकृति एवं सहमति प्राप्त कर समाज के वरिष्ठ अग्रवाल बंधुओ के बीच लोरमी नगर के अग्रेसन भवन में एक बैठक का आयोजन किया तथा इस बैठक के दौरान संरक्षक, सदस्यगण व संगठन के विषयो पर चर्चा करते हुए उपस्थित समाज के



लोगो के द्वारा विभिन्न विषयो पर चर्चा करते हुए कार्यकारिणी संगठन जिला की नियुक्ति किया गया। इस दौरान अग्रवाल युवा मंच की जिला ईकाई का गठन मुँगेली जिला अध्यक्ष निलेश अग्रवाल के द्वारा कार्यकारिणी का गठन करते हुए संरक्षक नत्थुलाल अग्रवाल, मनोज चौधरी, विशाल चौधरी, कैलाश चौधरी, हितेश अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल पवन तुलस्यान, गोपाल अग्रवाल की नियुक्ति किया गया।

# सर्वस्व दानी पं. देवकीनंदन दिक्षित की प्रतिमा को किया गया शिफ्ट

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहर के सबसे बड़े दानदाताओं में से एक सर्वस्व दानी पंडित देवकीनंदन दिक्षित की प्रतिमा को भी आखिरकार शिफ्ट कर दिया गया। बिलासपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के चुनिंदा चौक चौराहों पर मौजूद आईलैंड को छोटा किया जा रहा है, ताकि बढ़ते वाहनों की संख्या और यातायात को नियंत्रित किया जा सके। इसी मकसद के साथ शहर के कई चौक चौराहों पर स्थित आईलैंड को हटाकर वहां मौजूद प्रतिमाओं को शिफ्ट किया जा रहा है। बिलासपुर में कंपनी गार्डन से आगे देवकीनंदन दिक्षित चौराहे पर पंडित देवकीनंदन जी की स्थित प्रतिमा को बिलासपुर स्मार्ट सिटी और



नगर निगम के अधिकारियों ने महापौर रामशरण यादव की मौजूदगी में शिफ्ट किया। इसके साथ ही मौजूद आइलैंड को भी हटाया गया। इससे पहले क्रेन की मदद से पंडित दीक्षित की प्रतिमा को वही किनारे स्थित भारत माता गार्डन में शिफ्ट किया गया। यह पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से निपट गई । जिस सर्वस्व महादानी पंडित देवकीनंदन दीक्षित ने शहर में ना जाने कितने दान किए उनके लिए आवाज उठाने वाला कोई नहीं था। इनकी जगह अगर कोई धार्मिक प्रतिमा या फिर किसी जाति विशेष के किसी नेता की प्रतिमा होती तो हंगामा खड़ा हो जाता। यही एक कृतघ्न समाज की निशानी है ।

महापौर रामचरण यादव ने बताया कि बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए इस चौराहे को छोटा किया जा रहा है । साथ ही उन्होंने कहा कि पंडित देवकीनंदन दीक्षित की प्रतिमा को पूरे सम्मान के साथ यही सड़क के किनारे स्थित उद्यान में शिफ्ट किया जा रहा। इसी के साथ यहां मौजूद आईलैंड को भी पूरी तरह से हटाकर रास्ते को चौड़ा किया गया है।

## शिव मंदिरों में भक्तों ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया



**लवन।** चित्रोत्पला महानदी डोंगरीडीह किनारे स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर में भक्तों ने श्रद्धा भाव से भोलेनाथ का पूजा अर्चना कर मंगल कामना का आशीर्वाद प्राप्त किया।सावन के प्रथम सोमवार को भक्तों ने शिवलिंग पर गंगजल, दूध, धतूरा, बिल्व पत्र, श्रीफल सहित फल अर्पित कर श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना किये।चित्रोत्पला महानदी किनारे स्थित बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त भी पहुंचे रहे। इस मौके पर मन्दिर के प्रमुख पुजारी लक्ष्मी नारायण पाटले, राजेश साहू भी मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत कुंरा सचिव निलंबित

**बेमेतरा।** शासकीय कार्य मे उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुंरा के पंचायत सचिव श्री पूनमचंद जांगड़े को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने एक आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि मे इनका मुख्यालय जनपद पंचायत नवागढ़ निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि मे उन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के नई कार्यकारिणी की पहली बैठक अग्रसेन धाम रायपुर में हुई सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की छत्तीसगढ़ इकाई की प्रथम प्रदेश कार्यकारिणी बैठक रायपुर के वी.आई.पी रोड स्थित अग्रसेन धाम में आयोजित की गयी। संगठन के पिछले 45 सालो के इतिहास में पहली बार रायपुर जिले से बाहर रायगढ़ जिले के संतोष अग्रवाल जी को प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया, महाराजा अग्रसेन जी की पूजा-आरती से बैठक आरंभ हुई, सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने सभी अतिथिगण एवं अग्रबन्धु सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं भविष्य की कई योजनाओं को अमल करने का संकल्प लिया। तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्होंने भाषण प्रारंभ करते हुए कहा कि मुख्यतः



समाज की प्रगति के लिए संगठन को और मजबूत करना होगा अग्रसेन महाराज जी की एक ईट और एक रूपया की निति को क्रियावन्त करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।÷उन्होंने कोरोना काल में अग्रवाल समाज द्वारा किये गए सामाजिक कार्यो का जिक्र किया जिसमे गरीब एवं बेसहारा लोगो को भोजन करवाना व ईलाज के लिए यथासंभव मदद करना भी शामिल था,उन्होंने अग्रबंधु द्वारा किये गए वृक्षारोपण कार्य की प्रशंसा की और इसे सदैव आगे बढ़ाते रखने का प्रण लिया। समाज में विधवाओं के लिए पुनर्विवाह व कोरोना से मृतक हुए अग्रवाल समाज के पीड़ित रिश्तेदारों के लिए प्रोजेक्ट शुरू करने का भी संकल्प लिया, जिसमे वे पीड़ित परिवारों के बच्चो के लिए शिक्षा एवं रोजगार व व्यापार में मदद करना सुनिश्चित करेंगे। अंत में उन्होंने प्रदेश के विभन्न क्षेत्रों से आये जिला अध्यक्ष व महामंत्रियों को ज्यादा से ज्यादा अग्रवाल परिवारों को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन से जोड़ने को कहा, प्रमोद जैन प्रदेश के युवा अध्यक्ष नियुक्त किये गए उन्होंने बड़े शहरों में रोजगार की खोज एवं उपचार के लिए आने वाले अग्रबन्धुओ के लिये महाराजा अग्रसेन रसोई प्रोजेक्ट की घोषणा की जिसमे धर्मशाला व सामाजिक भवन में सात्विक भोजन की व्यवस्था की जायेगी।

## किसानों की समस्या को लेकर भाजपा किसान मोर्चा ने दिया धरना

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में खाद की कमी और संकट से जूझ रहे प्रदेश के किसानों की समस्या के विरोध में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने सोमवार को प्रदेश भर में विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन किया। भाजपा किसान मोर्चा के बैनर तले प्रदेश के सभी 90 विधानसभाओं के साथ बिलासपुर में भी नेहरू चौक पर भाजपा नेता विरोध करते दिखे।

यहां विरोध प्रदर्शन करते भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश के किसान एक अरसे से कृषि कार्य में खाद की कमी से जूझ रहे हैं। एक ओर सोसाइटी में खाद नहीं मिल रही तो दूसरे ओर खुले बाजार में ऊंचे दामों में खाद की बिक्री हो रही है और इस कालाबाजारी पर राज्य सरकार की मौन सहमति है। भाजपा नेताओं ने



कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की गलत नीति और नियत की वजह से किसान परेशान है, इसीलिए भाजपा किसान मोर्चा को किसानों की आवाज बनकर धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। तो वहीं भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि किसानों की समस्या के प्रति घोर असंवेदनशील भूपेश बघेल सरकार इस आंदोलन को कुचलने सभी जिला मुख्यालयों में धारा 144 लगाकर इसे रोकने का प्रयास कर रही है।

# कुरूद के काँवरियों ने राजिम के त्रिवेणी संगम से जल लेकर कुलेश्वर महादेव एवं जलेश्वर महादेव में जलाभिषेक किये

पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com

सावन महोत्सव में इस बार बोल बम काँवरियों के द्वारा नगर एवं क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुजनों एवं बोल बम से जुड़े काँवरिया साथीगण प्रत्येक सोमवार को राजिम महानदी के त्रिवेणी संगम से पवित्र जल को हमारे काँवरिया साथीगण गंगा जल स्वरूप जल भरकर 65 सदस्यों की टोलियों द्वारा 35 मोटर साइकल से पहले सोमवार का यात्रा प्रारंभ हुआ ! काँवरिया साथीगण कुरूद के जलेश्वर महादेव को बाबा बैधनाथ का प्रतिबिम्ब मानकर एक लोटा जल अर्पित किये और एक लोटे का जल कुलेश्वर महादेव राजिम मे अर्पित कर नगर, क्षेत्र, प्रदेश, देश, अपने परिजनों के सुख-समृद्धि एवं कोरोना काल से जल्द मुक्ति के लिए भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद एवं मनोकामना माँगें, आज दिनांक 26 जुलाई सोमवार को सुबह 5 बजे चंडी मंदिर कुरूद के पास काँवरिया साथियो के लिए बोल



बम सेवा समिति की ओर से निःशुल्क काँवर एवं झंडे की व्यवस्था की गई है, सभी काँवरिया साथीगण अपने अपने काँवर-लोटा, बोल बम ड्रेस, के साथ यात्रा कर कुरूद के जलेश्वर महादेव मे प्रत्येक सोमवार को ही एक साथ जल अर्पन करते जायेगे !

विदित हो कि बोल बम सेवा समिति कुरुद द्वारा बोल बम की यात्रा अनवरत रहे इसलिए 20 वर्षो की बाबा बैधनाथ यात्रा पश्चात कोरोना के चलते लगातार दुसरे साल कोविड नियमों का पालन करते हुए हमारे संस्था के सदस्यों ने सांकेतिक धार्मिक संदेश देने इस यात्रा का रूपरेखा बनाये है ! इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों में भानु चन्द्राकर अध्यक्ष, बोल बम सेवा समिति, रविकान्त चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष न.प. कुरूद, नंद आमदे जी उपाध्यक्ष, शरद पंडा जी सचिव, अजय कुमार जी कोषाध्यक्ष, भारत साहु जी सह कोषाध्यक्ष, कमल शर्मा जी सहसचिव, किशोर यादव जी मिडिया प्रभारी, वरिष्ठ सदस्यगण जितेन्द्र चन्द्राकर, सुनिल चन्द्राकर, प्रभात बैस, रमेश सिन्हा, बल्ला साहु, गालो रतलानी, प्रकाश ढीमर, नरेन्द्र सोनी, भारत भूषण पंचायन, रामचंद्र देवांगन, बलराम साहु, बाबूलाल साहु, रवि चन्द्राकर, संतोष साहु, विष्णु चन्द्राकर, अनूप यादव, चंदू चन्द्राकर, द्वारका साहु, कैलाश साहु, जितेन्द्र सिन्हा, शंकर साहु, कन्हैया सिन्हा सहित संस्था के सदस्यगण जत्था मे सम्मिलित हुए दर्शन लाभ लिये।

**देशभर में मनाई गई कारगिल युद्ध की 22वीं वर्षगांठ**

# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे कबीरधाम जिला के पूर्व सैनिक संघ के समस्त लोगों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन् किया।

कारगिल युद्ध की 22वीं वर्षगांठ देशभर में मनाई जा रही है। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को मुंह की खाने के बाद लगातार छेड़े गए छद्म युद्ध के रूप में पाकिस्तान ने ऐसा ही छद्म हमला कारगिल में 1999 मे किया गया था। 18 हजार फीट की ऊंचाई पर कारगिल का यह युद्ध तकरीबन दो माह तक चला, जिसमें 527 वीर सैनिकों की शहादत देश को देनी पड़ी। 1300 से ज्यादा सैनिक इस जंग में घायल हुए। पाकिस्तान के लगभग 1000 से 1200 सैनिकों की इस जंग में मौत हुई। भारतीय सेना ने अदम्य साहस से जिस तरह कारगिल युद्ध में दुश्मन को खदेड़ा, उस पर हर देशवासी को गर्व है।

इन्हीं में से कुछ नाम ऐसे भी हैं, जिनकी वीर गाथा आज भी हर प्रदेश वासी की जुबान



पर है। कैप्टन विक्रम बत्रा जब पहली जून 1999 को कारगिल युद्ध के लिए गए तो उनके कंधों पर राष्ट्रीय श्रीनगर-लेह मार्ग के बिलकुल ठीक ऊपर महत्वपूर्ण चोटी 5140 को दुश्मन फौज से मुक्त करवाने की जिम्मेदारी थी। आसान नहीं थी कारगिल की जंग यह दुर्गम क्षेत्र मात्र एक चोटी ही नहीं थी यह तो करोड़ों देशवासियों के सम्मान की चोटी थी जिसे विक्रम बत्रा ने अपनी व अपने साथियों की वीरता के दम पर 20 जून 1999 को लगभग 3 बजकर 30 मिनट पर अपने कब्जे में ले लिया। उनका रेडियो से विजयी उद्घोष यह दिल मांगे मोर, जैसे ही देश वासियों को सुनाई दिया हर एक भारतीय की नसों में ऐसा जज्बा भर गया और हर एक की जुबान भी यह दिल मांगे मोर... ही कह रही थी।

शहीदों की शहादत की कहानियो में भिलाई इस्पात नगरी के वीर सपूत वीर चक्र शहीद कौशल यादव ऑपरेशन विजय में 25 जुलाई 1999 को भारत-पाक सीमा पर वीरगति को प्राप्त हुए थे। टीम के सभी सिपाही द्रास सब सेक्टर टाइगर हिल से 4 किलोमीटर आगे सीमा रेखा के पास थे। कौशल ने वहां रो फिक्स किया था।यह रो 200 मीटर की दूरी पर था। इसी बीच उन्हें जानकारी हो चुकी थी कि यहां लगभग 160 की संख्या में दुश्मन मौजूद हैं और वे सिर्फ25 जांबाज सिपाही है । 25 जुलाई 1999 को सुबह 8 बजे दोनों तरफ फायरिंग शुरू हो चुकी थी। तभी करीब 10 बजे कौशल और दुश्मनों के बीच आमने-सामने की स्थिति बन गई। जहां कौशल यादव उनसे भिड़ गए। इसी बीच दुश्मन की एक गोली उनके कंधे पर लगी। कौशल की सांसें उखडने लगीं और धनवंता देवी का लाला (मां प्यार से लाला कहकर पुकारती थी) देश के लिए शहीद हो गया। बिलासपुर जिले से संबंध रखने वाले परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार की वीर गाथा भी इसी तरह की है, कारगिल की पहाड़ी टाईगर हील कारगिल का युद्ध इतना कठिन था कि वहां छिपने के लिए खाली व सूखी पहाड़ियों के अलावा कुछ भी नही था इस लड़ाई में दुश्मन सैनिकों के साथ गुत्थमगुथा की इतनी भयानक लड़ाई लड़ी गई द्रास सेक्टर की सबसे मुश्किल और मशहूर चोटी टाईगर हिल्स पर फतह हासिल की।

## संपादकीय

# कोविड की तीसरी लहर

## लापरवाही से बचें

सभी संकेत मिल रहे हैं कि कोविड-19 की तीसरी लहर आने वाली है। ऐसे में भारत को सुरक्षा बनाए रखनी चाहिए। कोविड-19 की दूसरी लहर के 25 जून से घटने की उम्मीद है, पर राहत की यह बात कुल मामलों की संख्या या महामारी-विरोधी रणनीतिकारों के प्रेक्षणों में नहीं दिखती है। राष्ट्रीय स्तर पर नए मामले 39,000 से अधिक हैं और उनकी संख्या बढ़ रही है। इसके साथ ही उच्चाधिकार प्राप्त रणनीतिक समूह ने सरकार से कह दिया है कि रोज आने वाले मामले 50,000 से अधिक हो सकते हैं। क्या सरकार को इसे तीसरी लहर की चेतावनी की तरह लेना चाहिए? पहली बार रणनीतिकारों ने प्रारम्भिक चेतावनी जल्दी दे दी है। पहली बार देश की कोविड-रोधी नीति का संचालन प्रशासन के बजाय सीधे वैज्ञानिक कर रहे हैं। इस परिवर्तन से दो संदेश जाते हैं। पहला, दूसरी लहर देश में काफी कमजोर हो गई है और यह मुख्यतः दो राज्यों-केरल व महाराष्ट्र तक सीमित है।

दूसरा, 50,000 मामलों की सीमा पार होने का अर्थ चिकित्सा ढांचे पर दबाव बढ़ने की शुरुआत होगा। ऐसे में रणनीतिकार सुरक्षित रूप से अनुमान लगा रहे हैं कि भविष्य में लहर के शिखर पर रोज चार-पांच लाख मामले आएंगे तथा नए मामलों की सीमा लगभग दस गुना है। इससे केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों को स्पष्ट तस्वीर मिल जानी चाहिए कि अगले दो महीनों में उनको अतिरिक्त ढांचा किस तरह संगठित करना है।

ब्रिटेन के उदारहण पर गौर किया जा सकता है कि उसने नई स्थिति से निपटने के लिए क्या किया जब नए मामलों की संख्या 50,000 पार कर गई। वर्तमान समय में पाजिटिव टेस्ट वालों की संख्या खतरनाक रूप से बढ़ रही है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में लगभग 6,50,000 लोग पाजिटिव पाए गए हैं। अस्पतालों में भर्ती लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। इसके बावजूद सरकार ने सभी नियंत्रणों में ढील दी है। अब सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य नहीं रह गई है तथा कानून द्वारा फेस मास्क पहनना जरूरी नहीं रह गया है तथा लोगों के बड़े समूहों से प्रतिबंध हटा लिया गया है। पूर्ण अनलाक के लिए ब्रिटिश सरकार की आलोचना हो रही है, पर सरकार को संभवतः दो स्रोतों से विश्वास है। पहला, ब्रिटेन में 46 मिलियन से अधिक लोग या वयस्कों के 87.6 प्रतिशत को टीके की पहली खूराक मिल चुकी है तथा 35.5 मिलियन या 67.5 प्रतिशत का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। टीकाकरण की उच्च संख्या तथा संक्रमित व बिना टीका लगे लोगों में एंटीबाडी की उपस्थिति से संक्रमण की गंभीरता और अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता कम होती है तथा मौत की संभावना घटती है। दूसरा, हजारों लोग एनएचएस कोविड एप का प्रयोग कर हर दिन एलर्ट के अनुसार स्वयं पृथक्कृत रहते हैं तथा पाजिटिव होने की स्थिति में दूसरों को सतर्क करते हैं कि उनके संपर्क में न आएं। उच्च स्तरीय टीकाकृत होने के कारण ब्रिटेन ने स्वयं को सुरक्षा प्रोटोकालों से अलग किया है, भले ही मामले बढ़ रहे हैं। भारत में टीकाकरण का स्तर कम है, प्रोटोकालों का उल्लंघन अधिक होता है तथा मामले बढ़ रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि टीकाकरण और सुरक्षा उपायों के प्रति लापरवाही के कारण वैश्विक महामारी की तीसरी लहर आना अवश्यंभावी है। ऐसे में टीकाकरण को गति देने के साथ सुरक्षा उपायों का कठोरता से पालन जरूरी है और भारतीय रणनीतिकारों को इस पर अवश्य जोर देना चाहिए।

# पुतिन के लिए सिरदर्द बनी चीन से दोस्ती

## 1969 में, चीन ने साइबेरिया की उससुरी नदी पर कुछ द्वीपों का अधिग्रहण किया। अब, इसने पूरे साइबेरिया को अपने क्षेत्र के रूप में दावा करना शुरू कर दिया है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं प्रख्यात स्तम्भकार हैं)



**पिछले** महीने के अंत में, रूस और चीन ने अपनी मित्रता संधि को और पांच वर्षों के लिए नवीनीकृत किया। ऐसा लगता है कि कॉमरेड पुतिन चीन से संभावित खतरे को नज़रअंदाज़ कर एक खतरनाक गलती कर रहे हैं। वह केवल 17 वर्ष का था जब सोवियत संघ ने रूस के साइबेरिया (स्लीपिंग लैंड) में स्थित उससुरी नदी के पार सात महीने का मिनी-युद्ध लड़ा। बीजिंग की महत्वाकांक्षा कितनी बड़ी थी, यह कोई नहीं जानता, लेकिन सोवियत को हमलावर को एक निहित परमाणु खतरा बताना पड़ा। चेहरा बचाने के लिए, माओ ज़ेडॉन्ग ने अपने प्रीमियर झोउ एन लाई के माध्यम से पीपुल्स वॉर की धमकी दी, जिसका अर्थ था कि सैकड़ों-हजारों चीनी सैनिक सोवियत टैंकों को झुका देंगे, जैसा कि उन्होंने 1951-52 में कोरियाई युद्ध में अमेरिकियों के साथ किया था। चीनी नेता की सुविधा का विश्वास मशीन पर मनुष्य की श्रेष्ठता थी। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने सोवियत सैनिकों पर घात लगाकर उससुरी के द्वीपों में से एक पर युद्ध के अपने विचार का प्रदर्शन किया।

अंत में, चीन ने नदी पर काफी कुछ द्वीप प्राप्त किए, जो सोवियत संघ के लिए एक नुकसान थे। तार्किक रूप से, अधिक संघर्ष आगे है। चीन 1969 की तुलना में बहुत बड़ी परमाणु शक्ति है। उसकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ी हैं और वर्तमान संकेतों से, वह एक महाशक्ति बनना चाहता है। हमें यह याद रखना होगा कि साइबेरिया एक विरल आबादी के साथ 13 मिलियन वर्ग किमी से अधिक है, जबकि चीन लोगों के साथ उबल रहा है लेकिन कृषि योग्य भूमि की कमी है। संयोग से, येलो जाइंट ने न केवल उससुरी बल्कि अमूर और अर्गुन नदियों के बीच में कई सौ द्वीप प्राप्त किए। चीन को यह लाभ और यूएसएसआर द्वारा नुकसान दशकों की कठोर वार्ता के बाद हुआ जो 2004 में समाप्त हो गया। जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के गर्म होने के साथ, साइबेरिया अधिक मेहमाननवाज बन सकता है। आज पूरे क्षेत्र को सर्दियों में बहुत कम तापमान के कारण शत्रुतापूर्ण माना जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के साथ, साइबेरिया के चीन के कब्जे के लिए आकर्षक बनने की संभावना है। यह क्षेत्र कोयला, प्राकृतिक गैस, हीरे, लौह अयस्क, सोना और एल्यूमीनियम में समृद्ध है। साइबेरिया पर जबरन कब्जा करने वाले चीन के संभावित परिदृश्य को अब काल्पनिक या काल्पनिक के रूप में नहीं देखा जा सकता है। एक पश्चिमी स्तंभकार पैट्रिक प्रिंस्टन ने हमें सूचित किया कि एक चीनी पोर्टल जिंजी टुटियाओ ने एक लेख प्रकाशित किया, जिसके लेखक साइबेरिया को चीनी भूमि कहते हैं।

चीनी मीडिया नियमित रूप से रूसी शासक व्लादिमीर पुतिन की प्रशंसा करता है और वह कितनी चतुराई से पश्चिम को उसके स्थान पर रखता है। बस, बीजिंग के दृष्टिकोण से, रूस न केवल एक अच्छा दोस्त है, बल्कि एक उत्कृष्ट संभावित पुरस्कार भी है। दुनिया भर में कोई भी देश ऐसा नहीं है जो हमेशा मित्रवत हो या, इसके विपरीत, हमेशा एक-दूसरे के प्रति शत्रुतापूर्ण हो। अतीत में, मंगोलों द्वारा साइबेरिया पर विजय प्राप्त की गई थी और इसलिए, वास्तव में, चीनी क्षेत्र है। यह तेजी से चीन का परहेज बनता जा रहा है।

द न्यू यॉर्क टाइम्स के कॉलम ''व्हाई चाइना रिक्लेम्स साइबेरिया'' में जो बर्गेस एक कठोर परिदृश्य पेश करते हैं- एक भूमि के बिना लोगों के लिए लोगों के बिना भूमि, बर्गेस कहते हैं। भूमि उतनी ही संसाधन संपन्न और लोग-गरीब है जितना कि चीन इसके विपरीत है। उस तर्क का वजन क्रेमलिन को डराना चाहिए। प्यार की तरह, एक सीमा तभी वास्तविक होती है जब दोनों पक्ष उस पर विश्वास करते हैं। और चीन-रूसी सीमा के दोनों ओर, यह विश्वास डगमगा रहा है। साइबेरिया - रूस का एशियाई भाग, यूराल पर्वत के पूर्व में - विशाल है। यह रूस के भूमि द्रव्यमान का तीन-चौथाई हिस्सा लेता है, जो पूरे अमेरिका और भारत के बराबर है।

सीमा के दक्षिण में 1.35 अरब चीनी लोग रूस के 144 मिलियन लगभग 10 से 1 से अधिक हैं। यह विसंगति साइबेरिया के लिए और भी अधिक है, मुश्किल से 38 मिलियन लोगों का घर है, और विशेष रूप से सीमा क्षेत्र, जहां केवल छह मिलियन रूसी 90 से अधिक का सामना करते हैं। मिलियन चीनी। उस सीमा के पार अंतर्विवाह, व्यापार और निवेश के साथ, साइबेरियाई लोगों ने महसूस किया है कि, बेहतर या बदतर के लिए, बीजिंग मास्को की तुलना में बहुत करीब है। भूमि पहले से ही चीन को ''दुनिया का कारखाना'' प्रदान कर रही है, इसके अधिकांश कच्चे माल, विशेष रूप से तेल, गैस और लकड़ी के साथ। तेजी से, साइबेरिया में चीनी स्वामित्व वाली फैक्ट्रियों ने तैयार माल का मंथन किया जैसे कि यह क्षेत्र पहले से ही मध्य साम्राज्य की अर्थव्यवस्था का हिस्सा था। बीजिंग रूस की अपनी रणनीति का उपयोग कर सकता है- विवादित क्षेत्रों में सहानुभूति रखने वालों को पासपोर्ट सौंपें, और फिर अपने नागरिकों की रक्षा के लिए सैन्य रूप से आगे बढ़ें। यदि बीजिंग साइबेरिया को बलपूर्वक लेने का विकल्प चुनता है, तो मास्को इसे रोकने का एकमात्र तरीका परमाणु हथियारों का उपयोग कर सकता है।

इस साल 20 मई को प्रेस के साथ एक बैठक में, पुतिन ने थोड़ी रंगीन भाषा का इस्तेमाल करते हुए, साइबेरिया के एक टुकड़े को भी काटने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के दांत तोड़ने की धमकी दी। वह निश्चित रूप से अमेरिका या पश्चिम के बारे में नहीं सोच रहा होगा। चीनी तानाशाह शी जिनपिंग ने पिछले साल ही पुतिन को अपना सबसे अच्छा दोस्त बताया था।

लेकिन तमाम अच्छे-अच्छे बयानबाजी के बावजूद, चीन-रूस संबंधों की वास्तविकता उथली है। अमेरिका और मित्र देश क्वाड जैसे सामान्य मूल्यों या संरचनाओं के एक समूह के करीब आ गए हैं। रूस और चीन के मामले में दूर-दूर तक तुलनीय कुछ भी नहीं है; इस साझेदारी में, जो बिना किसी वास्तविक राजनीतिक एकीकरण के विशुद्ध रूप से लेन-देन है, रूस बहुत कनिष्ठ भागीदार है, चीन के साथ भौगोलिक रूप से विशाल, संसाधन-समृद्ध लेकिन कम आबादी वाले यूरेशियन पड़ोसी की नजर है।

# निजता पर हमला है पेगासस मामला

भारत लोकतांत्रिक देश है और जनता लोकतंत्र के केंद्र में होती है। पेगासस जैसी घटनायें नागरिकों के मूलाधिकारों में हस्तक्षेप हैं। हालांकि, संविधान में निजता के अधिकार का उल्लेख नहीं है, पर यह संविधान के विभिन्न प्राविधानों में अंतर्निहित है।


**प्रियंका चतुर्वेदी**
(लेखिका राज्यसभा सदस्य हैं)



**पिछले** सप्ताह न्यूजब्रेक इंटरनेशनल के सनसनीखेज खुलासे से पता चला कि इस्राइली जासूसी साफ्टवेयर पेगासस के माध्यम से 300 से अधिक भारतीयों की जासूसी हो रही है। इस साफ्टवेयर में फोन को हैक कर उसकी फाइलों, दस्तावेजों, वायस कार्ड तथा हैक व्यक्ति के वीडियो तक पहुंचने की क्षमता है। इस सूची में पत्रकार, विपक्षी नेता, एक्टिविस्ट व कैबिनेट मंत्री तक शामिल हैं। अधिकांश नाम अवस्थापना-विरोधी हैं और उनकी जांच की कहानियों ने सरकार की अनेक विफलतायें उजागर की हैं। पेगासस प्रकरण ने एक बार फिर निजता की अवधारणा तथा इस बात पर सवाल उठाए हैं कि राज्य किस सीमा तक निजता अधिकारों में हस्तक्षेप कर सकता है। भारत में जासूसी का इतिहास नया नहीं है, पर पहली बार रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा में प्रयोग होने वाली संवेदनशील तकनीक का प्रयोग अनैतिक रूप से सरकार-विरोधी लोगों के संप्रेषणों तक पहुंचने के लिए हो रहा है। इस मामले का बचाव करने वाला कोई भी व्यक्ति लोगों के मूलाधिकारों को नुकसान पहुंचाने के खतरनाक रास्ते पर चलेगा।

यह विवाद सामने आने के बाद से ही आईटी मंत्री का एकमात्र बचाव यह है कि लोगों की निजता को सुरक्षा देने का कानून है तथा सरकारों द्वारा इसका पालन जरूरी है। भारत में निगरानी दो कानूनों-टेलीग्राफएक्ट व इन्फर्मेशन टेक्नोलोजी एक्ट के अंतर्गत की जा सकती है। टेलीग्राफ एक्ट का संबंध आडियो काल रिकार्ड और उनको पकड़ने से है, आईटी एक्ट का संबंध सभी इलेक्ट्रानिक संप्रेषण से है। लेकिन दोनों कानूनों में कमियां हैं और केन्द्र द्वारा इनको दूर करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। इनके द्वारा विपक्षी स्वरों की निगरानी होती है और उनको खामोश करने का प्रयास किया जाता है। भारत लोकतांत्रिक देश है और जनता लोकतंत्र के केंद्र में होती है। पेगासस जैसी घटनायें नागरिकों के मूलाधिकारों में हस्तक्षेप हैं। हालांकि, संविधान में निजता के अधिकार का उल्लेख नहीं है, पर यह संविधान के विभिन्न प्राविधानों में अंतर्निहित है।

2017 में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मत फैसले में माना है कि निजता का अधिकार मूलाधिकार है, जबकि केन्द्र सरकार ने इसके विपरीत राय रखी थी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निजता का अधिकार अंतर्निहित है। पुट्टास्वामी फैसले के



अनुसार, 'किसी व्यक्ति को अपने पर्सनल डेटा पर नियंत्रण का अधिकार है और इस पर तथा अपने जीवन पर नियंत्रण का अर्थ उसके जीवन तथा इंटरनेट पर उसके अस्तित्व पर नियंत्रण होगा।' निगरानी के मुद्दे में निजता की अनुपस्थिति स्वतंत्रता व गरिमा के आदर्शों में हस्तक्षेप है जिनकी कल्पना भारतीय संविधान ने की है और इससे देश के नागरिक के विकास में बाधा आती है। डिजिटल संप्रेषण के इस युग में 'शून्य निगरानी' का अर्थ निजता के अधिकार से जुड़ा है। पेगासस आरोप हमारे उन लोकतांत्रिक आदर्शों का हनन करते हैं जिन पर हमारा देश आधारित है। इससे देश की संप्रभुता खतरे में पड़ती हे तथा यह देश के लिए गंभीर चिन्ता का विषय है क्योंकि यहां नागरिकों के डेटा व निजता की रक्षा के लिए जवाबदेह संस्थागत ढांचा उपलब्ध नहीं है। विश्वसनीय, संप्रभु व जवाबदेह ढांचे की अनुपस्थिति ने पूरे देश को ऐसे साइबर खुलासों की दया पर छोड़ दिया है। जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा पारदर्शिता लाने वाला पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल अनेक विसंगतियों से भरा है और अभी स्थाई समिति उसकी जांच कर रही है। भारत में तेजी से डिजिटल संप्रेषण व बिजनेस बढ़ा है तथा स्मार्टफोन अब विशिष्टता के बजाय जरूरत बन गए हैं। कोविड-19 के कारण डिजिटलीकरण प्रक्रिया और तेज हुई है। सारी चीजें उंगलियों पर उपलब्ध होने के कारण संप्रभु राष्ट्र के लिए जरूरी हो गया है कि वह एक उपयुक्त संस्थागत ढांचा तैयार करे।

डिजिटल भारत में वर्ष 2025 तक 900 मिलियन इंटरनेट के सक्रिय प्रयोगकर्ता होंगे, लेकिन वह साइबर युद्ध के खतरे से परेशान है जिनका संचालन दूसरे देश कर सकते हैं। इसलिए व्यावहारिक है कि सरकार कठोर डेटा संरक्षण तथा निजता कानून बनाए तथा इनकी सुरक्षा के लिए एक ढांचा तैयार करे ताकि जनता के अधिकारों की सुरक्षा हो सके। स्मार्टफोन प्रयोग करने वालों की संख्या बढ़ने के साथ भारत में डेटा संरक्षण नीति होनी चाहिए। व्यवस्था में कमियों के कारण इस मुद्दे पर कोई जवाबदेही नहीं है कि डिजिटल डेटा का स्वामी कौन है। इस मामले में बिग बास जैसे रियलिटी शो पर गौर किया जा सकता है जहां हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है तथा आप इससे दूर नहीं हो सकते हैं। डेटा में हस्तक्षेप का अर्थ लोगों से उनकी निजता और गरिमा छीनना हो सकता है। निगरानी में अनेक विपक्षी नेताओं के शामिल होने के कारण यह मामला राजनीतिक हो गया है और मानसून सत्र शुरू होने के बाद से संसद में रोज हंगामा हो रहा है। पारदर्शिता के हित में सरकार को इन आरोपों पर गौर करना चाहिए, पर वह इनको पूरी तरह खारिज करने में लगी है और अब तक उसने इसे भारत-विरोधी षडयंत्र बताया है। विभिन्न देशों द्वारा जासूसी मामले की जांच के बाद यह दृष्टिकोण हास्यास्पद लगता है। फ्रांस ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं तथा इस्राइल ने एक वरिष्ठ अंतर-मंत्रालयी समूह इस पर गौर करने के लिए बनाया है। लेकिन भारत सरकार अपनी स्थिति का बचाव कर रही है।


प्रशासन में सीज़र की पत्नी का सिद्धान्त लागू होता है कि शासन करने वाला संदेह से परे होना चाहिए। लेकिन सरकार लगातार भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। यह विवाद नीतिगत ढांचे की अनुपस्थिति के कारण है जिसका लाभ सत्तारूढ़ लोग उठा सकते हैं। संवैधानिक मानकों के प्रति यह लापरवाही ठीक नहीं है, भले ही सत्ता में चाहे जो हो। अनेक लोगों का मानना है कि संविधान में लिखित उनकी स्वतंत्रतायें एक-एक कर छीनी जा रही हैं। यह समय इस मुद्दे पर बोलने, अपने अधिकारों की सुरक्षा करने तथा अपने दायित्वों के पालन का है।

## फरमाया




**मैं** भारत के लिए पहला पदक जीतकर बहुत प्रसन्न हूं। मैं सिर्फ मणिपुर की ही नहीं सारे देश की हूं।

**-एसएम चानू**
ओलम्पिक रजत पदक विजेता



कांग्रेसनीत विपक्ष के पास उठाने को ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जो जनता से जुड़ा हो। इसीलिए वे स्नूपगेट जैसे मुद्दे उठा रहे हैं।

**- जेपी नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष



लातिनी अमेरिकी राज्यों को यूरोपीय संघ जैसा कुछ करना चाहिए मगर हमारे इतिहास, यथार्थ और अस्मिताओं से जुड़ा रहना चाहिए।

**-एएमएल ओब्राडोर**
मैक्सिको के राष्ट्रपति

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

### बच्चों की वैक्सीन

**देश** दुनिया में कोरोना महामारी ने लोगों को बर्बादी की राह पर लाकर छोड़ दिया। कोरोना की दूसरी लहर इतनी घातक सिद्ध हुई कि कही अपने कही रिश्ते मौत के आगोश में हमेशा हमेशा के लिए गहरी नींद सो गए। व अश्को के आंसुओ के सैलाब बह निकले। अब कोरोना की तीसरी लहर की संभावना व बच्चों की वैक्सीन की उम्मीद ये दोनों का तुलनात्मक विश्लेषण की सकारात्मक गवाही समय ही दे सकता है। परन्तु एम्स निदेशक डॉ गुलेरिया जी ने कहा कि कोवेक्सीन का परीक्षण अंतिम चरण में है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो देश मे सितंबर तक बच्चों के लिए भी कोरोना रोधी वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी। निश्चित यह उम्मीद उन माता पिता की चिंता की लकीरों को रोकेगी जो अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कोरोना की तीसरी लहर को लेकर चिंतित है। वर्तमान हालात पर नजर डाले तो कोरोना की रफ्तार नगण्य सी हो गई। व चिंताजनक हालात नही है। परन्तु आमजन व भीड़तंत्र के दृश्यों को देखा जाए तो लापरवाही का आलम व कोविड नियमो की अनदेखी तीसरी लहर को आमंत्रण की मौन स्वीकृति देती नजर आ रही है। समझ से परे लगता है कि लोग कोरोना को हल्के में लेकर पुनः लापरवाही बरतने लगे।

**- योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

### देश की बात

**देश** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मनकी बात कार्यक्रम की79कड़ी में लोगो से आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाने की अपील किया। गांधीजी ने अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन चलाया।आज भारत जोड़ो आंदोलन चलाने की जरूरत है। स्वदेशी उत्पादों का अधिकाधिक प्रयोग और स्थानीय उत्पादों को खरीदने की ओर आमजन का ध्यान होना चाहिये। प्रधानमंत्री के माई गाव पोर्टल पर युवाओं द्वारा अधिक सुझाव भेजे गए। प्रधानमंत्री ने देश मे राष्ट्रवाद की भावना बढ़ाने के लिये याद करो कुर्बानी, अमृत महोत्सव महापुरुषों के नाम पर अनेककार्यक्रम शुरू किये। लेकिन बढ़ती हुई महंगाई पर रोक, बेरोजगारी समस्या, आतंकवाद, अराजकता, भ्रष्टाचार और लचर प्रशासनतन्त्र के कारण कराहते देश की ओर ध्यान देने की जरूरत है। कोरोना महामारी से त्रस्त देश मे सरकार द्वारा हर सम्भव लोगों को सहायता उपलब्ध कराने का भागीरथी प्रयास किया गया। लेकिन प्रशासनतन्त्र ने सरकार का अपेक्षित सहयोग नही किया। अमृत महोत्सव देश के प्रशासनतन्त्र और प्रशासनिक अधिकारियों को सक्रिय, जवाबदेह बनाकर ही सफल हो सकता है।

**- कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

### हरित ऊर्जा की ओर

**कोविड-19** महामारी के कारण उत्पन्न आर्थिक और सामाजिक व्यवधान विनाशकारी साबित हुए हैं। लाखों उद्यमों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। महामारी के कारण अनौपचारिक अर्थव्यवस्था से सम्बद्ध कर्मी विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश समाज सुरक्षा और गुणवत्ता पूर्व स्वास्थ्य देखभाल पहुंच की कमी से प्रभावित हैं और अर्थव्यवस्था में उत्पादक आस्तियों और मांग तक अपनी पहुंच काफी कम है। भारत को वी आकार की रिकवरी की आवश्यकता है और इसके लिए एक वृहत मांग प्रोत्साहन दिया जाना काफी महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में एक हरित प्रोत्साहन आवश्यक है जो की मांग उत्पन्न करने वाली प्रदूषण की समस्या को संबोधित करने और हरित ऊर्जा की ओर ट्रांजिशन या अवस्थान्तर में तेजी लाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। बताते चलें कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 का बहुत अधिक प्रभाव मिला है जैसे कि जीडीपी विकास दर पर, ऑटोमोबाइल उद्योग पर, फार्मास्युटिकल्स पर, और विनिर्माण और अन्य क्षेत्रों पर।

**- सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

## क्विक न्यूज

### शर्तों के साथ ऑफलाईन कक्षाएं संचालन की अनुमति

**बेमेतरा।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग की ऑफलाईन कक्षाएं प्रारंभ करने के संबंध में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में कल यहां मंत्रालय से जारी आदेश अनुसार ऑफलाईन कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति शर्तों के आधार पर दी गई है। ऑफलाईन कक्षाएं प्रारंभ करने की शर्तो के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी निजी एवं शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की कक्षाएं सोमवार 2 अगस्त 2021 से प्रारंभ होगी।

## निधन

### सुभाष शर्मा



**बेमेतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं नवभारत बेमेतरा के ब्यूरो चीफ विजय शर्मा के बड़े सुपुत्र सुभाष शर्मा (27) का मंगलवार 27 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया. उनका अंतिम संस्कार सिंघौरी स्थित मुक्तिधाम में किया गया. वे सागर, सौरभ, शक्ति, शिवम के बड़े भाई और शुभ शर्मा के पिता थे. वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए. उनके अंतिम संस्कार में शहर के गणमान्य नागरिक व स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भाजपा किसान मोर्चा ने किया विधानसभा स्तरीय धरना

पायनियर संवाददाता ‹ दल्ली राजहरा
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों एवं योजनाओं के विरोध में भाजपा किसान मोर्चा ने डौंडीलोहारा में विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन आयोजित कर प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोलते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया । उक्त धरना प्रदर्शन में भाजपा डौंडी मंडल के अध्यक्ष मनीष झा के मार्गदर्शन एवं किसान मोर्चा के अध्यक्ष मितेंद्र वैष्णव के नेतृत्व में डौंडी मंडल क्षेत्र से सैकड़ों किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए । इस अवसर पर आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल खोबरागड़े ने कहा कि कांग्रेस की नीयत और नीति दोनों किसान विरोधी है। किसानों के दम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार में सबसे ज्यादा किसान ही परेशान है , खेती किसानी के समय प्रदेश सरकार द्वारा लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में मांग के अनुरूप खाद की पर्याप्त आपूर्ति कर दिए जाने के बाद भी भूपेश सरकार समितियों में खाद का कृत्रिम अभाव पैदा कर बिचौलियों एवं कांग्रेस समर्थित व्यापारियों को लाभ पहुंचाना चाहती है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेंद्र माहला ने कहा कि किसानों को उन्नत बीज एवं खाद उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है आज बाजार में बहुतायत में नकली खाद बेची जा रही है जिस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोमेश साहू ने कहा कि सहकारी समितियों में किसानों का ही पैसा जमा है, सहकारिता के क्षेत्र में किसी भी किसान का कर्जा माफ नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार ने ढाई साल में सहकारी संस्थाओं को कंगाल कर दिया है। प्रदेश सरकार की नरवा घुरवा एवं बारी योजना केवल कागजों तक सिमट कर रह गई है। जिला पंचायत की पूर्व सदस्य एवं जिला भाजपा की मंत्री अनिता कुमेटी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों की भलाई के लिए अभी तक कोई भी नई योजना नहीं बनाई है सरकार शराब कोचिया के रूप में काम कर रही हैं। कॉंग्रेस सरकार प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न को रोक पाने में नाकाम साबित हुई है। विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन में भाजपा डौंडी मंडल के अध्यक्ष मनीष झा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों में असफल रहने वाली कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को तत्काल अपने पद से इस्तीफा देते हुए किसानों एवं प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा डौंडी मंडल के महामंत्री भीषण टंडन, कोषाध्यक्ष अजय चौहान,मंत्री योगेंद्र गांधी,नगर पंचायत डौंडी के उपाध्यक्ष रुपेश नायक ,उपाध्यक्ष नगर पंचायत परिषद के उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम,युवा मोर्चा के अध्यक्ष संजीव मानकर ,महामंत्री ब्रिज मणि यादव, पार्षद रेखा चौहान ,पार्षद मातरम दास कोसरे,महिला मोर्चा की अध्यक्ष रजनी जायसवाल, कमलेश्वरी धनकर ,पुष्पजीत बैस, टिकेंद्र साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता दराज खान, नंदू बघेल, मुरहा राम सेन, शिव टेकाम, मनरखन ठाकुर, झाडूराम उइके, महेंद्र मंडावी ,आशीष अग्रवाल, ऋषभ सबरवाल, नीतीश अग्रवाल, अतुल तारम, सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस को गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान मे किया जाएगा। जहां मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान आज अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। तत्पश्चात् पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकाड़ियों के द्वारा सलामी (गार्ड आफ ऑनर) दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। कलेक्टर ने बताया कि 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनो में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। विभाग अथवा कार्यालय प्रमुख उनके कार्यालय में ध्वजारोहण करेंगे और सामुहिक रूप से राष्ट्रीय गान (जन-गण-मन) गाया जाएगा। मुख्य समारोह मे कार्यक्रम स्थल पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना और मास्क लगाकर प्रवेश की अनुमति होगी। बैठक मे जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, जिले के सभी चार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहित जिले के जनपद पंचायत के सीईओं एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।




### करियर के लिहाज से भी नर्सिंग बढ़िया प्रोफेशन : डॉ. रश्मि भुरे

**दुर्ग।** अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि भुरे थीं । मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि भुरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बी.एस.सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए सीख दी कि आज के समय में चुनौतियों की सामना पूरी दृढ़ता से करना होगा एवं नर्सिंग प्रोफेशन का महत्व समझाते हुए, विद्यार्थियों का आत्मबल बढ़ाया व मार्गदर्शन दिया। अपोलो कॉलेज के संचालक संजय अग्रवाल, डॉ. मनीष जैन व आशीष अग्रवाल, प्राचार्य पी.इमैन्युवल, उप प्राचार्या प्रभा पाण्डेय, वरिष्ठ शिक्षकगण जिया सजीव, पूर्णिमा दास, जॉन सुसीकरण व अन्य शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति देते हुए विद्यार्थियों का प्रोत्साहन बढ़ाया।

# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे कबीरधाम जिला के पूर्व सैनिक संघ के समस्त लोगों ने आज कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन् किया। आज कारगिल युद्ध की 22वीं वर्षगांठ देशभर में मनाई जा रही है। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को मुंह की खाने के बाद लगातार छेड़े गए छद्म युद्ध के रूप में पाकिस्तान ने ऐसा ही छद्म हमला कारगिल में 1999 मे किया गया था । 18 हजार फीट की ऊंचाई पर कारगिल का यह युद्ध तकरीबन दो माह तक चला, जिसमें 527 वीर सैनिकों की शहादत देश को देनी पड़ी। 1300 से ज्यादा सैनिक इस जंग में घायल हुए। पाकिस्तान के लगभग 1000 से 1200 सैनिकों की इस जंग में मौत हुई। भारतीय सेना ने अदम्य साहस से जिस तरह कारगिल युद्ध में दुश्मन को खदेड़ा, उस पर हर देशवासी को गर्व है। इन्हीं में से कुछ नाम ऐसे भी हैं, जिनकी वीर गाथा आज भी हर प्रदेश वासी की जुबान पर है। कैप्टन विक्रम बत्रा जब पहली जून 1999 को कारगिल युद्ध के लिए गए तो उनके कंधों पर राष्ट्रीय श्रीनगर-लेह मार्ग के बिलकुल ठीक ऊपर महत्वपूर्ण चोटी 5140 को दुश्मन फौज से मुक्त करवाने की जिम्मेदारी थी। आसान नहीं थी कारगिल की जंग यह दुर्गम क्षेत्र मात्र एक चोटी ही नहीं थी यह तो करोड़ों देशवासियों के सम्मान की चोटी थी जिसे विक्रम बत्रा ने अपनी व अपने साथियों की वीरता के दम पर 20 जून 1999 को लगभग 3 बजकर 30 मिनट पर अपने कब्जे में ले लिया। उनका रेडियो से विजयी उद्घोष *%यह दिल मांगे मोर*....जैसे ही देश वासियों को सुनाई दिया हर एक भारतीय की नसों में ऐसा जज्बा भर गया और हर एक की जुबान भी यह दिल मांगे मोर... ही कह रही थी। शहीदों की शहादत की कहानियो में भिलाई इस्पात नगरी के वीर सपूत वीर चक्र शहीद कौशल यादव ऑपरेशन विजय में 25 जुलाई 1999 को भारत-पाक सीमा पर वीरगति को प्राप्त हुए थे। टीम के सभी सिपाही द्रास सब सेक्टर टाइगर हिल से 4 किलोमीटर आगे सीमा रेखा के पास थे। कौशल ने वहां रो फिक्स किया था।यह रो 200 मीटर की दूरी पर था। इसी बीच उन्हें जानकारी हो चुकी थी कि यहां लगभग 160 की संख्या में दुश्मन मौजूद हैं और वे सिर्फ 25 जांबाज सिपाही है ।

# शिवसेना ने पेट्रोल डीजल घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत के विरोध में केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में शिवसेना के द्वारा पेट्रोल, डीजल, घरेलु गैस की बढ़ती कीमतों के मूल्य वृद्धि के विरोध करते हुए मुख्य चौक पर भीगते बारिश मे केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। मंगलवार को जिला मुख्यालय में स्थित सिग्नल चौक पर शिवसेना के द्वारा डीजल पेट्रोल एवं घरेलू गैस की बेतहाशा वृद्धि के विरोध में केंद्र सरकार का पुतला दहन किया इसके पहले शिवसेना के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने विरोध करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस अवसर पर कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रदेश शिवसेना के महासचिव रेशम जांगडे,दुर्ग ज़िला शिवसेना अध्यक्ष संतोष पांडे,बेमेतरा शिवसेना ज़िला अध्यक्ष राज कुमार तिवारी,रायपुर से अनीश ठाकुर,खिलेश निर्मलकर सहित भारी संख्या मे जिले के पदाधिकारी व शिवसैनिक उपस्तिथ हुए।

# खाद बीज की कालाबाजारी एवं बिजली कटौती को लेकर भाजपा का साजा में जोरदार हल्ला बोल

पायनियर संवाददाता ‹ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार की किसान विरोधी नीति एवं राज्य में रासायनिक खाद की कालाबाजारी अघोषित बिजली कटौती नकली बीज की सप्लाई गुणवत्ता गुणवत्ता विहीन वर्मी कंपोस्ट खाद खरीदने के लिए किसानों को बाध्य करना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर आज भाजपा किसान मोर्चा साजा विधानसभा द्वारा विधानसभा मुख्यालय साजा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया इस धरना प्रदर्शन की तैयारी के लिए किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल जिला भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी के निर्देश पर जिला किसान मोर्चा के महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य गोवेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में विधानसभा के सभी मंडलों से आए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेश सरकार एवं स्थानीय कैबिनेट मंत्री के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया इस अवसर पर जिला पंचायत बेमेतरा अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू ने राज्य की भूपेश सरकार को जमकर खरी-खोटी सुनाई प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मूलचंद शर्मा ने प्रदेश की किसान विरोधी नीतियों का जमकर आलोचना किया शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार व्यापारियों से मिलीभगत करके खुले मार्केट में यूरिया डीएपी सप्लाई कर रही है एवं सेवा सहकारी समितियों में खाद एवं यूरिया की भारी किल्लत है, जिला मंत्री किसान मोर्चा चंद्रशेखर सिंह राजपूत एवं आदर्श जोशी की नेतृत्व बड़े संख्या में युवा कार्यकर्ता में धरना प्रदर्शन में शामिल हुए आयोजन में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल थान खमरिया के अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव भाजपा मंडल के महामंत्री एवं पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर, पूरन कश्यप, पार्षद राजेंद्र प्रसाद तिवारी, विजय शर्मा, मनीष सेन संतोष तेली युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदर्श जोशी चंद्रशेखर भोकू राजपूत, पूर्व पार्षद रोहित सिंह भारती भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री अजय पटेल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष संजय पटेल अनुसूचित जनजाति मोर्चा से बलीराम धुर्वे पूर्व सरपंच प्रतिनिधि कोमल साहू, प्रतीक सिंघानिया ,डी सी यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

# बार एवं राड मिल में शिरोमणि पुरुस्कार समारोह

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com




बार एवं राड मिल में दिनांक 24.07.2021 को कार्मिको को ÷पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरुस्कार÷ से सम्मानित किया गया। बार एवं राड मिल सिक्योर भवन के सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य महाप्रबंधक मुकेश गुप्ता ने, प्रदीप कुमार, प्रबंधक प्रचालन को पाली शिरोमणि एवं वामसी बेहरा यांत्रिकी अनुभाग तथा निशिकांत पाटिल प्रचालन अनुभाग को कर्म शिरोमणि पुरुस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर ÷चेयरमेन ट्राफी फॉर यंग मैनेजर -2021÷ के विजेता शिव कुमार, प्रबंधक प्रचालन का भी सम्मान किया गया। मुकेश गुप्ता ने पुरुस्कार स्वरूप कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं मिठाई से सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल एवं खुशमय जीवन की कामना की। बार एवं राड मिल ने नई परिपाटी के अनुरूप विभाग में कंधा से कंधा मिला कर कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों का भी सम्मान करने का निर्णय लिया है और इसी कड़ी में यांत्रिकी विभाग के श्रीनिवास राव एवं विद्धुत विभाग के हिमांशु श्रीवास्तव को एक स्मृतिचिह्न एवं मिठाई, सम्मान स्वरूप भेंट की । प्रबंधन द्वारा शुरू किया गया यह सम्मान कर्मियों को एक आत्मिक खुशी देता है यह भावना कर्मियों के अभिव्यक्ति से स्पष्ट झलक रही थी । इस अवसर पर उपस्थित महाप्रबंधक-गण एस के बेहरा, आशीष एवं एस एन त्रिपाठी ने पुरुस्कृत कार्मिकों के समर्पण, लगन और कार्य कुशलता की सराहना की।

# नगर के युवाओं की प्रादेशिक सामाजिक संगठन में भूमिका

पायनियर संवाददाता ‹ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com





समाज व राष्ट्रहित हेतु संकल्पित राष्ट्रीय सामाजिक संगठन अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की छत्तीसगढ़ प्रांतीय ईकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें नगर के ऊर्जावान युवाद्वय आशीष राज सिंघानिया व आशीष बंसल को क्रमशः प्रदेश संगठन मंत्री व प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा गया है. सामाजिक गतिविधियों को विस्तार देने हेतु प्रदेश भर में संगठन का विस्तार किया गया है, जिसके अंतर्गत समस्त जिलों में पदाधिकारियों की नियुक्ति पश्चात अब वर्ष 2021 से 2014 तक तीन वर्षीय कार्यकाल हेतु नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया. सामाजिक स्तर पर इस बड़ी जिम्मेदारी हेतु दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रदेश चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद जैन व मुख्य संरक्षक योगेश अग्रवाल के प्रति अपना आभार जताया व विश्वास दिलाया कि संगठन द्वारा प्रदत्त समस्त कार्यों व गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा. नगर के दोनों युवाओं की इस नियुक्ति पर संगठन के जिलाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रतीक सिंघानिया, वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, शिव बिंदल, पुरुषोत्तम सिंघानिया, ईश्वर अग्रवाल, सुरेश सिंघानिया, संजय बंसल, दिनेश मित्तल, गोपाल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, नीरज बंसल, पंकज अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, शिव केडिया, शुभम केडिया, आयुष अग्रवाल, अनीश अग्रवाल, यशेष अग्रवाल, जीवेश डोकानिया आदि ने अपनी बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

# शराब की अवैध बिक्री कर रहा शराबी पकड़ाया



**थान खमरिया।** आरक्षी केंद्र थाना खमरिया ने बताया कि सोमवार दिनाँक 26 जुलाई को जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम कुरदा नहर के पास शराब की अवैध बिक्री कर रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ और गवाहन के ग्राम कुरदा नहर पास पहचे तो कुछ व्यक्तियों की भीड़ थी जो पुलिस को आता देखकर भाग गया शराब बिक्री कर रहे व्यक्ति को घेरा बंदी कर पकड़े जो नाम पूछने पर अपना नाम गणेश उर्फ दिलीप कश्यप पिता राजकुमार कश्यप उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम बनराका बताया जिसके कब्जे से 07 देशी प्लेन अद्धी, 03 देशी प्लेन पव्वा, 02 पव्वा अंग्रेजी मशाला, कुल 3.5 लीटर करीबन और नगदी बिक्री की रकम 460 रुपये कुल शराब व नगद कीमती 1620/- रुपये जप्त कर आबकारी अधिनियम धारा 34 (1) के तहत कार्यवाही किया गया।

## गैंगस्टर पर आधारित हिन्दी फिल्म लास्ट इन्काउंटर में करने जा रहे है बड़ा रोल

# भिलाई के एक्टर शमशीर सिवानी ने दी बॉलीवुड में दस्तक

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com



भिलाई के एक्टर शमशीर सिवानी छॉलीवुड और पॉलीवुड के बाद अब बॉलीवुड में दस्तक देने जा रहे हैं। सिवानी गैंगस्टर पर आधारित टीम क्लास वन के बेनल तले एवं प्रसिद्ध निर्देशक वीर जी के निर्देशन में बनने वाली हिन्दी फिचर फिल्म लास्ट इन्काउंटर में एक महत्वपूर्ण भूमिका विलेन कम कमेडियन का रोल अदा करने जा रहे हैं जिसमें दर्शकों को बहुत आनंद आयेगा।

इस फिल्म में प्रसिद्ध एक्टर प्रदीप यादव, राहुल दांगी, मंजरी कसेरा, एम डी जावेद, अमर पासवान के साथ ही छत्तीसगढी एवं भोजपूरी फिल्मों के जाने माने चरित्र अभिनेता एवं गीतकार शमशीर सिवानी का अभिनय के लिए चयन हुआ है। इसके अलावा हिन्दी फिल्मों के और कई कलाकारों के साथ ही प्रतिभावान नये कलाकारों का भी चयन जारी है।

उल्लेखनीय है कि शमशीर सिवानी पिछले 20 सालों से दो दर्जन से भी अधिक छत्तीसगढी एवं भोजपूरी फिल्मों में पिता, हलवलदार, शराबी, पंडित, म्यूजिशियन, किसान के अलावा सभी प्रकार का चरित्र अभिनय करने के साथ ही कई फिल्मों में कॉमेडी कर चुके है। अभी हाल ही में इन्होंने भोजपूरी फिल्म हत्यारा में जहां डरपोक पंडित का तो वहीं छत्तीसगढी फिल्म घरौंदा और मया के रंग और पटी तो पटी नही तो....में जर्बदस्त कॉमेडी किये है जिसकी चर्चा पूरे छॉलीवुड में इन दिनों हो रही है। शमशीर सिवानी ने बताया कि अचानक 12 बजे रात को लास्ट इन्काउंटर के डायरेक्टर वीर जी का कॉल आया कि फेसबुक और यू टयूब में आपका प्रोफाईल और फिल्म देखा और उसी आधार पर आपको मेरे निर्देशन में बन रही हिन्दी फिल्म लास्ट इनकाउंटर में अभिनय के लिए चयन किया गया है। जिसकी शूटिंग अगस्त के अंतिम सप्ताह में मुंबई, लखनऊ और नेपाल में होगी। फिल्म का कथा, पटकथा वीर जी ने और गीत राज निगम ने लिखा है तो इसको अपने म्यजिक से सजाया है के आर रहमान ने। इस फिल्म का पहला मोशन पोस्टर काशी म्यूजिक वर्ल्ड के आफिसियल चैनल पर गत दिवस लांच किया गया।

फिल्म के निर्देशक वीर जी ने बताया कि यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है और यह गैंगस्टर पर आधारित है। इसके अलावा इस फिल्म में भरपूर एक्शन, कॉमेडी सहित उन सभी चीजों का समावेश है जो एक सफल और हिट फिल्म के लिए आवश्यक है। अभी मेरी एक के बाद एक लागतार 6 फिल्में है, जिसमें सभी फिल्मों में अधिकांशतर नये प्रतिभावान कलाकारों को मौका देकर उनको आगे बढाने का कार्य करूंगा। अपनी इस फिल्म लास्ट इन्काउंटर में भी मैं अपनी पुरानी फिल्मों की ही तरह अधिकांशतर नये लोगों को मौका देने जा रहा हूं। वीर जी ने आगे कहा कि अच्छे और पुराने एक्टरों को लेकर सभी फिल्म बनाते है, जल्दी नये लोगों को कोई मौका नही देते हैं। यहां एक से एक प्रतिभावान कलाकार है, आवश्यकता है उनको प्लेटफार्म देने और निखारने की। ज्ञातव्य हो कि लास्ट इन्काउंटर के निर्देशक वीर जी पिछले 30 सालों से बॉलीवुड से जुड़े हुए है और वे अभी हाल ही में बड़ी बजट की वेबसीरीजी हिन्दु स्थान बनाये है जो इसी साल नवंबर तक ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगी।

# वाद - विवाद के चलते युवक की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दिनांक 25 जुलाई को प्रार्थी दौवा सिंह साकिन उरला दुर्ग मोहन नगर ने थाना साजा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25.07.2021 को अपने भाई योगेन्द्र सिह राजपुत तथा बडे मम्मी का लडका पप्पु ऊर्फ घनश्याम राजपुत के साथ भरदाकला अपने मामा राजेश सिह चंदेल के यहां दोपहर करीब 03 बजे आये तथा वही रूके थे वह तथा योगेन्द्र सिह दोनो मामा राजेश सिह के यहां बैठे थे तथा रात करीब 08 बजे हल्ला हुआ कि देवराज साहू के किराना दुकान के सामने पप्पु का झगडा हो रहा है तब अपने भाई योगेन्द्र सिह के साथ दौडतें देवराज साहू के किराना दुकान के पास गये तो देखे कि मेरे भाई पप्पु ऊर्फ घनश्याम को देवराज साहू व उसका लडका योगेश्वर साहू तथा नरेश साहू एवं देवराज का साला बैसाखु लोग मिलकर लोहे के पाईप एवं डण्डा से मारपीट कर रहे थे तब अपने भाई योगेन्द्र सिह के साथ पहूचे तथा पुछे मारपीट क्यो कर रहे हो तब देवराज साहू दुकान वाला बोला मेरे दुकान मे आकर गाली गुप्तार कर रहा था इस लिए मारपीट किये है भाई पप्पु ऊर्फ घनश्याम सिह के सिर मे काफी चोट लगा था सिर फट गया है भेजा दिख रहा है तथा खुन निकल रहा था हाथ पैर मे भी चोट लगा था उसके बाद तत्काल अपने मामा राजेश चंदेल को घटना का सूचना दिये उसके बाद अपने निजी वाहन से भाई पप्पु ऊर्फ घनश्याम को ईलाज हेतु लेकर शासकीय अस्पताल साजा लेकर आये जो डाक्टर द्वारा मेरा भाई पप्पु ऊर्फ घनश्याम को चेक कर मृत होना बताये कि साधारण वाद विवाद पर से मेरे भाई पप्पु ऊर्फ घनश्याम को देवरराज साहू, बैसाखु राम साहू, योगेश्वर साहू, नरेश साहू सभी निवासी भरदाकला थाना साजा द्वारा पाईप एवं डण्डा से मारपीट कर उसकी हत्या किया गया है कि रिपोर्ट पर थाना साजा में अपराध क्रमांक 344/21 धारा 302,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक श्री अरविन्द कुजुर के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री विमल कुमार बैस एवं एसडीओपी बेरला श्रीमति ममता देवांगन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी साजा निरीक्षक हर प्रसाद पांडेय को थाना स्टाफ के साथ आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने मार्गदर्शन प्राप्त हुए।

## क्विक न्यूज

### पंचायत सचिव रोहिणी कुमार नायक निलंबित

**रायगढ़।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने ग्राम पंचायत हाटी के सचिव रोहिणी कुमार नायक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। आदेश में उल्लेख है कि सचिव रोहिणी कुमार नायक द्वारा तात्कालिन ग्राम पंचायत रजघटा अतिरिक्त प्रभार लोढ़ाझर का स्थानांतरण ग्राम पंचायत हाटी किए जाने के पश्चात उनके द्वारा पूर्व पंचायतों का संपूर्ण प्रभार नहीं सौंपा गया। श्री नायक ग्राम पंचायत सचिव का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण)नियम 1998 के नियम 3 के उप नियम (एक)(दो) एवं (तीन)विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है, फलस्वरूप छ.ग.पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील)नियम 1999 के नियम 4 के तहत रोहिणी कुमार नायक, ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत धरमजयगढ़ निर्धारित किया जाता है निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### शहरी टीकाकरण केन्द्रों का जिलाधीश ने किया निरीक्षण

**रायगढ़।** कोरोना संक्रमण से बचाव एवं संभावित तीसरी लहर को देखते हुए कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में वृहद स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्रधर नगर, शासकीय प्राथमिक शाला पंजरी प्लांट तथा जतन केन्द्र स्थित टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया। टीकाकरण केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने टीकाकरण केन्द्रों के लक्ष्य एवं टीकाकरण कराने वाले व्यक्तियों की संख्या के बारे में जानकारी ली। यहां उन्होंने नये दिशा-निर्देशों के अनुसार गर्भवती व शिशुवती महिलाओं के टीकाकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि टीकाकरण गर्भवती व शिशुवती महिलाओं के लिए अति आवश्यक है। टीकाकरण सुरक्षित है, इससे गर्भवती महिलाओं के साथ उनके बच्चों को भी कोविड से सुरक्षा मिलेगी।

### अमोल पाठक को मिली पीएचडी की उपाधि

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की ऊर्जाधानी कोरबा शहर के प्रतिष्ठित नागरिक प्रकाश पाठक के सुपुत्र



अमोल पाठक ने देश की प्रतिष्ठित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी इंदौर मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित ऑनलाइन दीक्षांत समारोह में भारत देश में किशोर न्याय प्रणाली विषय पर शोध के माध्यम से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है, तथा अमोल पाठक को पीएचडी की उपाधि प्राप्त होने पर जहां कोरबा शहर सहित शक्ति में भी उनके परिजनों एवं मित्रजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अमोल के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है, तो वही इस संबंध में अमोल पाठक के करीबी अशोक दुबे ने बताया कि अमोल प्रारंभ से ही भारत में किशोर न्याय प्रणाली को लेकर शोध करना चाहता था।

# बाजारों में भीड़, सड़कों में लोगों का हुजूम



पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण ने पूरे देश और दुनिया में जिस तरह तबाही मचाई उससे लोग त्राहि-त्राहि हो चुके हैं। वहीं अब जब कोरोना की दूसरी लहर ढलान पर है तब इस वायरस की तीसरी लहर चिंता का कारण बनी हुई है। ऐसे में सतर्क रहना जरूरी है लेकिन लॉकडाउन से ऊब चुके लोग मानो हालातों को समझने को तैयार ही नहीं और कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर कम होते ही शहर के लोग एक बार फिर से लापरवाही बरतते हुए बगैर मास्क के घुमते व दुकान संचालन करते हुए आसानी से देखे जा रहे हैं।

दरअसल कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर ढलान पर पहुंचते ही लॉकडाउन में ढील मिलते ही लोग बेवजह बेखौफ घरों से बाहर निकलकर घुमने फिरने लगे हैं। शहर के मछली मार्केट, बस स्टैण्ड, सब्जी मार्केटों में जहां लोगों की भीड देखी जा रही है वहीं शहर की सड़कों में लोगों का हुजुम उमड़ रहा है जिसमें से लगभग 40 प्रतिशत लोग लापरवाही बरतते हुए बगैर मास्क के घुमते दिखाई देते हैं। कभी-कभी शहर में भीड़ इस कदर हो जाती है कि सड़कों में घंटो-घंटो तक टेऊफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। ये लापरवाही कोरोना की तीसरी लहर को और भी खतरनाक बना सकती है।

### दिनचर्या में सुधार करने की जरूरत- अशोक

युवा नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अशोक अग्रवाल का कहना था कि



कोरोना की दूसरी लहर से मिली शांति पश्चात लोग लापरवाह हो गए है।शासन प्रशासन की लाख समझाइस पश्चात भी लोगो मे दिन प्रति दिन लापरवाही बढ़ती जा रही है।बाजारों में बढ़ती भीड़,सोशल डिस्टेंस का पालन ना करना, मास्क ना लगाना कोरोना की तीसरी लहर को न्यौता है। यदि जल्द ही आम नागरिक कोरोना के प्रकोप से निपटने अपने दिनचर्च्र्या मे सुधार नही करता,तो पूरे देश मे फिर से संकट के बादल आ सकते है।

### लापरवाही पड़ेगी महंगी-राहुल

रायगढ़ के युवा राहुल यादव का कहना था कि शहर



के बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ और लोगों में कोरोना संक्रमण के प्रति भय कम हो गया है नतीजन लोग न तो सेनेटाईजर का उपयोग कर रहे और न ही मास्क का, सोशल डिस्टेंश की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है, आलम यह है कि शहर की सड़कों में हुजूम व बाजारों में लोगों की भीड देखी जा रही है। इस तरह की लापरवाही का खामियाजा निश्चय ही रायगढ़ वासियों को भुगतना पड़ सकता है।

### शराब दुकानों में नही होता सोशल डिस्टेंश का पालन

लॉकडाउन खुलते ही शराब की दुकानों पर भारी भीड़भाड़ देखने को मिली रही है। आबकारी विभाग शराब दुकानों में लोगों को कोविड प्रोटोकाल दिशा निर्देशों का पालन कराने में असफल रहा है। शहर के शराब दुकान खुलने से लेकर बंद होते तक इन दुकानों में लोग सोशल डिस्टेंशन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए आसानी से देखे जा सकते है। मदिरा प्रेमियों की इस लापरवाही का खामियाजा तीसरी लहर उठाना पड़ सकता है।

### पुलिस चालान करे इससे पहले लोग हों जागरूक : एडि. एसपी

हमारे संवाददाता ने इस संबंध में जब कार्रवाई बाबत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



अभिषेक वर्मा से चर्चा की तो उनका कहना था कि रायगढ़ पुलिस के द्वारा समय-समय पर शहर के चौक-चौराहों पर बिना मास्क लगाए आने-जाने वालों पर चालानी की कार्रवाई की जाती है। मगर लोग पुलिस या चालानी कार्रवाई के डर से मास्क पहनें इससे अच्छा यह होगा कि लोग कोरोना के भयावह संक्रमण को महसूस करें और स्वयं जागरूक होकर न केवल मास्क पहनें बल्कि घर से निकलते ही सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन करें। इसी सामाजिक जागरूकता से कोरोना को मात देना संभव हो सकता है।

# वाहन चेंकिग दौरान गांजा तस्करी कर रहा आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सीमावर्ती प्रांत से मादक पदार्थ की तस्करी को रोकने बार्डर से लगे हुए जिले के थानों के स्टाफ द्वारा प्रतिदिन विभिन्न चौंक-चौराहों पर वाहनों की सघन जांच की जाती है, जिसमें लगातार गांजा एवं शराब तस्कर पकड़े जा रहे हैं। बरमकेला पुलिस की वाहन चेकिंग दौरान सोहेला ओडिशा से अवैध गांजा लेकर जिले को पार करने की फिराक में आरोपी सुभाष चौंक बरमकेला के पास पकड़ा गया, आरोपी के कार से 15 किलो गांजा बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार आज थाना प्रभारी बरमकेला नेलसन कुजूर वाहन चेंकिग के लिये हमराह स्टाफ के साथ सुभाष चौक बरमकेला रवाना हुये थे। इसी दरम्यान दोपहर करीब 15.20 बजे सोहेला उडीसा तरफ से एक नीला रंग के डिजायर कार वाहन आयी, जिसे रोककर चालक से पूछताछ किया गया। चालक अपना नाम दीपक देवांगन उम्र 21 वर्ष सा0 लायंस चौक चांपा थाना चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) का रहने वाला बताया। चालक को जांच कार्यवाही की जानकारी देकर उसके कार को चेक किया गया तो वाहन के सीट पीछे एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर 08 पैकेट गांजा मिला, जिसकी गांजा की पुष्टि कर उसका तौल करने पर प्रत्येक पैकेट 01-01 किलोग्राम कुल 15 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 75,000 रूपए पाया गया जिसे डिजायर कार के साथ गवाहों के समक्ष जप्ती की गई। आरोपी के विरूद्ध थाना बरमकेला में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है। बरमकेला पुलिस लगातार अवैध शराब, गांजा की तस्करी पर रोक लगाने में सफल हो रही है।

## जिला पंचायत सदस्य ने दायर की रेलवे लाइन से पाइप लाइन क्रॉसिंग हेतु लंबित मामले पर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिला पंचायत के सदस्य एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जांजगीर-चांपा जिले के महामंत्री टिकेश्वर गबेल टुककु ने 27 जुलाई 2021 को छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्य न्यायाधीश महोदय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर को एक आवेदन के माध्यम से पत्र प्रेषित कर जांजगीर-चांपा जिले के शक्ति शहर में हावड़ा से मुंबई मुख्य रेल लाइन में शक्ति रेलवे स्टेशन से खरसिया रेलवे स्टेशन के मध्य किलोमीटर- 828/ 28629/ 2 पर 1500 मिली मीटर व्यास के एमएस पानी के पाइपलाइन क्रॉसिंग के निर्माण कार्य पुशिंग विधि को लेकर जनहित याचिका लगाने स्वीकृति देने का आग्रह किया है, तथा इस संबंध में जिला पंचायत के सदस्य टिकेश्वर गबेल ने बताया कि कार्यपालन अभियंता मिनीमाता हसदेव बांगो नाहर संभाग क्रमांक- 5 खरसिया शाखा नहर के अंतर्गत तिउर टेल माइनर के आरडी- 300 मीटर पर हावड़ा- मुंबई मुख्य मार्ग खरसिया के मध्य किलोमीटर 828/ 28629/ 2 पर 1500 मिलीमीटर व्यास के एमएस पानी के पाइप लाइन क्रॉसिंग की योजना प्रस्तावित है, एवं रेलवे प्रशासन द्वारा उपरोक्त निर्माण कार्य हेतु शुल्क राशि 4410710 रुपये की मांग की गई है, जिस पर कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक- 5 खरसिया द्वारा उपरोक्त डिमांड के अनुरूप ड्राफ्ट क्रमांक- 640089 दिनांक- 24-02-2016 के माध्यम से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में जमा भी कर दिया गया है, किंतु आज पर्यंत तक रेलवे प्रशासन द्वारा एवं मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक- 5 द्वारा इस कार्य का निर्माण नहीं कराया गया है, जिसके चलते शक्ति विकासखंड के ग्राम- अर्जुनी, सर्जुनी और बगदेवा सहित अनेकों ग्रामों का रकबा असिंचित है, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल ने अपने पत्र में बताया है कि उपरोक्त प्रस्तावित एमएस पाइप लाइन रेलवे क्रॉसिंग के निर्माण को कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक- 5 खरसिया द्वारा यह कहा जा रहा है कि उपरोक्त कार्य को रेलवे प्रशासन द्वारा करवाया जाएगा, एवं रेलवे प्रशासन द्वारा उक्त निर्माण कार्य को कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक- 5 खरसिया द्वारा कराया जाना बताया जा रहा है, तथा उपरोक्त दोनों ही विभागों द्वारा संबंधित प्रस्तावित निर्माण कार्य को नहीं कराए जाने से आज पर्यंत तक इसका लाभ क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल पाया है।

# भाई संग मिलकर पत्नी ने की थी पति की हत्या

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

घरघोड़ा पुलिस दो साल पहले ग्राम नाकटाड बकचबा निवासी सुंरद मांझी (33 साल)की हुई हत्या की गुत्थी सुलझा ली है, मृतक का शव थाना घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम खोखरोआमा के तालाब में 27 अगस्त 2019 को मिला था । हत्या में शामिल मृतक की पत्नी, मृतक के दो साला को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है । मिली जानकारी के अनुसार थाना घरघोडा के धारा 174 जा.फौ. की सूचनाकर्ता श्रीमती कुंवरमति पति सुंदर साय निवासी नाकटाड बकचबा थाना पुंजीपथरा हा0मु0 खोखरोआमा थाना घरघोडा जिला रायगढ के द्वारा मृतक उसके पति सुंदर मांझी की तालाब में डूब कर फौत होने की सूचना 27 अगस्त को मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। मर्ग जांच पर मृतक की मृत्यु डाक्टर द्वारा गला घोंटकर हत्या करना शर्ट पीएम रिपोर्ट देने पर 28 अगस्त को थाना घरघोड़ा में धारा 302 ,201 भादवि अज्ञात आरोपी के विरूद्ध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में लिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा अनसुलझे मामले की डायरी




अवलोकन कर एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं एसडीओपी धर्मजयगढ़ एएसपी सुशील कुमार नायक को महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सूक्ष्मता से विवेचना कराने के निर्देश दिये गए। जिस पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह को निर्देशित किया गया थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा मृतक के पत्नि कुंवरमति से पुनः नये सिरे से पूछताछ किया गया, जिसके द्वारा गोल मटोल कर वही बातें दोहराने लगी कि 25 अगस्त 2019 को मृतक अपने ममेरा साला धनाराम मांझी के साथ शराब पीने भेंगारी तरफ गया था। घरघोड़ा प्रभारी को जानकारी मिली कि मृतक को अंतिम बार नंद कुमार मांझी देखा है। नंद कुमार मांझी से पूछताछ करने पर बताया कि सुंदर मांझी (मृतक) एवं धनाराम को रास्ते में आते एवं लडते झगडते देखा था। नंद कुमार मांझी से मिली जानकारी पर संदेही कुंवरमति मांझी, अघन मांझी एवं धनाराम मांझी साकिन खोखरोआमा को हिरासत में लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर घटना का खुलासा हुआ जिसके अनुसार - घटना दिनांक के पूर्व कुँवरमती मांझी द्वारा अपने भाई अघन मांझी को मो.सा. खरीदने 10,000 रूपये दी थी जिसे 24 अगस्त को सुंदर मांझी अपने साला अघन कुमार से पैसा मांग करने पर दोनो के मध्य लडाई झगडा हुआ। सुंदर मांझी (मृतक) को अघन कुमार डण्डा से मारपीट कर मो.सा. को वापस दे दिया कि सुंदर मांझी (मृतक) दूसरे दिन अपने पत्नि को पुराना मो.सा. को नही लुंगा मेरा 10,000 रूपये मांग कर लाओ कहकर पत्नि से लडाई झगडा किया। 25 अगस्त 2019 को सुंदर मांझी एवं धनाराम दोनों शराब पीने भेंगारी तरफ चले गये वापस शाम करीब 5-6 बजे घर आने पर फिर सुंदर मांझी अपने पत्नि कुंवरमति से 10,000 रूपये अघन मांझी से मांग कर लाओ कहकर विवाद कर लडाई झगडा करने लगा। पति-पत्नि के बीच लडाई झगडा होते देख धनाराम मांझी, सुंदर मांझी के दोनो पैर को पकडकर जमीन में गिरा दिया तब उसकी पत्नि कुंवरमति मांझी उसका गला दबा दी।

## ओलंपिक में निरंतर महिलाओं को मिल रही सफलता पर लिखा सुमित ने अपना लेख

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते , तत्र रमन्ते देवता अर्थात जहाँ नारिया पूजी जाती है , वहाँ देवताओं का वास होता है,हिन्दू धर्म मे भी स्त्री को शक्ति के प्रतीक के रूप में देवी का दर्जा दिया गया है,जिसमे मुख्य रूप से लक्ष्मी देवी, सरस्वती देवी, पार्वती देवी को आराध्य माना जाता है, उक्त जानकारियां अपने एक लेख के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा के ऊर्जावान अफसर एवं जांजगीर-चांपा जिला कलेक्ट्रेट में वर्तमान में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर डॉ सुमित कुमार गर्ग ने कही है, डॉ सुमित कुमार गर्ग विगत एक लंबे समय से प्रमुख विषयों पर अपनी रचनाओं एवं लेख के माध्यम से लोगों का ध्यान आकृष्ट कराने का कार्य कर रहे हैं, डॉ सुमित कुमार गर्ग का कहना है कि आज खेल जगत मे भारतीय महिलाए नित नई उपलब्धिया



हासिल कर रही है, इसी तारतम्य में पूर्वोत्तर के एक छोटे से कस्बे से निकलकर ओलंपिक 2021 में वेट लिफ्टिग खेल मे परचम लहराना मीराबाई चानू के लिए कतई आसान नहीं रहा ,रजत पदक विजेता चानू आज पूरे भारतीयों के लिए एक मिशाल हैं,हाल ही मे मिताली राज भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी ने अंतर्राष्टीय खेलो के मामले में इंग्लैंड की खिलाड़ी को पीछे छोड़ दिया।वर्तमान में चल रहे ओलंपिक में ÷पी.वी.सिंधु÷ एक अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी से देशवासियों को पदक की काफी आशा है। इसी तरह तीरंदाजी मे दीपिका कुमारी से सभी देशवासियों को भारत के नाम पदक जितने/लाने का आशाएं प्रबल है,इन खिलाड़ियों को देखकर एक बालीवुड फिल्म का मशहूर डॉयलॉग स्मरण मे आता है- म्हारी छोरियॉ छोरो से कम है के, इस डॉयलॉग को हमारी भारतीय महिला खिलाड़ी चरितार्थ कर रहे हैं,अंतरिक्ष क्षेत्र में कल्पना चावला एवं सुनीता विलियम्स के बाद सिरिशा बांद्रा हाल ही मे अंतरिक्ष यात्रा करने वाली भारतीय मूल की महिला बनी,राजनीति क्षेत्र में स्व. इंदिरा गांधी, सुषमा स्वराज, ममता बनर्जी से लेकर वर्तमान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम उल्लेखनीय है,फिल्म इंडस्ट्रीज मे भी महिला तुलनात्मक रूप से पूर्व से अधिक सक्रिय हैं। परन्तु इन सब के बावजूद हमारे देश में महिलाओं की स्थिति सोचनीय है, लोकसभा में आज भी महिला आरक्षण का बिल लंबित है,आज आवश्यकता इस बात कि है महिलाओं को भी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में चाहे शिक्षा, आर्थिक, राजनीतिक, समाजिक, व्यापार, खेल , शोघ एवं अनुसंधान, फिल्म इंडस्ट्रीज क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाए।

# सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में पूजा-अर्चना हुई

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली/सेतगंगा
www.dailypioneer.com

सावन को पवित्र मास माना जाता है इसके हर एक सोमवार को भगवान शिवजी की पूजा अर्चना और आराध्य के लिए उपयुक्त माना जाता है इसी कारण इस दिन शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रध्दालु पहुचते है इस मास की शुरूवात रविवार को आयुषमान योग में हुई है 29 दिन सावन रहेगा। जिसमें शिव उपासना व्रत के लिए 4 सोमवार आयेंगे। इस मास का प्रथम सोमवार 26 जूलाई को भी शिवालयों में अनुष्ठान पुजा अर्चना अभिषेक और आराधना होगी। इसके लिए जिला मुख्यालय मुंगेली से महज 16 कि.मी दुर स्थित अद्वितीय पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक प्राचिन रामजानकी मंदिर सहित शिव मंदिर को आकर्षन ढंग से सजाया गया है। मंदिर के महंत राधेष्याम दास के अनुसार पुरे सावन मास का हर दिन शुभकारी फ्लकारी एवं विषेष महत्व रहता है। भगवान शिव और



सावन के धर्मिक और पौराणिक महत्व के संदर्भ में उन्होने बताया की सावन मास शिवजी का प्रिय नक्षत्र है सतत् जल अभिषेक से भगवान प्रसन्न हो जाते है सोमवार को विभिन्न शिवालयो में भक्त दर्षन व अभिषेक के लिए मंदिर पहुॅचते है। कही पार्थिक शिवलिंग का निर्माण होगा तो कही भगवान का भांग धतुरे से श्रृंगार किया जायेगा। साथ ही साथ भगवान शिव की महिमा पर प्रवचन भी होगे। हालंकि दर्षन पूजन के लिए भक्तो को कोरोना गाईड लाईन का पालन करना होगा। कोरोना की लहर अभी पुरी तरह समाप्त नही हुई है। सावधानी रखते हुये मंदिर में पूजन के लिए समितिया अपिल कर रही है। मंदिरो में सोसल डिस्टेंस का पालन किया जायेगा। जलाभिषेक दुग्धाभिषेक के साथ साथ कावरिये पवित्र जलाशयों से जल लेकर शिवालयों में अभिषेक करते है अंचल के शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तो की भीड उमड गयी।

# सेवा सहकारी समिति पोरथा ने 80 किसानों को किया वर्मी कंपोस्ट खाद का वितरण

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

वर्तमान समय में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में राज्य शासन द्वारा नरवा-घुरवा-बाड़ी के तहत पूरे प्रदेश में गोधन न्याय योजना का शुभारंभ किया गया है। इस गोधन योजना के अंतर्गत पशु पालकों से क्रय किए जाने वाले 2 प्रति किलो के गोबर से शासन की विभिन्न संस्थाओं द्वारा वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार किया जा रहा है, तथा शहरी क्षेत्रों में भी नगर पंचायत एवं नगर पालिका द्वारा वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार करने में अग्रणी भूमिका निभाई जा रही है, इसी श्रृंखला में जांजगीर-चांपा जिले के शक्ति विकासखंड में भी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा शक्ति के अंतर्गत सेवा सहकारी



समिति पोरथा पंजीयन क्रमांक- 1651 द्वारा लगभग 1000 बोरी यूरिया खाद,1000 बोरी डीएपी खाद लाया गया है। साथ ही 100 बोरी वर्मी कंपोस्ट खाद सिंगनसरा गोठान के माध्यम से प्राप्त होने पर इसे लगभग 81 किसानों को वितरित किया गया, साथ ही सेवा सहकारी समिति पोरथा पंजीयन क्रमांक- 1651 के संस्था प्रभारी संस्था प्रबंधक बंशीलाल राठौर, विक्रेता गोपेन्द्र सिंह राठौर, विक्रेता पितांबर साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर रामकुमार राठौर, द्वारा अपनी समिति के अंतर्गत कृषकों को वर्मी कंपोस्ट खाद का वितरण करते हुए उसकी गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही इस दौरान किसानों को प्रोत्साहित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश में वर्मी कंपोस्ट खाद के उपयोग से जहां खेती-किसानी के काम में काफी फायदा मिलने एवं बेहतर फसल होने की भी बात कही गई, तो वही बताया गया कि आज छत्तीसगढ़ राज्य में शासन द्वारा गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर की खरीदी की जा रही है, तथा इस गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद जो की फसलों को भी बेहतर उत्पादन देता है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार व जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

भूपदेवपुर थाना में युवती ने ग्राम नंदेली में रहने वाले आकाश महंत पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने बताया कि एस.के.एस. कम्पनी के केन्टीन में खाना बनाने का काम करने वाले आकाश महंत उम्र 19 साल निवासी ग्राम नंदेली से परिचय हुआ। 17 फरवरी को आकाश तुमको पसंद करता हूं शादी करूंगा कहकर और अपने किराए रूम में ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद से आकाश से मिलना जुलना बढ़ गया। आकाश भागकर शादी कर लेते हैं बोला तो उसे घरवालों की



मर्जी से शादी करेंगे बोली। तब आकाश महंत अपने घरवालों को बताओ कहने पर अपने मम्मी पापा को बताई । घरवाले गांव के सरपंच, उप सरपंच को बताये तो बोले कि लॉकडाउन के बाद कोर्ट में शादी करा देगें। आकाश महंत भी कोर्ट में शादी करने को राजी था, तब से आकाश के किराए रूम में साथ रहती थी। 21 जून की शाम आकाश कहीं चला गया, उसका मोबाइल भी बंद आया। तब घरवाले आकाश महंत के घर नंदेली गए तो उसके परिजन बोले कि यहां नही आया है, कहां गया हमें नही पता।

# शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहे अवैध हुक्काबार

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ शहर के अंदर अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित हुक्काबार में कोई कार्रवाई नही होने से सुबह से देर रात तक वहां नाबालिग युवक व युवतियों का जमावड़ा हो रहा है। वहीं कोतरा रोड में संचालित जे जे हुक्का बार में कोतवाली पुलिस के द्वारा कई दफे छापा मार कार्रवाई करने के बावजूद फिर से वहां फास्ट फूड के नाम पर हुक्का का संचालन शुरू हो जाता है। कोरोनाकाल में जहां सोशल डिस्टेंश और मास्क अनिवार्य किया गया है ताकि कोरोना के बढ़ते संक्रमण से कुछ हद तक बचा जा सके। वहीं दूसरी तरफ शहर के कुछ लोगों के द्वारा चंद पैसे कमाने की लालच में अवैध हुक्काबार चलाकर युवक-युवतियों को अपने संस्थानों में जमावडा लगाकर



कोरोना के तीसरे लहर को आमंत्रित किया जा रहा है। शहर के चक्रधर नगर बोईरदादर रोड़, कबीर चौक के आगे बाईपास मार्ग, कार्मेल स्कूल मार्ग के अलावा शहर के कई छोटे-बड़े होटलों में अवैध तरीके से हुक्काबार संचालित कर शहर के नाबालिगों को पैसे लेकर नशे का सामान खुलेआम बेचा जा रहा है। एक जानकारी के अनुसार शहर में संचालित अवैध हुक्काबार संचालकों के द्वारा फास्ट फूड के आड में यह कारोबार संचालित किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा इन पर कोई कार्रवाई नही करने से इनके हौसलें बुलंद हो चुके हैं। विदित रहे कि तेजी से विकसित हो रहे रायगढ़ शहर में यहां के युवा महानगरों की तर्ज पर अलग-अलग तरह के खतरनाक नशा का उपयोग करने लगे हैं जिनका बाजार में बिना डाक्टर के स्वीकृति विक्रय पर पाबंदी है। नाबालिग युवाओं के द्वारा ऐसे नशा का सेवन शहर में संचालित इन अवैध हुक्काबारों में किया जा रहा है। यही वजह है कि कई बार छोटे बड़े होटलों में मारपीट की घटना सामने भी आ चुकी है।

**जे जे हुक्काबार में ही क्यों पड़ता है छापा-** शहर में संचालित हुक्काबार में पुलिस के द्वारा एक नही दो नही तीन नही बल्कि कई बार छापामार कार्रवाई के नाम पर जे जे हुक्काबार में ही छापा मार कर यहां हुक्का पॉट, सिगरेट के अलावा कई सामान जब्त किया गया है।

# धान फसल के बदले खेतो में वृक्षा रोपण करने वाले किसानों के खेतों का किया जाएगा भ्रमण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और निराकरण के संबंध में संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होने मानसून के दौरान विगत दिनों जिले में हुई वर्षा और नदी नालों में जल भराव की स्थिति तथा वर्षा से हुई क्षति के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवष्यक निर्देष दिये। इसी तरह उन्होने खरीफ फसल हेतु किसानों के लिए यूरिया खाद की उपलब्धता तथा राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत वर्मी कम्पोस्ट के वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवष्यक निर्देष दिये। बैठक में उन्होने कहा कि आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में किसाने से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। इस हेतु उन्होने लक्ष्य के अनुरूप पीडीएस के बारदाने को एकत्रित एवं भण्डारित करने के निर्देष दिये। बैठक में कोविड-19 टीकाकरण की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कहा कि कोविड-19 के संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर जरूरी आवष्यकता के अनुसार छोटे-छोटे चिकित्सा उपकरणों और साम्रागी क्रय करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देष दिये। उन्होने क्रय की गई साम्रगियों का जॉच गठित जॉच दल से कराने के भी निर्देष दिये। बैठक में उन्होने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना की समीक्षा की और उन्होने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत फर्नीचर आदि क्रय करने के भी निर्देष दिये। बैठक में कलेक्टर वसंत मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत जिन किसानों ने खरीफ वर्ष 2020 में धान की फसल ली है। यदि वे धान की फसल के बदले अपने खेतो में वृक्षा रोपण करते है तो उन्हे आगामी तीन वर्षो तक प्रति वर्ष 10 हजार रूपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस संबंध में उन्होने चिन्हाकित किसानों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्होने किसानों के खेतों का भ्रमण करने की बात कहीं। बैठक में उन्होने राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों के भी जानकारी प्राप्त की और लंबित राजस्व प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होने वर्तमान एवं भूतपूर्व पंचायत पदाधिकारियों से लंबित वसूली के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्होने अभियान चलाकर वसूली करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने स्कूली बच्चों के लिए जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक डी.आर आंचला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, वनमण्डाधिकारी रामअवतार दुबे, अपर कलेक्टर राजेष नषीने, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

■ कलेक्टर ने ली साप्ताहित समय सीमा की बैठक

## पर्यावरण सुधार की दिशा में सतत सक्रिय ग्राम बांकी के युवाओं की टोली ने सावन लगते ही कि हरियाली सप्ताह की शुरुआत



**मुंगेली।** होल्हाबाग नवयुवा समिति बांकी एक ऐसा नाम जो अपने गांव और आसपास के हरियाली के संरक्षण और संवर्धन की जिमेदारी बखूबी निभाते हुवे पर्यावरण संतुलन के लिए विगत छः वर्षो से पौधरोपण करते आ रही है। इसी क्रम में इस वर्ष भी पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से संस्था द्वारा हरियाली सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके तहत युवाओं की टोली ने श्होल्हाबाग उद्यान परिसरश् में जिला पंचायत सीईओ मुंगेली और ग्राम प्रधान की उपस्थित में 25 बॉटल पाम के पौधे रोपित किये गये। बता दे इससे पहले विगत 5 वर्षों में होल्हाबाग नवयुवा समिति द्वारा हरियर बांकी. सुघ्घर बांकी अभियान के तहत गांव में 300 से अधिक पौधे ट्री गार्ड के साथ और 500 से अधिक फेंसिंगयुक्त खुले स्थान में रोपित किये जा चुके हैं जो आज ग्राम बांकी को हराभरा बना कर एक अलग पहचान दे रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रोहित व्यास ने होल्हाबाग नवयुवा समिति के युवाओं के प्रयास की सराहना की है ।

## क्विक न्यूज़

### ज्योति यादव व दुर्गेश की शानदार गेंदबाजी के बाद भी कवर्धा से टी-20 में हार



**मुंगेली।** सन राइस सोसाइटी मुंगेली ने ज्योति यादव व दुर्गेश सोनकर की शानदार गेंदबाजी के बदौलत टी 20 में कवर्धा को षिकस्त दी । लगातार दूसरे जिलों के खिलाड़िया अभ्यास करने आ रहे हैं। टीम के संचालक एवं कोच जलेष यादव ने बताया कि अकादमी का मुख्य उद्देश्य गांव शहरों की खिलाड़ियों को एक अलग पहचान दिलाना ऊँचे स्तर पर पहुँचाना है। इसी कड़ी में बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ की। तरह बेटियों को निःशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण दिया जाता है। बालिकाओं को भी बालक लोगों के साथ अधिक से अधिक मैच खिलाया जाता है। जिससे सभी खिलाड़ियों को बहुत जल्दी क्रिकेट की जानकारी प्राप्त हो जाता है।

### आर्थिक सहायता हेतु 15 अगस्त तक आवेदन पत्र आमांत्रित

**मुंगेली।** राज्य योजना आयोग, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य में नवाचारों को प्रोत्साहित करने तथा राज्य के संतुलित विकास में उपयोगी नवाचारों की पहचान करने के उद्देश्य से राज्य के शैक्षणिक एवं शोध संस्थाओं, शासकीय एवं निजी संस्थाओं, उद्योगों एवं नवप्रवर्तकों से आवेदन पत्र आमांत्रित किया गया है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति, संस्थाओ से 15 अगस्त 2021 तक प्राप्त प्रस्तावों पर प्राथमिकता से विचार किया जाएगा।

### जिले में अब तक 502.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मुंगेली।** जिले के सभी तहसीलो मे एक जून से अब तक 502.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक वर्षा 605.2 मिली मीटर औसत वर्षा पथरिया तहसील मे दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक मुंगेली तहसील में 477.5 मिली मीटर औसत वर्षा, पथरिया तहसील में 605.2 मिली मीटर औसत वर्षा और लोरमी तहसील में 402.5 मिली मीटर औसत वर्षा और नवगठित लालपुर (थाना) तहसील में 526 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### निधन

#### रामेश्वर प्रसाद अग्रवाल

**कोरिया।** मनेन्द्रगढ़ के प्रतिष्ठित व्यापारी अभिषेक टेन्ट हाउस के संचालक अभिषेक के दादा एवं नारायण प्रसाद अग्रवाल के पिता रामेश्वरप्रसाद अग्रवाल (मुनीम जी) का निधन दिनांक 27/07/2021 को प्रातः हो गया है जिनका अंतिम संस्कार आमाखेरवा मुक्ति धाम में किया गया.इस अवसर पर उपस्थित परिजनों व शुभचिंतकों ने मृत आत्मा के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जिले में 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस को गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वंतत्रता दिवस समारोह को उमंग और हर्षोल्लास वातावरण में मानया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में स्वंतत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे। स्वंतत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा। कलेक्टर श्री वसंत ने आज स्वंतत्रता दिवस समारोह आयोजन के संबंध में विभागीय अधिकारी को समारोह की तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देष दिये। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि स्वंतत्रता दिवस समारोह को कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढ़ग से आयोजित किया जाएगा। उन्होने कहा कि समारोह स्थल, मंच, बैठक व्यवस्था, में भी कोविड प्रोटोकाल का पालन किया जाएगा। उन्होने सरकार के सामान्य प्रषासन विभाग के निर्देषों का कड़ाई से पालन करते हुए समारोह की तैयारी करने के निर्देष दिये। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को झण्डा सहिता का पालन करते हुए 15 अगस्त की सुबह 07.30 बजे कार्यालयों में ध्वजारोहण करने के निर्देष दिये। मुख्य समारोह स्थल में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और मुख्यमंत्री के आम जनता के नाम प्रेषित संदेष का मुख्य अतिथि द्वारा वाचन होगा। पुलिस बल, नगर सैनानी सहित विभिन्न टुकडियों द्वारा परेड कर सलामी दी जाएगी।

## स्वामित्व योजना की क्रियान्वयन के संबंध में विशेष ग्राम सभा का आयोजन 29 को

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत् व्यक्तियों को भूमि स्वामी का हक प्रदान करने हेतु स्वामित्व योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में 29 जुलाई को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में मेरी पंचायत, मेरा अधिकार - जनसेवाएं हमारे द्वार अभियान, अंतर्गत नागरिक चार्टर को अंतिम रूप देने एवं इस अभियान में तैयार नागरिक घोषणा पत्र को ग्राम सभा द्वारा आनुमोदन किया जाएगा। कलेक्टर वसंत ने इस संबंध में जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देष जारी किये है। जारी निर्देष के तहत रोका छेका (मवेषियों द्वारा खुले चराई पर रोक) की व्यवस्था लागू करने संबंधी निर्णय लेकर रोका छेका प्रथा अनुरूप मवेषियों को बांध कर रखने, पशुओं के नियंत्रण से फसल बचाव का निर्णय ग्राम सभा में पारित किया जाए। ग्राम पंचायत को सिंगल यूज प्लाटिक मुक्त बनाने संबंधित संकल्प ग्राम सभा में पारित किया जाए। ग्राम पंचायत के समस्त नागरिकों को शत-प्रतिशत टीकाकरण हेतु ग्राम सभा के माध्यम से संकल्प पारित किया जाए। कलेक्टर श्री वसंत ने बताया कि स्वामित्व योजना प्रारंभ होने से ग्रामीणों को ग्रामीण संपत्तियों का अधिकार अभिलेख निर्माण होगा। प्रत्येक संपत्ति धारक को उनके संपत्ति का स्वामित्व प्रमाण पत्र मिलेगा। संपत्तियों पर बैंक से ऋण लेखा आसान होगा। संपत्तियों के पारिवारिक विभाजन, संपत्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया सुगम होगा और पारिवारिक संपत्ति के विवाद में कमी आयेगी।

## भूपेश सरकार किसानों को ठगने और धोखा देने के अलावा कुछ नहीं किया : कृष्णबिहारी

पायनियर संवाददाता < बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेशभर में खाद, बिजली, पानी व किसानों की विभिन्न समस्या को लेकर जिला भाजपा व किसान मोर्चा द्वारा विधानसभा स्तरीय भरतपुर-सोनहत में जयस्तंभ चौक जनकपुर, मनेन्द्रगढ़ में जनपद पंचायत खड़गवां ग्राउण्ड एवं बैकुण्ठपुर में नगर पालिका काम्पलेक्स के सामने प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफधरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े, जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, लक्ष्मण राजवाड़े, जिला महामंत्री जमुना पाण्डेय, जिला मंत्री पंकज गुप्ता, जिला संवाद प्रमुख बसंत राय, जिला कार्यालय मंत्री तीरथ राजवाड़े, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनोद साहू मंडल अध्यक्ष भानूपाल, महामंत्री सुभाष साहू, अरशद खान उपस्थित रहें। पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि, प्रदेशभर के किसानों को खाद की कमी के संकट से जूझना पड़ रहा है। एक ओर सोसाइटियो मे खाद नहीं मिल रही है वही दूसरी ओर खुले बाजार मे खाद ऊंचे दाम पर लेने को किसान विवश है, उन्होने कहा कि, खाद की किल्लत को लेकर केन्द्र सरकार पर आरोप लगाकर भूपेश सरकार किसानों को गुमराह कर रही है झूठ बोलकर अपनी गलती केन्द्र पर मढ़ना चाहती है। जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार लगातार किसानो की आय दोगनी करने के उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है किसानों के हित में कई बड़े व ऐतिहासिक निर्णय केन्द्र की सरकार ने लिए है वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश सरकार जो अपने आपको किसान हितैषी बनती है लेकिन पिछले ढ़ाई साल गुजर जाने के बाद भी इस सरकार ने किसानों को ठगने और धोखा देने के अलावा कुछ नही किया है। जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने कहा कि, प्रदेश के किसानों के हक के पैसों को कांग्रेस सरकार द्वारा टुकड़ो में दिया जा रहा है और भूपेश बघेल की सरकार किसान न्याय योजना वास्तव में किसानों के साथ अन्याय है कांग्रेस अपने चुनावी घोषणा पत्र में किसानों के फसल ऋण को माफकरने और आर्थिक सहायता पहुंचाने का वादा किया था लेकिन ढाई साल का समय बीत जाने के बाद भी कांग्रेस आज तक वादे को पूरा करने में विफल रही है। जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े ने कहा कि, कांग्रेस की भूपेश सरकार के ढाई साल में विफलता के सारे कीर्तिमान अर्जित कर ली है किसान आत्महत्या कर रहे है।

## जिले में अब तक 2 लाख 31 हजार 99 लोगों ने लगवाया कोविड-19 का टीका

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए कलेक्टर अजीत वसंत के मार्ग निर्देशन में टीकाकरण अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बड़ी संख्या में 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिलाएं, पुरूष, युवा, बुजुर्ग स्वप्रेरणा से कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए चिन्हाकित टीकाकरण केंद्र में पहुँचकर निःशुल्क टीका लगवा रहे है। इसी कड़ी में जिले में अब तक 2 लाख 31 हजार 99 लोगों ने कोविड-19 का टीका लगवाया। इनमें से 1 लाख 93 हजार 699 लोगों ने कोविड प्रथम डोज का टीका और 37 हजार 400 लोगों ने द्वितीय डोज का टीका लगवा कर टीकाकरण के प्रति भरोसा जताया।

## स्कूल में विद्यार्थी एवं शिक्षक मास्क का उपयोग व सोशल डिस्टेंसिंग का करेंगे पालन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग की ऑफलाईन कक्षाए प्रारंभ करने के संबंध में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश अनुसार ऑफलाईन कक्षाए प्रारंभ करने की अनुमति शर्तों के आधार पर दी गई है। कलेक्टर ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को आगामी 2 अगस्त से जिले के स्कूलों में ऑफलाईन कक्षाए प्रारंभ किए जाने के संबंध आवश्यक दिशानिर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ऑफलाईन कक्षाएं प्रारंभ करने की शर्तो के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले के सभी निजी एवं शासकीय विद्यालयों में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की कक्षाएं सोमवार 2 अगस्त 2021 से प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि सभी निजी एवं शासकीय विद्यालयों में कक्षा पहली से कक्षा पॉचवी और कक्षा आठवीं की कक्षाएं प्रारंभ करने के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबंधित ग्राम पंचायत और स्कूल की पालक समिति की अनुशंसा प्राप्त की जाए। शहरी क्षेत्रों के लिए संबंधित वार्ड पार्षद एवं स्कूल की पालक समिति की अनुशंसा प्राप्त की जाए। उनकी अनुशंसा प्राप्त होने पर यह कक्षाए 2 अगस्त 2021 से प्रारंभ की जाए।

**स्कूल में विद्यार्थी एवं शिक्षक मास्क का उपयोग व सोशल डिस्टेंसिंग का करेंगे पालन : कलेक्टर-** कलेक्टर महोबे ने कहा कि विद्यार्थियों को ऑफलाईन कक्षाओं में एक दिवस के अंतर पर बुलाया जाए, अर्थात प्रतिदिन केवल आधी संख्या में ही विद्यार्थी बुलाऐ जाएं। किसी भी विद्यार्थी को यदि सर्दी, खांसी, बुखार आदि होगा तो उसे कक्षा में नहीं बैठाया जाए।

## शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए आमंत्रण मिला

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com



26 को अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) मनेन्द्रगढ़ द्वारा एसोसिएशन शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए आमंत्रण मिला। परस्पर चर्चा के उपरांत दोनों पक्षों में आपसी सहमति बनी। विगत समय में शिक्षक समुदाय व अधिकारी के बीच जो खाई निर्मित हुई थी, उसे एक सौहार्दपूर्ण वातावरण द्वारा समाप्त किया गया।कर्मचारी व अधिकारी शासन के दो पहिए हैं हम आपस में सामंजस्य बनाकर आगे कार्य करेंगे तथा एक दूसरे का उत्साहवर्धन भी करेंगे, इस पर सहमति बनी साथ ही भविष्य में हम सभी का ऐसा प्रयास रहेगा कि सामंजस्य बना रहे। इस वार्ता में अपने प्रतिनिधिमंडल साथियों के साथ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोरिया के जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं फेडरेशन की ओर से आर .डी. दीवान उपस्थित रहे।


**छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, वृत्त दुर्ग**

**निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्र. 99**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल वृत्त-दुर्ग अंतर्गत निम्न कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है - अटल विहार योजनांतर्गत पण्डरीपानी, जगदलपुर में 02 HIG Type-II, 03 HIG Type-IV, 07 Sr. MIG Type-I/II, 01 Sr. MIG Type-III, 24 2 BHK LIG (G+6) Flat (01 Block), 12 EWS (G+2) Flat (01 Block) कुल 49 भवनों/ फ्लैट के निर्माण कार्य हेतु राशि रु. 634.08 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। नियम, शर्तें एवं विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, विभाग-जगदलपुर के मो.नं. 94242-09020, पर संपर्क करें।

संवाद-29398/3 उपायुक्त



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03**

सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phone No.9685585693, Email ID-emzoneii@yahoo.com,
GST No. 22AAECA9783D2ZP

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली, रायपुर में स्थित एल.आई.जी. **भवन क्रमांक-176, श्रीमती राधा पाटिल पति स्व. श्री बी.एस. पाटिल** को ऑफर/स्वविित्तिय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 02.06.2010 को अपने नाम पर लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत वर्तमान में **श्रीमती अंकिता शर्मा पति श्री मनीष कुमार शर्मा** निवासी-हाउस नं.-80, वार्ड नं.-03, पिस्दा पारा डौंडी, थाना व तहसील दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03 सड्डू, रायपुर



**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**

मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 65/2021-2022**
**वार्ड का नाम - स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र.-39**

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39** वार्ड स्थित भवन / भूमि **39/RPR 715 B-00152** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमति आनंद शंकर दवे पिता जयशंकर दवे** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती दीपक दवे पिता स्व. आनंद शंकर दवे** ने रजिस्ट्री/लिखित द्वारा वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर**

नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 59/2021-2022**
**वार्ड का नाम - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 60 स्थित भवन / भूमि क्र. **60/F/139A फेस 2 मठपुरैना** जो कि निगम अभिलेख में **मेसर्स श्री लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन द्वारा भागीदार (1) श्री राजकुमार धनगर पिता श्री तोरण धनगर एवं अन्य** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती कविता पात्र पति श्री भास्कर पात्र** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर**

नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90
फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 60/2021-2022**
**वार्ड का नाम - डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 स्थित भवन / भूमि क्र. **61/63/Q/692/ रावतपुरा नगर मठपुरैना** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती सुलेखा बाई साहू पति श्री धनीराम साहू** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती मंदाकिनी सोनी पति श्री मनोहर लाल सोनी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8, मोहबा बाजार, रायपुर

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्र. 96/2021-2022**
**वार्ड का नाम- वीर सावरकर नगर वार्ड क्र. 1**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर वार्ड क्र. 1 वार्ड स्थित भवन / भूमि **EWS-412** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती प्रकाश तिवारी पिता तिलकधारी तिवारी** के नाम से दर्ज है जिसको **श्रीमती रेणु तिवारी पति लक्ष्मीकांत तिवारी** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8, मोहबा बाजार, रायपुर

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्र. 97/2021-2022**
**वार्ड का नाम- शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 21**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 21 वार्ड स्थित भवन / भूमि **भूखण्ड क्र. 18** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती फारच्युन बिल्ड. भागीदार राजीव अग्रवाल S/o बिमल कुमार** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती प्रदीप गुप्ता S/o भोला प्रसाद** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
जोन आयुक्त
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 123/2021-2022**
**वार्ड का नाम - बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र. 53**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र. 53 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **53/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती स्वपन राय S/o स्व. जतिन्द्र चंद्र राय** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती प्रमोद कुमार सेठिया S/o स्व. करनी दान सेठिया** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 102/2021-2022**
**वार्ड का नाम - बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र. 53**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र. 53 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **53/शांती रेसीडेन्सी प्रथम तल Flat No. 1006** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती कल्पेश सतीश कुमार मलिक S/o श्री सतीश कुमार मलिक** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती योगिता रंजन W/o मनिष कुमार रंजन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर (छ.ग.)**

जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
ई-मेल - rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्रमांक 124/2021-2022**
**वार्ड का नाम - बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र. 53**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र. 53 वार्ड में स्थित भवन / भूमि **J/662 A** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती रेनू आडवानी W/o इन्द्र कुमार आडवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती घनश्याम सिन्हा S/o श्री इंदल राम सिन्हा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/ बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। **सूचना जाने।**

मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. -10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

वार्ड का नाम - पं. रविशंकर शुक्ला
वार्ड क्र. 13, वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **26.08.2021** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 2039/27.07.2021, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** -262/13, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - नरेश कुमार S/o स्व. छन्नू साहू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम-** ममता पाल W/o मनहरण पाल.

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव

## पूरे दिन हुई रिमझिम बरसात




राजनांदगांव। सावन माह के दो दिन बीतने के बाद मंगलवार को पूरा दिन रिमझिम बारिश होती रही। सावन की इस बारिश का लोग लुत्फ उठाते भी दिखे तो बारिश से बचने की जुगत भी करते रहे। बीते कुछ दिनों में बारिश काफी कम हुई। सावन माह से आस पहले से ही बंधी हुई थी। मंगलवार को हुई बारिश से किसानों को भी राहत मिलेगी। बहरहाल, पूरे दिन हुई रिमझिम बारिश से शहर तरबतर हो गया।

### 26 ग्रामों के 11 हजार 600 उपभोक्ताओं को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत राजनांदगांव जिले के ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिष्चित करने के उद्देष्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस परिपेक्ष्य में सोमनी 33/11 केवी उपकेन्द्र में विद्यमान 3.15 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर का क्षमता में वृद्धि करते हुए 5 एमवीए का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊजीर्कृत किया गया। इस प्रकार सोमनी उपकेन्द्र की क्षमता 8.15 एमवीए से बढ़कर 10 एवीए हो गया है।

# 28 सौ मीट्रिक टन डीएपी की खेप आई, सोसाइटियों में तालाबंदी के बीच किसानों को कैसे मिलेगी!

## कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी देते हुए कहा कि 2800 मीट्रिक टन डीएपी खाद आ गई है। समितियों के माध्यम से इसका वितरण किया जाए। दूसरी ओर सहकारी समितियों के सभी प्रबंधक-कर्मचारी बेमियादी हड़ताल में हैं। इसके चलते सोसाइटियां बंद हैं। इसके चलते हालात बिगड़ रहे हैं और किसानों की परेशानी बढ़ रही है। पहले ही किसानों को समय पर खाद नहीं मिल सकी है। उस पर इस हड़ताल का असर भी पड़ रहा है।

कलेक्टर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी मुख्यालय में निवास करें और अधिकारियों के अधीनस्थ कर्मचारी भी मुख्यालय में निवास करेंगे यह सुनिश्चित करें। इसका आकस्मिक निरीक्षण कर जांच की जाएगी। मुख्यालय में नहीं रहने वाले संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर सिविल सेवा आचरण के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा स्कूल प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए है। स्कूलों में साफ-सफाई, सेनेटाईजेशन किया जाए। जिले में कोरोना पॉजिटिव दर 1 प्रतिशत से कम है। शासन के निदेर्शानुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के स्कूल खुलेंगे। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ग्राम पंचायत तथा स्कूल की पालक समिति एवं शहरी क्षेत्रों के पार्षद एवं स्कूल की पालन समिति की अनुशंसा प्राप्त की जाए। स्कूल खुलने पर बच्चों तथा शिक्षकों को पूरी सावधानी रखने की जरूरत है। प्रतिदिन आधे बच्चे ही स्कूल में उपस्थित रहें।

कलेक्टर सिन्हा ने वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके निर्माण और विक्रय में तेजी लाएं। निजी खाद दुकानों के माध्यम से विक्रय करें। उन्होंने कहा कि मछलीपालन को कृषि का दर्जा दिया गया है। हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत लाभ प्राप्त होगा। इसके लिए जनसामान्य को प्रोत्साहित करें।

### लोगों को मिलेगी सस्ती दवाईयां

कलेक्टर सिन्हा ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना की जानकारी लेते हुए कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। जिन स्थानों पर हाट बाजार क्लीनिक लगाया जा रहा है उन स्थानों का चयन कर समय-सारणी तैयार करें। हाट बाजार क्लीनिक के वाहनों में उपलब्ध दवाईयों की सूची होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना के अंतर्गत नागरिकों को सस्ती जेनेरिक दवाई उपलब्ध कराएं। इसके अंतर्गत सभी नगरीय निकाय में दुकान के माध्यम से दवाई उपलब्ध कराया जाएगा।

# बड़े तस्करों की करतूत नज़रअंदाज छोटे कारोबारियों पर कार्रवाई की गाज

### वनांचल में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई को लेकर उठ रहे सवाल



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

वनांचल में बारिश के दौरान भी नदी-नालों से रेत निकालने का सिलसिला जारी है। क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है। इस बीच मोहला-मानपुर एसडीएम राहुल रजक ने तोलुम में अवैध रेत परिवहन करते दो माजदा पर कार्रवाई की है। दोनों वाहनों को मानपुर थाने में खड़ा किया गया है और कार्रवाई जारी बताई जा रही है। इस कार्रवाई से स्थानीय छोटे कारोबारियों पर दबाव बनता तो दिख रहा है लेकिन हाईवा और बड़े वाहनों से दूर-दराज तक पहुंचाई जाने वाली रेत के कारोबारियों पर नकेल न कसे जाने को लेकर कई सवाल हैं।

मोहला-मानपुर अंचल में सरकार के नुमाईंदों की सरपरस्ती में अवैध खदानों के संचालन और परिवहन की खबरें लगातार सामने आती रहीं हैं। ये सिलसिला बीते दो सालों से जारी है। वनांचल की रेत दीगर जिलों के अलावा महाराष्ट्र तक पहुंचाई जा रही है। खदानें अवैध हैं लेकिन उत्खनन और परिविन पर किसी तरह की कोई रोकटोक नहीं है। जब कार्रवाई की बात आती है तो कुछ स्थानीय छोटे कारोबारी निशाने पर आते हैं लेकिन बड़े स्तर पर परिवहन करने वालों को नज़र अंदाज कर दिया जाता है।

### कार्रवाई एक और सवाल कई

मंगलवार की देर शाम तक अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई के संबंध में एसडीएम राहुल रजक से बातचीत करने की कोशिश की गई लेकिन वे खुद को लगातार व्यस्त बताते रहे। नतीजतन देर शाम तक यह खबर नहीं मिल सकी कि अवैध परिवहन करते वाहनों और वाहन मालिकों पर क्या कार्रवाई की गई है। दरअसल, मामला सिर्फ अवैध परिवहन का ही नहीं है। अवैध उत्खनन पर कार्रवाई क्यूं नहीं की जा रही ये भी एक सवाल है। दूसरा मसला हाईवा और ट्रकों से ही रही रेत की तस्करी को लेकर भी है। इस पूरे मामले में विपक्ष की भूमिका भी समझ से परे है। वनांचल में धड़ल्ले से हो रहे रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर स्थानीय विपक्ष के जनप्रतिनिधि और नेता चुप्पी साधे हुए हैं।

# 2 लाख के सीमेंट सहित चोरी हुआ ट्रक जंगल से बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



दो लाख की कीमत के सीमेंट से लदी ट्रक को चोर तुमड़ीबोड़ क्षेत्र जंगल में छोड़कर फरार हैं। मामला शहर के गंज चौक का है जहां से यह ट्रक सोमवार को चोरी की गई थी। ट्रक में 35 टन सीमेंट की बोरियां लदी हुई थी। मोहम्मद साहिल नामक व्यक्ति ने इस मामले की शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज करवाई थी। पुलिस ने तत्परतापूर्वक कार्रवाई करते हुए ट्रक को एक जंगल से बरामद किया है। मिली जानकारी के मुताबिक मोहम्मद शाहिल नामक व्यक्ति की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने ट्रक चोरी के मामले में प्रकरण दर्ज करते हुए खोजबीन शुरू की। 14 चक्का की 25 लाख की कीमती ट्रक के चोरी होने के मामले को कोतवाली पुलिस ने गंभीरता से लिया। बताया जा रहा है कि 35 टन सीमेंट लदे ट्रक के गायब होने से पुलिस भी हैरान हो गई। पुलिस ने अपने संपर्कों के जरिये ट्रक की खोजबीन शुरू की। तुमड़ीबोड क्षेत्र के जारवाही के जंगल में ट्रक लावारिश हालत में मिली। अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं मामले की अब भी जांच की जा रही है।

## शिवनाथ नदी में मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त



**राजनांदगांव।** शिवनाथ नदी में मंगलवार सुबह एक युवक का शव नदी में तैरते पुलिस ने बरामद किया है। बताया गया है कि शव की शिनाख्ती नहीं हुई है। अज्ञात युवक के संबंध में पुलिस के पास फिलहाल ठोस जानकारी नहीं है। बताया जा रहा है कि आज सुबह शिवनाथ नदी के तट मेला स्थल से सटे नदी किनारे में शव को तैरते हुए देखा गया। पुलिस सूचना के बाद मौके पर पहुंची। बसंतपुर थाना प्रभारी लोमेश सोनवानी ने बताया कि शव को बरामद किया गया है। पहचान नहीं होने के कारण शव को सुरक्षित रखा गया है। मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि 30 से 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव नदी में देखा गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह सामने आएगी। वहीं अज्ञात युवक के संबंध में सीमावर्ती जिलों और आसपास के गांवों में पतासाजी की जा रही है।

# कारगिल विजय दिवस पर जवानों को श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



देश के स्वर्णिम दिवस में से एक कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई के अवसर पर देश के जवानों के अदम्य साहस व शौर्य को नमन कर शहीद जवानों की पुण्यस्मृति की गई। उल्लेखनीय है कि 26 जुलाई 1999 में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को परास्त कर कारगिल फतह की थी। नगर के झंडा चौक में प्रबुद्धजनों ने वीर जवानों के शौर्य को नमन करते हुए शहीद जवानों की शहादत को मोमबत्ती प्रज्जलवित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कारगिल दिवस पर स्थानीय पुराने बस स्टैंड परिसर में आहुत श्रद्धांजलि सभा में घनश्याम कामडे, टीआई केपी मरकाम, एसडीओपी बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ विरेन्द्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, हीरा लाल ढोमने, नारायण साहू, भोज साहू पर्यावरण, रोहित गुप्ता, गिरिजा शंकर उईके, नवनीत अहीर सहित पत्रकारगण व नगर के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# बौद्ध धर्म गुरु का सम्मान



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने बौद्ध धर्म गुरु धम्मपाल भंते जी का श्रीफल व फूल से सम्मान किया। इस दौरान उत्तर मंडल के अध्यक्ष अतुल रायजादा, महामंत्री हर्ष रामटेके, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद पारस वर्मा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, हितेंद्र रंगारी, महेन्द नागदेवे प्रज्ञा बुद्ध विहार अध्यक्ष, जयश्री खोबरागड़े महिला अध्यक्ष, राहुल श्यामकुंवर, श्रेष्ठ मेश्राम, बंटी रामटेके, राहुल खोब्रागढ़े, विजय रंगारी, किशोर वैद्दे, पुष्पा गणवीर समस्त सामाजिक प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# विधायक बृहस्पत सिंह को निष्कासित किया जाए : संजय बहादुर

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव पर विधायक बृहस्पत सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों से सिंहदेव समर्थक कांग्रेसी खासे नाराज़ हैं। कांग्रेस नेता संजय बहादुर सिंह ने इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि टीएस सिंहदेव जिस परिवार से ताल्लुक रखते हैं वो अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से अपनी साफ छवि, सहृदयता और सुदृढ़ चरित्र के लिए जाना जाता है। उनपर विधायक बृहस्पत ने जिस तरह के आरोप लगाए हैं उसके बाद तो उन्हें कांग्रेस से निष्कासित कर दिया जाना चाहिए। संजय बहादुर ने कहा कि कांग्रेस एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि सर्वधर्म, समभाव वाला एक परिवार है। यहां मतभेद हो सकते हैं लेकिन मनभेद नहीं। कांग्रेस की इस विचारधारा के विपरित विधायक बृहस्पत सिंह ने जो बयान दिए हैं वे बिल्कुल भी बर्दास्त करने लायक नहीं हैं। उन्होंने अपनी छोटी मानसिकता का परिचय दिया है। एक अलग ही घटनाक्रम में आपस में भिड़े दो पक्षों के बीच के बीच बेवजह स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को घसीटा जा रहा है। उन पर जो आरोप लग रहे हैं वे बेहद निजी हैं और उनकी छवि खराब करने का षड़यंत्र साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि, ऐसे मसलों पर पार्टी को तत्काल निर्णय लेते हुए विधायक बृहस्पत सिंह पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने एक वरिष्ठ और कांग्रेस के समर्पित नेता के लिए जिन शब्दों का इस्तेमाल किया है वो पीड़ादायक हैं। मंत्री टीएस सिंहदेव के समर्थकों में इसे लेकर आक्रोश है। संजय बहादुर ने कहा कि, मौजूदा सरकार के सबसे सशक्त मंत्री टीएस सिंहदेव के खिलाफ षड़यंत्र रचा जा रहा है और दुखःद यह है कि पार्टी के ही कुछ लोग इसमें शामिल हैं।

# अवैध होर्डिंग्स-बोर्ड पर कार्रवाई, 50 जगहों से हटाए गए

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन की दीवार, छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाए गए हैं। इन्हें हटाने नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देश पर निगम की टीम कार्यवाही कर रही है। प्रारंभिक तौर पर ईमाम चौक से जयस्तम्भ चौक तक विद्युत पोलो व जयस्तम्भ चौक के चारो ओर लगे 50 पोस्टर व छोट विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटा दिया है।

निगम आयुक्त डॉ. चतुवेदी ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये गए थे। किन्तु लोगों के द्वारा अवैध होर्डिंग्स व बोर्ड नही हटाया गया। जिसे आज निगम की टीम ने कार्यवाही करते हुये ईमाम चौक से जयस्तम्भ चौक तक लगे लगभग 50 अवैध बोर्ड हटाया।

### हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव की स्टेडियम में नियुक्ति



**राजनांदगांव।** शहर मे स्थित अतंर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में सबजूनियर जूनियर, व सिनियर वर्ग के लगभग 100 हॉकी खिलाडी सुबह शाम प्रशिक्षण के लिए आते हैं किन्तु कोच के आभाव में उन्हे उचित प्रशिक्षण से वंचित होना पड़ रहा था। नगर के हॉकी प्रेमी एवं हॉकी संघ द्वारा कोच कि मांग विगत कई वर्षो से कि जा रही थी। इस परिपेक्ष में राजनांदगांव के कलेक्टर ने शासकीय उ.मा.विधालय सिंघोला राजनांदगांव में पदस्थ पीटीआई अनुराज श्रीवास्तव (एनआईएस हॉकी कोच) को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में नियमित कोच के रूप में नियुक्त किया है। श्रीवास्तव कि नियुक्ति से नियमित अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में नियमित कोच के रूप में एनआईएस हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव को नियुक्त करने पर जिला हॉकी संघ ने जिलाधिश का आभार व्यक्त किया है।

## Olympic Games Tokyo 2020

# हॉकी और बैडमिंटन में भारत की जीत लवलीना पहुंची क्वार्टर फाइनल में

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय टीम ने पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया के मिला हार से उबरते हुए शानदार खेल दिखाकर स्पेन के खिलाफ जीत हासिल की। पहले मैच में न्यूजीलैंड को हराकर आगाज करने वाली टीम इंडिया की यह टोक्यो में दूसरी जीत है।

रुपिंदर पाल ने मैच में दूसरा गोल किया और भारत की बढ़त अब 3-0 हो चुकी है। तीसरे क्वार्टर का खेल अब आखिरी 10 मिनटों में है। तीसरे क्वार्टर में भी मुकाबला गोल रहित रहा अब आखिरी क्वार्टर में स्पेन की टीम भारत के खिलाफ अपना सबकुछ झोंक देना चाहेगी। दूसरे क्वार्टर का खेल बना किसी गोल के खत्म हुआ। भारत के पास अब भी मैच में 2-0 की बढ़त हासिल है। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम बढ़त को बनाए रखना चाहेगी।



### बैडमिंटन डबल्स में जीत

भारतीय बैडमिंटन में जीत के साथ अच्छी खबर आई। भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की डबल्स जोड़ी ने शानदार खेल दिखाते हुए ब्रिटेन की लेन और वेंडी की जोड़ी के खिलाफ जीत हासिल की। 21-17 और 21-19 से सात्विक और चिराग की जोड़ी ने यह मैच अपने नाम कर अगले दौर में जगह बनाई।

### लवलीना क्वार्टर फाइनल में

भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना ने पहले बाउट में जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की। राउंड ऑफ 16 के मुकाबले जर्मनी की मुक्केबाज नादीना के खिलाफ जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इस मुकाबले में अनुभवी लवलीना ने 3-2 से जीत कर अंतिम 8 में जगर पक्की की।

### टेबल टेनिस में शरत की चुनौती

टेबल टेनिस में भारत के पदक की उम्मीद जगाने वाले शरत कमल को चीनी खिलाड़ी से हारकर बाहर होना पड़ा। पहले सेट में चीन के मा लॉन से 11-17 से हारे भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल। मनु भाकर और सौरव चौधरी मिक्स टीम इवेंट में भारत की तरफ से मेडल की उम्मीद लेकर उतरे। दोनों खिलाड़ियों अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की लेकिन 7वें स्थान पर रहे।

## टेनिस में बड़ा उलटफेर, दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी नाओमी ओसाका बाहर



टोक्यो ओलिंपिक में टेनिस में बड़ा उलटफेर हुआ है। दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी नाओमी ओसाका मंगलवार को महिला एकल स्पर्धा से बाहर हो गईं। चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा ने ओसाका को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराया। पहले सेट में ऐसा लग रहा था कि ओसाका सिर्फ एक गेम जीतने में सफल रही और अंत में वोंद्रोसोवा ने इसे 6-1 से जीत लिया। चेक की खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखा और जापानी खिलाड़ी और पदक की दावेदार ओसाका को वापसी नहीं करने दिया। अंत में ओसाका सीधे सेटों में मैच हार गई।

मई में फ्रेंच ओपन से हटने के बाद टोक्यो ओलिंपिक 2020 ओसाका का पहला टूर्नामेंट था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि वह लगभग तीन वर्षों से अवसाद से पीड़ित हैं।

## हॉकी टीम इंडिया के ढाल बने कुरुक्षेत्र के सुरेंद्र, 11वें मिनट में स्पेन की टीम के अरमानों में फेरा पानी



टोक्यो ओलिंपिक में पुरुष हाकी के तीसरे मैच में विरोधी टीम के सामने ढाल बनकर खड़े कुरुक्षेत्र के लाल सुरेंद्र कुमार पालड़ ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के 11 वें मिनट में विरोधी टीम स्पेन को मिले पेनाल्टी की गेंद को सुरेंद्र ने रोककर क्लीयर किया। तीसरे मैच में भारतीय टीम ने स्पेन को तीन-शून्य से हराकर जीत दर्ज करवाई है। इस जीत के बाद भारतीय टीम पुल ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम की जीत से खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। कुरुक्षेत्र जिला में शाहाबाद मारकंडा की महिला हाकी टीम का शुरू से ही बोलबाला रहा है। इस बार भी ओलिंपिक में शाहाबाद की तीन महिला हाकी खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं और पुरुष टीम में कुरुक्षेत्र के सुरेंद्र कुमार पालड़ शामिल हैं।

## बॉलिंग कोच के साथ फोटो शेयर कर आर अश्विन ने मांगा कैप्शन, कोहली ने लिए मजे

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय टेस्ट टीम इन दिनों विराट कोहली की अगुवाई में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी में जुटी है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4 अगस्त से शुरू होगी और पहला टेस्ट मैच नॉटिंघम में खेला जाना है। प्रैक्टिस सेशन के दौरान स्टार स्पिनर आर अश्विन ने बॉलिंग कोच भरत अरुण के साथ फोटो शेयर की और कहा कि इसका कैप्शन बताएं। इस फोटो पर विराट कोहली ने ऐसा कमेंट किया, जो वायरल हो रहा है।

अश्विन ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'मेरे लिए इस फोटो का कैप्शन दें प्लीज।' इस पर विराट ने कमेंट में लिखा, 'प्लीज मुझे गेंदबाजी करने दें पाजी।' भारतीय टेस्ट टीम लंबे समय से इंग्लैंड में है। 23 जून को आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच खत्म हुआ था, जिसके बाद टीम इंडिया इंग्लैंड में ही एक छोटे से ब्रेक पर थी। 15-16 जुलाई को सभी खिलाड़ी डरहम में इकट्ठा हुए। बॉलिंग कोच भरत अरुण कुछ दिन सेल्फ आइसोलेशन में रहने के बाद टीम इंडिया से जुड़े हैं। इंग्लैंड के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज की बात करें तो भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, वॉशिंगटन सुंदर और आवेश खान चोट के चलते सीरीज से आउट हो चुके हैं। बैक-अप के तौर पर अभिमन्यु ईश्वरन को मेन टीम में शामिल कर लिया गया है, जबकि पृथ्वी शॉ और सूर्यकुमार यादव को रिप्लेसमेंट के तौर पर इंग्लैंड भेजा जाएगा।




## बंगाल अंडर 23 क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को नए कोच का फरमान, लंबे बाल न रखें व सोशल मीडिया से दूर रहें

पायनियर संवाददाता < कोलकाता
www.dailypioneer.com

बंगाल क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और खेल मंत्री लक्ष्मी रतन शुक्ला ने एक फिटनेस शिविर के साथ अंडर - 23 कोच के तौर में एक नई पारी शुरू की। उन्होंने अपने खिलाड़ियों के लिए कुछ सख्त नियम बनाए हैं। इसमें 'सोशल मीडिया से दूर रहना और लंबे बाल नहीं रखना' शामिल है। बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट के दिग्गज, शुक्ला 2016 में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हुए थे और इस साल जनवरी तक राज्य, युवा मामलों और खेल मंत्री थे।

शुक्ला को बाद में टीएमसी का हावड़ा जिला अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन पिछले विधानसभा चुनावों से ठीक पहले उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया और



क्रिकेट पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए राजनीति छोड़ दी। अब वे बंगाल अंडर -23 कोच बनाए गए हैं। कोच की जिम्मेदारी संभालने के बाद 40 वर्षीय शुक्ला ने कहा, ' मैंने लड़कों से कहा है कि सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट न करें। उन्हें शिष्टता और अनुशासन बनाए रखना होगा। लंबे बालों वाले लोगों को तुरंत सैलून जाना होगा। इसके अलावा उन्हें टीम बॉन्डिंग के लिए बांग्ला सीखनी होगी।'

शुक्ला ने आगे कहा, 'जूनियर से सीनियर टीम तक पहुंचना बहुत महत्वपूर्ण है और इसलिए मैंने जूनियर क्रिकेटरों के साथ काम करने का फैसला किया है। कैब जिला स्तर पर मैच के साथ-साथ क्लब मैचों को लेकर बहुत गंभीर है और एसोसिएशन प्रगति के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। भारत के लिए तीन वनडे खेलने वाले शुक्ला ने कहा कि उनका काम यह सुनिश्चित करना है कि बंगाल के अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाएं। उन्होंने कहा कि अब हमें जिलों की प्रतिभाओं को पहचानना होगा, राज्य के कोने-कोने से युवा प्रतिभाओं के लिए अपनी आंखें खुली रखनी होंगी।

## बिजनेस

# बढ़त के साथ खुला बाजार, सेंसेक्स में 150 अंकों की तेजी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 147.02 अंक मजबूती के साथ 52999.29 के स्तर पर खुला। जबकि, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 52.40 अंकों की तेजी के साथ 15876.90 के स्तर पर खुला।

पिछले कारोबारी दिन सेंसेक्स 123.53 अंकों की गिरावट के साथ 52,852.27 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 31.60 अंकों की गिरावट के साथ 15,824.45 के स्तर पर बंद हुआ था। शुरुआती कारोबार में प्रमुख शेयरों में टाइटन, इंडसइंड बैंक, एल एंड टी, बजाज फाइनेंस, मारुति, एसबीआई, टाटा स्टील, पावर



ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स, बजाज ऑटो, आईटीसी, डॉक्टर रेड्डी, कोटक बैंक, एनटीपीसी, टीसीएस, टेक महिंद्रा एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस के शेयर हरे निशान पर खुले। वहीं सन फार्मा, नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी और एक्सिस बैंक के शेयर लाल निशान पर खुले।

रुपया में कल घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गई और रुपया दो पैसे की हानि के साथ प्रति डॉलर 74.42 (अस्थायी) पर बंद हुआ। निवेशकों को इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से आगे के संकेतों का इंतजार है। रुपया 74.43 प्रति डॉलर पर खुला, कारोबार के दौरान यह 74.40 के उच्च स्तर और 74.52 के निम्न स्तर तक जाने के बाद अंत में प्रति डॉलर दो पैसे की गिरावट के साथ 74.42 पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया 74.40 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कल के कारोबार में वैश्विक जिंस वायदा बाजार में ब्रेंट क्रूड की दर 0.42 फीसद घटकर 73.79 डॉलर प्रति बैरल रह गयी।

## सोने के वायदा भाव में गिरावट, चांदी भी हुई सस्ती



**नई दिल्ली।** सोने एवं चांदी के वायदा भाव में मंगलवार को गिरावट का रुख देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 11:03 बजे अगस्त, 2021 में डिलिवरी वाले सोने का रेट 34 रुपये यानी 0.07 फीसद की गिरावट के साथ 47,427 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेंड कर रहा था। अगस्त कॉन्ट्रैक्ट वाले सोने का रेट 47,461 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। इसी तरह अक्टूबर अनुबंध वाले सोने का भाव 19 रुपये यानी 0.04 फीसद की गिरावट के साथ 47,601 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल रहा था। इससे पिछले सत्र में अक्टूबर में डिलिवरी वाले सोने का भाव 47,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था।

**चांदी की वायदा कीमत :** MCX पर सुबह 11:04 बजे सितंबर, 2021 में डिलिवरी वाली चांदी की कीमत 158 रुपये यानी 0.24 फीसद की टूट के साथ 66,963 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेंड कर रही थी। इससे पिछले सत्र में सितंबर कॉन्ट्रैक्ट वाली चांदी की कीमत 67,121 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। इसी तरह दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट वाली चांदी की कीमत 156 रुपये यानी 0.23 फीसद की गिरावट के साथ 68,057 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेंड कर रही थी। सोमवार को सितंबर अनुबंध वाली चांदी की कीमत 68,213 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी।

## आने वाला है Paytm का 16, 600 करोड़ का आईपीओ

**नयी दिल्ली।** डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम का इरादा अपना 16,600 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अक्टूबर तक लाने का है। सूत्रों ने सोमवार को कहा कि कंपनी अपना आईपीओ जल्द से जल्द लाना चाहती है। यह अक्टूबर तक आ सकता है। कंपनी ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा 15 जुलाई को जमा कराया है।

कंपनी को उम्मीद है कि इसपर नियामक की प्रतिक्रिया सितंबर के मध्य तक मिल जाएगी। कंपनी की योजना उसके बाद जल्द से जल्द सूचीबद्धता की है। मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा, ''ऐसा अनुमान है कि सेबी दस्तावेजों पर दो माह में जवाब देगा। एक बार दस्तावेज मिलने के बाद पेटीएम आईपीओ के लिए आवेदन करेगी। '' सूत्र ने कहा कि यह प्रक्रिया नियामकीय मंजूरियों पर निर्भर है। यदि यह तय समयसीमा के हिसाब से चलती है, तो आईपीओ अक्टूबर तक आएगा। इस बारे में पेटीएम को भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला।

## अगस्त में अलग-अलग जोन में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

क्या आप अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई काम निपटाने के बारे में सोच रहे हैं? तो हम आपको बता दें कि अगले माह यानी अगस्त में अलग-अलग जोन में बैंकों में कुल 15 दिन कामकाज नहीं होगा। ऐसे में आपको अपना काम अगले महीने के लिए टालने की बजाय जल्द-से-जल्द निपटाने के बारे में सोचना चाहिए। आरबीआई की वेबसाइट के मुताबिक अगस्त में बैंकों में अलग-अलग जोन में कुल आठ दिनों का सार्वजनिक अवकाश होगा। इनके अलावा हर रविवार और दूसरे और चौथे शनिवार को बैंकों में कामकाज नहीं होता है। अगस्त में पांच रविवार पड़ रहे हैं। इस तरह अगस्त में कुल 15 दिन बैंकों के कामकाज पर असर देखने को मिलेगा।


## बॉलीवुड

# संवेदनशील विषय पर महिला किरदारों वाली फिल्म को गंभीर माना जाता है : कृति सेनन

पायनियर संवाददाता < मुंबई
www.dailypioneer.com

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन के मुताबिक किसी संवेदनशील विषय पर महिला किरदारों को अहम भूमिका में रखकर बनाई जाने वाली फिल्मों के बारे में आम तौर पर ऐसी धारणा बना ली जाती है कि वे बेहद गंभीर होंगी, लेकिन उनकी आगामी फिल्म 'मिमी' पूरी तरह से इस धारणा को खारिज करती है। कृति की आगामी फिल्म 'मिमी' राजस्थान के एक छोटे शहर में रहने वाली एक ऐसी लड़की की कहानी है जो अभिनेत्री बनना चाहती है, लेकिन रुपयों के बदले एक विदेशी दंपत्ति के लिए सरोगेट मां बन जाती है।

'मिमी' एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। अभिनेत्री ने पीटीआई-को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, ''महिला किरदारों की प्रधानता वाली फिल्मों से आम तौर पर गंभीर होने की अपेक्षा की जाती है। मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों है, मैं यह समझ नहीं पाती। जब हम 'मिमी' बना रहे थे, तो हमें पता चला कि कई लोग हमारी फिल्म को लेकर क्या कह रहे हैं और फिल्म से किस तरह की उम्मीदें की जा रही हैं।'' 'मिमी' 2011 में समृद्धि पोरे द्वारा निर्देशित मराठी फिल्म 'मला आई व्हायचय' पर आधारित है। मिमी का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर ने किया है जबकि इसकी



कहानी रोहन शंकर ने लिखी है। कृति और लक्ष्मण इससे पहले लुका छुप्पी में साथ काम कर चुके हैं। यह 30 जुलाई को जियो सिनेमा और नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

30 वर्षीय कृति ने कहा, ''किसी ने मुझसे कहा कि इस तरह की फिल्म के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म बेहतर रहेगा है। मुझे बाद में महसूस हुआ कि उन्हें लगा कि यह एक महिला प्रधान फिल्म है, इसलिए यह एक कलात्मक फिल्म होगी, फिल्म का विषय सरोगेसी (किराए की कोख) होने के कारण ऐसा माना जा रहा था कि यह एक गंभीर फिल्म होगी।'' कृति ने कहा कि फिल्म के निर्माता दिनेश विजान ने उन्हें जब इसकी कहानी सुनाई, उन्हें उसी समय समझ आ गया था कि इस विषय पर एक बेहतर फिल्म बन सकती है।

कृति ने कहा,''यह फिल्म मुझे ऐसे समय में मिली जब मैं एक भावपूर्ण किरदार निभाने के लिए तरस रही थी। मुझे लगा कि मैं फिल्म में अहम किरदार निभाने की यह जिम्मेदारी ले सकती हूं। मैं इस बात को लेकर बेहद खुश हूं कि कैसे इतना संवेदनशील, भावनात्मक विषय एक अत्यंत मनोरंजक कहानी बन गया जिसमें बहुत सारा हास्य है।'' कृति ने कहा कि वह खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें शानदार विषयों पर बनने वाली फिल्मों में काम करने का मौका मिल रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि एक कलाकार के तौर पर वह हमेशा से ही नये-नये विषयों पर काम करना चाहती थीं। दिल्ली में जन्मीं कृति ने अपने हिंदी फिल्मी करियर की शुरुआत 2014 में आई फिल्म 'हीरोपंती' से की थी और तब से लेकर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। कृति ने कहा, ''मेरी कोई फिल्मी पृष्ठभूमि नहीं रही है। मेरे पास किसी फिल्म स्कूल अथवा थिएटर प्रशिक्षण का अनुभव नहीं था। जब मैंने फिल्मी दुनिया में प्रवेश किया तो मैं यहां पूरी तरह से नयी थी। फिल्म के सेट पर कार्यशालाओं के जरिए मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैं हमेशा ही कुछ नया सीखने और करने की कोशिश करती हूं। आपको अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए थोड़ा जोखिम तो उठाना ही पड़ता है।''

## अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली की टूटी उंगली

बॉलीवुड के बहुत से सितारे अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। वह जितने चर्चा में होते हैं कभी-कभी उनसे ज्यादा उनके बच्चें सुर्खियों में होते हैं। इन स्टारकिड्स की दोस्ती भी खूब चर्चा में होती है। इन दिनों बॉलीवुड के तीन स्टार किट्स सुर्खियों में हैं। यह स्टारकिड्स अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा, शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और चंकी पांडे की बेटी अभिनेत्री अनन्या पांडे हैं। अनन्या पांडे ने नव्या नवेली नंदा के लिए अपनी चिंता जाहिर की है। जिस पर सुहाना खान ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल अनन्या पांडे ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक वर्कआउट वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में वह जमकर वर्कआउट करती हुई दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में अनन्या पांडे के अलावा उनके कई फैंस और तमाम सोशल मीडिया यूजर्स कमेंट कर रहे हैं।



## धाकड़' के लिए कंगना रनोट ने किया जबरदस्त ट्रांस्फॉर्मेशन

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट अक्सर चर्चा में रहते हैं। अपनी फिल्मों से जुड़े तमाम अपडेट्स भी कंगना इंस्टाग्राम के जरिए ही फैंस देती हैं। फिलहाल एक्ट्रेस विदेश में अपनी अपकमिंग फिल्म 'धाकड़' की शूटिंग कर रही हैं और इस दौरान भी एक्ट्रेस लगातार इंस्टाग्राम पर सेट से कुछ अनसीन फोटोज़ और वीडियो शेयर कर रही हैं जो काफी वायरल भी हो रहे हैं। लेकिन हाल ही में कंगना ने एक पोस्ट शेयर किया है जिसे देखकर आप हैरान रह जाएंगे। इस लेटेस्ट पोस्ट में कंगना के दो रूप नज़र आ रहे हैं जो एक दूसरे से बिल्कुल जुदा हैं।

दरअसल, कंगना ने दो अलग फिल्मों के लुक का एक कोलाज शेयर किया है। इस कोलाज में एक साइड में कंगना 'थलाइवी' वाले अंदाज़ में दिख रही हैं उन्होंने लाइट ब्राउन कलर का डांसिंग



आउटफिट कैरी किया हुआ और दूसरी तरफ कंगना ने ब्लैक कलर की टीशर्ट और शॉर्ट्स पहने हुए हैं जिसके साथ उन्होंने ब्लैक कलर के बूट कैरी किए हुए हैं। फोटो में साफ दिख रहा है कि एक लुक में कंगना का वज़न काफी बढ़ा हुआ नज़र आ रहा है और दूसरे लुक में कंगना काफी फिट और फाइटर रूप में दिख रही हैं।कंगना ने इस फोटो को शेयर करते हुए लिखा है, 'थलाइवी से धाकड़ी की यात्रा'।




मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना
छत्तीसगढ़


# मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना

- 266 करोड़ रूपए की लागत से
- 2262 कार्य स्वीकृत
- 225 से अधिक कार्य पूर्ण

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ संवाद-29220/1

सरकारी भवन, स्कूल,
कॉलेज, अस्पताल, आंगनवाड़ी,
राशन दुकान, सार्वजनिक स्थल



## सब जुड़ेंगे बारहमासी पक्की सड़कों से

सेवा-जतन-सरोकार छत्तीसगढ़ सरकार

**श्री भूपेश बघेल**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403